e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 112

मंगलवार
25.04.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

प्रभात मंत्र ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत जरूरी है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 38°

न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत व चार घायल

**गिरिडीह** : गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गिरिडीह-डुमरी रोड पर स्थित बंदरकुप्पी गांव में सोमवार को ट्रक और एक अन्य सवारी गाड़ी में आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में चार अन्य लोग घायल हुए हैं।जिले के बगोदर थाना इलाके के अटका के रहने वाले सभी लोग 407 सवारी गाड़ी से गिरिडीह आ रहे थे। तभी बंदरकुप्पी गांव में विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उनके वाहन को सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में मो सरफुद्दीन (60) की मौके पर मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर मुफ्फसिल थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से पांच घायलों को गिरिडीह सदर अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में इलाज के दौरान मो खलील खान (45) की भी मौत हो गई। घायलों में सरफराज (12) और मनीषा खातून (10) के अलावा अन्य दो का इलाज चल रहा है। मृतक और घायल सभी अलग अलग परिवार से हैं।

### कालियागंज दुष्कर्म मामला: बच्ची के शव को घसीटने वाले चार पुलिस अधिकारी सस्पेंड

**कोलकाता** : उत्तर दिनाजपुर के कलियागंज में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या में नाबालिग के शव को घसीटने वाले चार पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला पुलिस की ओर से सोमवार को इस बात की पुष्टि की गई है कि चारों एएसआई रैंक के अधिकारी हैं। गत शनिवार को इस मामले में बच्ची के शव को घसीटते हुए ले जाने का वीडियो वायरल हुआ था। इसे लेकर महिला आयोग और शिशु अधिकार सुरक्षा आयोग ने पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी थी। अब तीन दिनों बाद इस पर कार्रवाई की गई है।

### राजधानी सहित कई जिलों में हुई बारिश, मिली गर्मी से राहत

**रांची** : राजधानी और आस-पास के क्षेत्रों का मौसम अचानक सुहाना हो गया. रांची में अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई. तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया है. वहीं डीएमडी झारखंड और आईएमडी ने बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार रांची में तेज हवाओं के साथ वज्रपात और बारिश होने की संभावना है. हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होगी. ऐसे में आईएमडी और डीएमडी ने लोगों को सावधान और सुरक्षित रहने की सलाह दी है. मौसम विभाग ने तीन दिनों तक वेदर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है. सोमवार से बुधवार तक राज्य के उत्तर-पश्चिमी दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्ज व वज्रपात के साथ तेज सतही हवा चलने की संभावना है. वहीं राज्यभर में 30 अप्रैल तक बारिश होने का पूर्वानुमान है. 24 और 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पश्चिमी, दक्षिणी (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा ,रामगढ़, सरायकेला खरसावाँ, लातेहार, लोहरदगा) तथा निकटवर्ती मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग ) में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है. 26 से 30 अप्रैल तक राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है. पलामू सहित कई जिलों में बारिश होने से लोगों से लोगों ने राहत की सांस ली है।

### अंतरराष्ट्रीय मिलेट महोत्सव व कान्क्लेव 27 व 28 अप्रैल को

**खूंटी** : अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज (मिलेट) वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में झारखंड मिलेट कॉन्क्लेव 27 व 28 अप्रैल को स्थानीय बिरसा कॉलेज के बिरसा मुंडा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और पीएचडी चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कर रहे हैं। इस मौके पर मिलेट प्रदर्शनी भी लगेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण विभाग की सचिव अनिता प्रवीण करेंगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मुख्य रूप से भारत के प्रस्तावित और 70 से अधिक देशों के समर्थित एक संकल्प को अपनाया है, जिसमें वर्ष 2023 को मोटे अनाज का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है।

सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने शुरू किया एक सप्ताह एक प्रयोगशाला कार्यक्रम

# विकसित देशों के शोध व विकास उन्हें सुपर पावर बनाते हैं: राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला,जमशेदपुर ने यहां होटल रेडिसन ब्लू में समारोह का आवरण करके अपना एक सप्ताह एक प्रयोगशाला कार्यक्रम शुरू किया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने महिला प्रौद्योगिकी पार्क, अपशिष्ट से धन के लिए शहरी अयस्क पुनर्चक्रण केंद्र, लिथियम धातु निष्कर्षण और अन्य रेयर अर्थ निष्कर्षण जैसी प्रयोगशाला की पहल की सराहना की। उनके अनुसार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की समस्याओं को हल करने में अनुसंधान की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अनुसंधान एवं विकास के परिणाम उद्योगों की समस्याओं को हल करते हैं और लोगों को खुश करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से ऊर्जा केंद्रित अनुसंधान पर जोर दिया, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक वाहन भविष्य के लिए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हालांकि झारखंड में पीने योग्य पानी का प्रतिशत 6 प्रतिशत से 36 प्रतिशत तक अनुसंधान एवं विकास और सरकार के प्रयासों के कारण बढ़ाया जा सकता है। भारत का मिशन जल जीवन, लेकिन इसे राज्य के लिए 100 प्रतिशत पीने योग्य पानी की दिशा में बहुत आगे जाना है। उन्होंने झारखंड के जल स्रोतों से आर्सेनिक हटाने और पानी के प्रदूषण को दूर करने के क्षेत्र में प्रयोगशाला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि विकसित देशों के शोध एवं विकास उन्हें सुपर पावर बनाते हैं, क्योंकि विकसित कंपनियों का शोध एवं विकास पर खर्च बहुत अधिक होता है। हो सकता है कि भारत ने शोध एवं विकास के बहुत अधिक बजट से शुरुआत नहीं की हो, लेकिन नए उद्यमों और प्रासंगिक प्रयासों के लिए अपने शोध एवं विकास निवेश को लगातार बढ़ा रही है। उनके अनुसार अनुसंधान एवं विकास मात्रात्मक नहीं हो सकते और इसके परिणाम निश्चित नहीं होते, अनुसंधानकर्ताओं के समर्पित प्रयास ही इसे सफल बना सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुसंधान एवं विकास, जो उद्योग के अनुकूल और लोगों के अनुकूल होगा, निश्चित रूप से देश को अधिक सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### एक सप्ताह एक प्रयोगशाला कार्यक्रम पर स्मारिका का किया गया विमोचन

समारोह में शोध एवं विकास पर केन्द्रित और उपलब्धियों पर एक कैप्सूल वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रयोगशाला के पूरे एक सप्ताह एक प्रयोगशाला कार्यक्रम पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया गया। निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल ने माननीय राज्यपाल को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया और डॉ. संजय कुमार, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-एनएमएल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन समारोह औपचारिक रूप से निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ संपन्न हुआ।



**निदेशक ने प्रयोगशाला की स्थापना के बारे में दी जानकारी:** सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक ने अपने स्वागत भाषण में उद्योगों के लाभ हेतु अयस्क सज्जीकरण और समग्र मिश्र धातु के विकास के उद्देश्य से झारखंड के खनिज समृद्ध राज्य में प्रयोगशाला की स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न युगों में सीएसआईआर-एनएमएल की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उनमें से कुछ आयात प्रतिस्थापन, रणनीतिक महत्व की धातु, मैग्नीशियम मिश्र धातु, समुद्री पिंड, लौह अयस्क के लिए फ्लोशीट, क्रोमाइट सज्जीकरण, समूह, कोयला सज्जीकरण, प्रदूषण के मिटिगटन, ताजमहल को बचाने के लिए कोकलेस कपला, स्लैग उपयोग और प्रौद्योगिकी के लिए शोध और नए उत्पादों के लिए विकास थे।

**इन्होंने दिया व्याख्यान** प्रख्यात वक्ता जैसे डॉ. आर.एन. पात्रा, पूर्व सीएमडी, आईआरईएल लिमिटेड, सदस्य आरईई, टास्क फोर्स कमेटी, नीति आयोग, श्री यमुना सिंह, पूर्व प्रमुख, खनिज विज्ञान, अन्वेषण और अनुसंधान, परमाणु खनिज निदेशालय, हैदराबाद और श्री तुमुलुरी श्रीनिवास, उत्कृष्ट वैज्ञानिक और प्रमुख, खनिज प्रसंस्करण प्रभाग, बीएआरसी वक्ताओं ने उद्योगों के लिए रेयर अर्थ की प्रासंगिकता के बारे में बात करते हुए तकनीकी व्याख्यान दिया।

# सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू



एजेंसी

**नई दिल्ली** : नई दिल्ली – सूडान में छिड़े गृहयुद्ध के बीच सूडान सेना दूसरे देश के नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए तैयार हो गई है। जिसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन कावेरी के जरिए वहां फंसे भारतीयों को बाहर निकालने का जिम्मा उठाया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सूडान में भारतीयों को निकालने की प्रक्रिया पर ट्वीट करते हुए कहा कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है। उन्होंने कहा, हमारे जहाज और विमान उन्हें वापस घर लाने के लिए तैयार हैं। लगभग 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं, जबकि अन्य रास्ते में हैं। हमारे जहाज और विमान उन्हें वापस घर लाने के लिए तैयार हैं। हम सूडान में अपने सभी भाइयों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें लगभग 3,000 भारतीय सूडान में फंसे हुए है। इससे पहले भारत में फ्रांस के दूतावास ने सूचित किया था कि उनके देश ने हिंसा प्रभावित सूडान से अपने निकासी मिशन के हिस्से के रूप में 27 अन्य देशों के नागरिकों के साथ कुछ भारतीयों को निकाला है। नई दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास ने सोमवार को कहा कि भारत समेत 28 देशों के 388 लोगों को निकाला गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई के कारण सूडान हिंसा का सामना कर रहा है। 72 घंटे के संघर्ष विराम के बीच भी हिंसा की खबरें आ रही हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सूडान में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। मंत्रालय, सूडान में भारतीय दूतावास संयुक्त राष्ट्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और अमेरिका के संपर्क में है।विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत सरकार सूडान में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर प्रयास कर रही है। हम सूडान में जटिल और उभरती सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। सूडान से बाहर निकलना चाह रहे भारतीयों की सुरक्षित निकासी के लिए भारत विभिन्न साझेदारों के साथ करीब से बातचीत कर रहा है। सूडानी हवाई क्षेत्र वर्तमान में सभी विदेशी विमानों के लिए बंद है। ओवरलैंड आंदोलन में जोखिम और तार्किक चुनौतियां बनी हुई हैं।

सेना जमीन घोटाला

# आईएएस छवि रंजन से ईडी ने की पूछताछ



**ईडी ने पूछताछ के लिए 6 आरोपियों को तीन दिन के लिए फिर से लिया रिमांड पर**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : सेना जमीन घोटाला मामले में ईडी दफ्तर में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ की गई। इधर सोमवार को ईडी ने सेना जमीन घोटाला से जुड़े गिरफ्तार सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जिनमें से 6 आरोपियों को तीन दिन के लिए रिमांड पर लिया। सेना की जमीन सहित अन्य भूमि की खरीद व बिक्री के सभी आरोपितों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें पीएमएलए कोर्ट के समक्ष पेश किया। सोमवार को ईडी ने छह आरोपितों से चार दिन की पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड मांगा।

इस पर कोर्ट ने आरोपितों की तीन दिन की रिमांड की अनुमति दे दी। कोर्ट ने वहीं सातवें आरोपित फैयाज खान को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया।इससे पहले 13 अप्रैल को ईडी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। ईडी को छापेमारी में कई जमीन से जुड़े कागजात हाथ लगे हैं। ईडी ने सातों आरोपितों से नौ दिनों तक पूछताछ की। पूछताछ में ईडी को कई जानकारी मिली हैं।

# प्रधानमंत्री ने एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का शुभारंभ किया

एजेंसी

**रीवा** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रीवा में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशभर की पंचायतों के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का लघु फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय शुभारंभ किया। इस एकीकृत पोर्टल से पंचायतें सामान और सेवाओं की खरीद और उनका भुगतान डिजिटल तरीके से कर सकेंगी।

**एकम समावेशी विकास वेबसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च:** प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के लिए समावेशी विकास थीम का भी शुभारंभ किया। लघु फिल्म से एकम समावेशी विकास वेबसाइट और मोबाइल ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया। सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने विकास की ओर साझे कदम अभियान का भी शुभारंभ किया। समावेशी विकास पर केन्द्रित इस अभियान में अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।




प्रधानमंत्री ने देश का 1 करोड़ 25 लाखवां स्वामित्व संपत्ति कार्ड सिंगरौली जिले के ग्राम गड़हरा की सीता साकेत तथा सूरजलाल साकेत को प्रदान किया। इसमें गाँव की आबादी भूमि और घरों के सर्वे तथा मानचित्रण के बाद भूमि स्वामियों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक और अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश, देश में प्रारंभ से ही अग्रणी है। स्वामित्व- मेरी संपत्ति मेरा हक पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ।

**2300 करोड़ की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ:** प्रधानमंत्री ने लगभग 2300 करोड़ रुपये की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी किया। इनमें रीवा से इतवारी (नागपुर) व्हाया छिन्दवाड़ा, छिन्दवाड़ा से नैनपुर और नैनपुर से छिन्दवाड़ा चलने वाली ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। साथ ही ग्वालियर रेलवे स्टेशन के 535 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया।

**जल जीवन मिशन की 7,853 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास:** प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की लगभग 7,853 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें रीवा जिले की 2319 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 1411 गाँव में पानी पहुँचाने वाली रीवा बाणसागर परियोजना, 2153 करोड़ 12 लाख लागत की रीवा और सतना जिले के 295 गाँव को लाभान्वित करने वाली सतना बाणसागर-2 परियोजना जल-प्रदाय योजना, 1641 करोड़ 52 लाख लागत की 677 गाँव में पीने का पानी पहुँचाने वाली सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना, 951 करोड़ 18 लाख लागत की रीवा जिले के 630 गाँव को लाभान्वित करने वाली टमस समूह नल-जल योजना और 788 करोड़ 63 लाख रुपये लागत की 323 गाँव को लाभान्वित करने वाली गुलाब सागर समूह जल-प्रदाय योजना शामिल है। इन योजनाओं से 4 हजार 36 गाँव के लगभग 9 लाख 48 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

# देश में मलेरिया के मामलों में 85.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज, मौतों में 83.36 प्रतिशत की कमी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारत में साल 2015-2022 के दौरान मलेरिया के मामलों में 85.1 प्रतिशत की गिरावट और मौतों में 83.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को मलेरिया उन्मूलन पर एशिया पैसिफिक लीडर्स कॉन्क्लेव को आभासी रूप से संबोधित करते हुए यह बात कही।

मलेरिया द्वारा उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि पुनर्जीवित राजनीतिक प्रतिबद्धता और मजबूत तकनीकी नेतृत्व दुनिया से मलेरिया के उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा÷। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसी भारत की स्वास्थ्य पहलों का हवाला देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा भारत मलेरिया को खत्म करने के प्रयास में अन्य देशों के साथ अपने संसाधनों, ज्ञान और सीख को साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ वी के पॉल ने मलेरिया के मामलों में महत्वपूर्ण गिरावट हासिल करने के लिए दक्षिण एशियाई और प्रशांत क्षेत्र के देशों को बधाई दी।



उन्होंने संपूर्ण-सरकार और संपूर्ण-समाज के दृष्टिकोण को अपनाते हुए सीमाओं के पार सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें अनुसंधान और नवाचार को प्राथमिकता देने और व्यवहार परिवर्तन अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मलेरिया के खिलाफ अतिरिक्त हथियार रखने के लिए हमें मलेरिया के खिलाफ टीका विकसित करने में जबरदस्त काम करने की जरूरत है। डॉ. पॉल ने कहा कि हमें उच्च बोझ वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग से इस बीमारी को खत्म करने की आवश्यकता है जो ग्रामीण स्तर पर शुरू होती है। डॉ. पॉल ने जोर देकर कहा कि घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र, प्रवासी आबादी, आदिवासी आबादी वाले क्षेत्र कुछ प्रमुख चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं जहां हमें वन टीम इंडिया के रूप में ध्यान केंद्रित करने और एक साथ काम करने की आवश्यकता है।

# विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज खुलेंगे, तैयारियां पूरी

एजेंसी

**केदारनाथ** : उच्च हिमालय में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक विश्वप्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल (मंगलवार) को वैदिक मंत्रोच्चारण और शुभ लग्नानुसार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली गौरीकुंड से प्रस्थान कर रात्रि प्रवास के लिए केदारनाथ धाम पहुंच गई है।बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से इस संबंध में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मंदिर को 35 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य गण्यमान्य केदारनाथ धाम के कपाट खुलने क साझी बनेंगे।शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से गत 21 अप्रैल को केदार बाबा की चल विग्रह डोली केदारपुरी के लिए रवाना हुई थी। केदार बाबा की उत्सव डोली प्रथम पड़ाव के लिए गुप्तकाशी, दूसरे पड़ाव के लिए फाटा और तीसरे पड़ाव रविवार को गौरीकुंड पहुंची थी। सोमवार को सुबह 8 बजे मुख्य पुजारी शिव लिंग ने केदार बाबा की पंचमुखी डोली की विशेष पूजा अर्चना कर भोग लगाया।इस दौरान वहां उपस्थित भक्तों ने बाबा केदार की पंचमुखी भोगमूर्ति के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चलविग्रह उत्सव डोली भक्तों के जयकारों एवं 6 ग्रेनेडियर आर्मी रेजीमेंट की बैंड धुनों के साथ अपने धाम को रवाना हुई।

# मनरेगा अंतर्गत सीएफपी के तहत कार्यरत थेमैटिक एक्सपर्ट का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मनरेगा अंतर्गत सीएफपी के तहत कार्यरत थेमैटिक एक्सपर्ट का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप विकास आयुक्त पालमू के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का का उदघाटन कार्यक्रम में आये अतिथियों ने संयुक्त रूप से दिपप्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि क्लस्टर फैसिलिटेशन परियोजना के तहत कार्यरत थेमैटिक एक्सपर्ट द्वारा मनरेगा के क्रियान्वयन में गुणात्मक सहयोग करेंगे। कलस्टर फैसिलिटेशन परियोजना अंतर्गत चयनित प्रखंडों में कई लक्ष्यों की प्राप्ति की जानी है। आई.एन.आर.एम गतिविधियों पर कुल खर्च का 65 प्रतिशत, प्रखंड स्तर पर व्यक्तिगत योजनाओं पर कुल खर्च का 60 प्रतिशत और खेती व संबंधित गतिविधियों पर कुल खर्च का 60 प्रतिशत व्यय किया जाएगा। मनरेगा अंतर्गत बागवानी योजना में पौधों की उत्तरजीविता को 90 प्रतिशत से अधिक रखना, साथ ही सभी एसटी एससी परिवारों को जिला के औसत से कम 10 प्रतिशत ज्यादा कार्य उपलब्ध कराना जैसे कई लक्ष्यों की प्राप्ति की जानी है।उप विकास आयुक्त रवि आनंद में कहा कि सीएफपी परियोजना अंतर्गत पूरे देश के 300 प्रखंडों में से सर्वाधिक 51 प्रखंड झारखंड राज्य से लिए गए हैं। इसके अंतर्गत राज्य के आकांक्षी 19 जिलों के 41 प्रखंडों एवं शेष 5 जिलों में से 4 जिलों के 10 प्रखंड सहित कुल 51 प्रखंडों में यह प्रोजेक्ट यथाशीघ्र आरंभ किया जाना है। इस योजना के 3 वर्षों के क्रियान्वयन पर कुल 80.78 करोड रुपए के व्यय का अनुमान है जिसका वहन पूर्ण रूप से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीडीसी रवि आनंद के अलावे छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के सभी मुखिया, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, ग्राम रोजगार सेवक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित कई कर्मियों ने भाग लिया।

# पंचायतों में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस विलासपुर कलस्टर अंतर्गत ग्राम हुलहुला खुर्द व बिलासपुर पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाला गया। स्वच्छता जागरूकता रैली पंचायत भवन परिसर से निकलकर गांव के विभिन्न टोलों का भ्रमण करते हुये पुनः पंचायत भवन परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हो गया। इसके बाद पंचायत भवन में रैली में शामिल सभी स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हमारा पंचायत स्वच्छ, स्वस्थ्य रहे इसके लिये महिला एवं मैत्री सदस्यों को शपथ दिलाया गया तथा पंचायत को साफ सुथरा रखने, पेड़ पौधे लगाने,सोखता निर्माण,स्वच्छता आदि पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर बेहतर कार्य के लिये महिला समूह को पुरस्कृत किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया सुशीला देवी, अनुराधा देवी, रोजगार सेवक श्रवण राम, सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, जेंडर सी आरपी पूनम देवी, पिंकी देवी, वाजदा खातून, शशि प्रभा, रहीशा, शीला देवी, नूरजहां, रेशमा, कमला, सहित समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## नावाडीह में पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के नावाडीह स्थित में पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में नावाडीह के समीप एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में पुलिस द्वारा 30 बाइक चालकों को रोककर हेलमेट, इंसुरेंस, पॉल्युशन, ट्रिपल राइड सहित बाइक के अन्य कागजातों की जांच की गई। जिसमें कई बाइक चालक बिना हेलमेट पहने और ट्रिपल राइड करते पकड़े गए। पुलिस द्वारा कड़ी चेतावनी देकर दुबारा हेलमेट पहनकर और ट्रिपल राइड नहीं चलाने की हिदायत देकर उन्हें छोड़ दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के साथ कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

## स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावाबाजार में स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के निवासी सरवन कुमार रविवार को अपने मित्र के साथ बाइक पर सवार होकर अपने साली के शादी का कार्ड बांटने के लिए नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा गया था। इसी बीच उधर से घर लौटने के दौरान रास्ते में उनकी बाइक की टक्कर स्कॉर्पियो से हो गई। जिसमें बाइक सवार सरवन कुमार और दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी नावाबाजार थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नावाबाजार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान दिलीप कुमार पिता बाबूराम की मौत हो गई।वही इस घटना के बाद पुलिस स्कॉर्पियो वाहन को पकड़कर थाना ले गई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

# एनडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन को लेकर दी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार के दिन पहुंची एनडीआरएफ की टीम आपदा प्रबंधन को लेकर दी कई महत्वपूर्ण जानकारी। टीम कमांडर आसुतोष कुमार वर्मा एवं उनकी टीम ने आपदा प्रबंधन यानी भूकंप से बचाव के बारे में डेमो के माध्यम से दी जानकारी। इस दौरान उन्होंने चोट लगने पर हो रहे रक्तस्राव को रोकने, घायल व्यक्ति को उठाने एंव ले जाने, हृदय गति को पूर्णजीवित करने, खपच्ची बांधने आदि की जानकारी दी। टीम इंचार्ज आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि एनडीआरएफ का गठन 2005 अधिनियम के तहत 2006 में किया गया था। किसी भी आपदा से बचने के लिए यह एक विशेष भारतीय बल है जिसका मुख्य कार्यालय दिल्ली है। एनडीआरएफ ने डूबने के मामलों, इमारतों के ढहने, भूस्खलन, विनाशकारी बाढ़ और चक्रवात सहित विभिन्न आपदाओं के दौरान अपने सराहनीय प्रदर्शन के साथ अपनी प्रभावशीलता साबित की है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ ने अब तक लाखों लोगों की जान बचाई है। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार, एई अश्विनी कुमार, अनिल ठाकुर, छोटू, मिथलेश चंद्रवंशी, यूनिस अंसारी, नीरज कुमार, फैयाज अंसारी, ललन प्रजापती, गोबिंद सिंह, अमित पांडेय, जेई रबिरंजन जी, के साथ-साथ पंचायत के कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी गोविंदर भुइयां के 28 वर्षीय पुत्र विकाश कुमार भुइयां ने दिन सोमवार को अपने घर की धरन में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब घर के परिजनों ने घर की बंद दरवाजे को खोलवाने की प्रयास किया तो दरवाजे को नही खोले जाने पर खपरैल मकान की ऊपर से खपरैल हटा कर घर में जाकर दरवाजे को खोला जाता है तो परिवार वालों ने देखा तो पाया कि विकाश कुमार भुइयां फांसी के फंदे पर लटका हुआ है।तो घर परिवार को लोग देखते ही देखते चीख पुकार कर रोने लगते है चीख पुकार सुन आस पास के लोग। पहुचते है और इस घटना के बारे में जनप्रतिनिधियों ने धुरकी पुलिस को सूचना दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुचकर शव को अपने कब्जे में लेकर झूलते हुए फांसी की फंदे से शव को पुलिस के मौजूदगी में ग्रामीणों के सहयोग से फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। मृतक के पिता के बयान दर्ज किए गए हैं। बयानों के आधार पर इत्फाकिया कार्रवाई की गई। मृतक के पिता गोविंद भुइयां ने बताया कि मेरा बेटा विकाश कुमार भुइयां मेहनत मजदूरी करता था। विकाश का एक लड़की एक लड़का बच्चा भी है। कड़ी मेहनत करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। जबकि पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से गुजर रहा था मानसिक परेशानी के कारण सोमवार को धरन में फांसी का फंदा लगा लिया।धुरकी पुलिस ने कागजी करवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। इस घटना की जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के घर परिवार की के बयान दर्ज किए हैं। जिनमें मानसिक परेशानी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करना बताया है। बयानों के आधार पर इत्फाकिया कार्रवाई की गई है। आगे की करवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अब घटना के कारणों का पता चल पाएगा। और आगे की करवाई की जाएगी। इस दौरान पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, पूर्व मुखिया विनोद कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रविन्द्र बैठा, दीपक यादव, रेवत यादव, रामप्रताप यादव सहित काफी संख्या में लोग शव को देखने के लिए जुटे थे।

## मीडिया ग्रुप केतार के द्वारा सूर्य मंदिर में रथ लगाने हेतु किया गया सहयोग



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मीडिया ग्रुप केतार के द्वारा प्रखंड के सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर में रथ निर्माण के लिए 42284 रु का नकद सहयोग किया गया। साथ ही मीडिया ग्रुप के लोगों के द्वारा कहा गया कि रथ निर्माण में आगे भी सहयोग किया जाएगा। साथ ही मंदिर कमेटी के साथ बैठकर मंदिर का विकास के लिए चर्चा परीचर्चा की गई। साथ ही उक्त मंदिर निर्माण एवं परिसर की सुंदरीकरण के लिए वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। मीडिया ग्रुप के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर का विकास हेतु हमारा टीम समर्पित रहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की तीन ओर से पहाड़ी वादियों में स्थित यह मंदिर प्रसिद्ध है। यहां अपनी मुरादे को लेकर अन्य राज्यों से लोग आते हैं और उनकी मुरादे भी पूरी होती है। मौके पर मीडिया ग्रुप केतार से संदीप कुमार, गोकुल कुमार, विकास सिंह, बिट्टू सिंह, इम्तेयाज आलम, सूरज वर्मा, रविकांत चंद्रवंशी, अंगद कुमार, ज्वाला कमलापुरी, पुरुषोत्तम कुमार, मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, खेत उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, संरक्षक अजय वर्मा, उपसचिव नगीना वियार, दिनेश वर्मा, महेशी वियार, रामचरित्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड पिपरा में मना वीर कुंवर का जन्मोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बभन्डी सचिवालय में क्षत्रिय जागृति मंच के द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह का जन्मोत्सव एवं विजय उत्सव उनके तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रेमतोस सिंह पहुंचे थे। वही क्षत्रिय जागृति मंच के द्वारा प्रखंड स्तर पर कमेटी का विस्तार करने के लिए चर्चा किया गया कमेटी के द्वारा संयोजक चंचल सिंह सहसंयोजक लाल बहादुर सिंह चंदन सिंह को बनाया गया साथ ही साथ रवि सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, नारायण सिंह, चुनमुन सिंह अनिमेष सिंह, राजा सिंह, विवेक सिंह कृष्णा सिंह नरेश सिंह क्षत्रिय जागृति मंच का सदस्य बनाया गया एवं वही प्रेमतोस सिंह ने कहा कि अगले बैठक में कमेटी का पूर्ण विस्तार होगा।

## भवनाथपुर अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्यवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** बालू का अवैध उत्खनन और ढुलाई पर अंकुश लगाने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। भवनाथपुर अंचलाधिकारी रामाशंकर श्रीवास्तव तथा थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने रविवार के अहले सुबह छापामारी कर बालू का अवैध उत्खनन कर ढुलाई कार्य में लगे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। जब्त उक्त दोनों ट्रैक्टर केतार थाना क्षेत्र के खोंहर निवासी सह ट्रैक्टर मालिक राजेश गुप्ता व चालक सुमन गुप्ता तथा राजू कुमार गुप्ता व चालक मनोज साह को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार अवैध उत्खनन पर रोक लगाने संबंधी हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद भवनाथपुर क्षेत्र में नदियों से बालू का अवैध उत्खनन किये जाने का मामला सामने आने के बाद रविवार के सुबह प्रशासन द्वारा छापामारी अभियान चलाकर असनाबांध के समीप अवैध बालू लड़े उक्त दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया, वहाँ सीओ के लिखित आवेदन के अलोक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ मालिक तथा चालक के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर वाहन मालिक और चालक को जेल भेज दिया गया।

## जपला चौबे नदी पर कर्नल डॉ. संजय कुमार ने पनशाला का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद जैसे शहर में एक ओर पानी के लिए हाहाकार मचा है.इस भीषण गर्मी में शहर में राहगीरों के लिए पानी का समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में पनशाला खुलना सबसे पुनीत कार्य है. यह बात सोमवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने मधुशाला रोड स्थित जपला चौबे नदी पर एक पनशाला के उद्घाटन के मौके पर कही।उन्होंने कहा की प्यासे को पानी पिलाना धर्म का काम है और इस तरह के नेक कार्यो में हम सभी को निस्वार्थ भाव से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तथा जरुरतमंद इंसान चाहे वो भूखा हो या प्यासा उसको मदद करनी चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम ने कहा कि कहा कि गर्मी की तपिश में आमजनों के लिए इससे पुण्य सेवा नहीं हो सकती। विदित हो कि इस पनशाला का संचालन जपला चौबे निवासी शिव प्रजापति विगत 10 वर्षो से लगातार करते आ रहे हैं। उन्होने कहा कि गरीबों के सेवा करने से मुझे सुकून मिलता है। वैसे आमजन राहगीर जो गांव देहात से जपला आते जाते हैं वो इस पनशाला का भरपूर उपयोग करते है। मौके पर समाजसेवी लालधन ठाकुर, अजय सिंह, विनय सिंह, गणेश प्रजापति, बीर बहादुर सिंह, विजय प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद पुलिस ने चलाया महुडंड पंचायत में जागरूकता अभियान



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुडंड पंचायत सचिवालय में पलामू पुलिस की अपील कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हुसैनाबाद थाना अन्तर्गत महुडंड ओपी प्रभारी तूलेश्वर प्रसाद रजक ने काहा कि बच्चा चोर या किसी अन्य प्रकार के अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नही है यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें।किसी भी हालत में उसके साथ मारपीट या हिंसात्मक कारवाई ना करें।हिंसात्मक कारवाई करने के दौरान यदि उसकि मृत्यु हो गयी तो मॉब लिंचिंग माना जायेगा।ऐसे मामले में कानूनी प्रावधान के तहत कठोर दंडात्मक कारवाई की जाएगी।अंजान ब्यक्ति को देखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे! वहीं युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव ने कहा कि महुडंड अफवाहें से बचें, और संदिग्ध व्यक्तियों देखे तो पुलिस प्रशासन को सुचनाएं दे, कानून को हाथ में नहीं लेना है। मौके पर मुख्य रूप से महुडंड पंचायत मुखिया मिना देवी,एस आई संतलाल रवि, युवा समाज सेवी अर्जुन प्रसाद यादव, पुर्व पंचायत समिति दिनेश्वर ठाकुर, ओमप्रकाश रवि, श्यामलाल यादव, शिक्षक मोहन गुरुजी, राम प्रवेश राम, विनय परहिया, बिरवल परहिया, राम स्वरूप यादव, उपेंद्र यादव, उमेश यादव, पंजाबी पासवान विश्व नाथ साह, आदि मौजूद थे।

### अब कुछ नहीं बचा, जनता को जीवन समर्पित : सुमित

# अंतिम बोर्ड बैठक से पहले पार्षद की मार्मिक अपील, बचे हुए योजनाओं को स्वीकृति दे बोर्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगरनिगम अंतर्गत वार्ड 17 के पार्षद सह जोन 4 के अध्यक्ष सुमित तिवारी ने अंतिम बोर्ड की बैठक से पहले क्षेत्र की जनता से माफी मांगी है। अपने पिता के देहांत के बाद श्राद्ध कर्म में जुटे सुमित तिवारी को अंतिम बोर्ड की बैठक में नहीं पहुंच पाने का गम सता रहा है। निगम के मेयर, डिप्टी मेयर एवं नगर आयुक्त को अपना एजेंडा भेज जनहित में सभी योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। पहली बार राजनीति में आए पार्षद सुमित तिवारी ने बताया कि जनता ने बहुमूल्य वोट देकर मुझे जनप्रतिनिधि बनाया था। जो मेरा सौभाग्य था। लेकिन परिवारिक समस्या में उलझकर क्षेत्र से बाहर रहना पड़ा। जिसका दर्द हमेशा सताता रहा। भगिनी एवं पिता की बिमारी ने चार साल तक अस्पताल के चक्कर लगवाए। लेकिन विधाता ने हमसे दोनों प्रियों को छीन लिया। कैंसर की बिमारी से दो साल तक इलाजरत पिता के देहांत के बाद लौटे सुमित तिवारी ने कार्यकाल की समाप्ति से पहले बचे हुए कार्यों को गति देने के लिए नगरनिगम के कर्ताधर्ता से अपील की है। उन्हें मलाल है कि पिता के श्राद्ध कर्म की वजह से अंतिम बोर्ड की बैठक में नहीं पहुंच पाएंगे। सुमित ने जनता से माफी मांगते हुए कहा कि कार्यकाल के दौरान जनता के लिए सशरीर मौजूद नहीं रह पाने का मलाल है, लेकिन क्षेत्र की जनता ने जो भी समस्या बताई उसका समाधान करने में कभी पीछे नहीं रहा। क्षेत्र में कम समय बिताने की वजह से मेरे किए गए कार्यों का श्रेय मुझे मिला ही नहीं है। यही वजह है कि जनता के वफादार रहकर भी विरोधियों ने मेरे बारे में दिग्भ्रमित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। वार्ड 17 के पार्षद सुमित तिवारी ने बताया कि तीन बोर्ड की बैठक में अनुपस्थित रहने पर वार्ड पार्षद की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है। जो कि नहीं हुआ यानि कि मेरी उपस्थिति आवश्यक कार्यों में रही है। भगिनी एवं पिता की बिमारी ने हमें जरूर क्षेत्र से दूर रखा, लेकिन अब जब दोनों नहीं बचे तो मेरे पास जनता के हित के बजाय अब कोई काम नहीं बचा है।

## बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में रविवार को महासभा कार्यालय के समीप बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर वीर कुंवर सिंह की पौत्र बधु पुष्पा सिंह ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुये वीर कुंवर सिंह की पौत्र बधु पुष्पा सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है.क्षत्रिय समाज के लोगो ने देश की एकता, अखण्डता को लेकर अपनी जान की परवाह कभी नही किया। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह ने देश को आजाद कराने के लिये अंतिम सांस तक संघर्ष किये.उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगो को एकजुट होने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि आये दिन हमारे समाज के लोगो को विभिन्न केस मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पुत्र की हत्या पिछले वर्ष हो गई थी, जिसे आज तक न्याय नही मिल पाया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां हमारे समाज मे एकता नही होने के कारण राजनीतिक इस्तेमाल करती है.हमारी समस्याओं पर कोई ध्यान नही देता है.उन्होंने कहा कि हमे एकजुट होकर अपने गौरवशाली इतिहास को बनाये रखने की जरूरत है.सीमावर्ती राज्य उत्तरप्रदेश के सोनभद्र से आये करणी सेना के अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि इतिहास के साथ छेड़छाड़ कर महाराणा प्रताप,वीर कुंवर सिंह की जगह अकबर को महान बताया जाता है, जबकि हमारे पूर्वजों ने देश के लिये जान तक न्योछावर कर दिया है.देश की अखंडता के लिये अपनी रियासत को कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा कि हमे इवीएस आरक्षण की जरूरत नही है,बल्कि हमारा उद्देश्य देश को आरक्षण मुक्त कराना है। उन्होंने अभिभावकों से क्षत्रिय गौरव की कहानी अपने बच्चों को बताने की बात कही। कार्यक्रम को कई अन्य लोगो ने भी सम्बोधित किया. समारोह में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि करिवाडीह की मुखिया मनसा देवी, शैलेन्द्र प्रताप देव,रूपेश सिंह, अवध बिहारी सिंह, ममता सिंह, ललन देव, विजय सिंह, राणा प्रताप देव, अमित प्रताप देव, पंकज सिंह, चंचल प्रताप देव, बंगाली सिंह, बंटू सिंह, राकेश सिंह, विक्की देव, रविन्द्र प्रताप देव, कामेश्वर प्रताप देव, प्रशांत सिंह, देवेंद्र सिंह, विकास देव, मिथिलेश सिंह,प्रभात कुमार देव, बिकू सिंह, अरुण सिंह, विक्रमादित्य सिंह, अशोक सिंह, भूपेन्द्र प्रताप देव, ईश्वरी सिंह, अजय कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में विभिन्न प्रखंडों से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभप्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य नंदलाल पांडेय, नीरज कुमार सिंह व पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओम, भारत माता और वीर कुंवर सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा दशम की बहन आरुषि कुमारी और कक्षा पंचम की बहन शचि समृद्धि ने बाबू कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला. कक्षा नवम की बहन शाम्भवी, शिखा रानी , शानू और रिचा चौबे ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत की.आचार्य नीरज कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह को बचपन से ही शौर्य प्रदर्शन, कुश्ती आदि में अभिरुचि थी.वे अपने बाएं बाह में अंग्रेज सैनिको द्वारा गोली मारने के क्रम में संक्रमण के भय से दाई हाथ में तलवार ले कर बाएं हाथ काटकर गंगा जी को समर्पित कर दिया.उन्होंने यूनियन जैक झंडा को उतार कर अपना भारतीय झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह के जीवनी से हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए.कक्षा पंचम के भैया निशांत कुमार ने वीर कुंवर सिंह बनकर झांकी की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र था।

## संक्षिप्त खबरें

### डोरंडा में ईडी ने की छापेमारी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सोमवार की सुबह से डोरंडा में छापेमारी की। ये छापेमारी डोरंडा में अभिषेक प्रसाद पिंटु के करीबी ( प्राइवेट पर्सनल सेकेट्री) के ठिकाने पर किया गया। पीपीएस उदय कुमार के ठिकाने पर ईडी की टीम छापेमारी की है। जैसे ही ईडी की दो गाड़ियां उदय कुमार के मकान के गेट पर लगी पूरा हड़कंप मच गया।मीडिया कर्मी और लोगों की भीड़ जुटने लगी। हालांकि खबर लिखे जाने तक उदय कुमार की आवास से क्या बरामद हुआ किन बातों को लेकर छापेमारी की गई इसकी पुष्टि अभी होनी बाकी है।

### जय भारत सत्याग्रह के तहत प्रदेश कांग्रेस का उपवास 26 को

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि 26 अप्रैल को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप प्रदेश स्तरीय जय भारत सत्याग्रह के तहत उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने सोमवार को बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस संबंध में सभी जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिवों को अपने अपने प्रभार जिलों के जिलाध्यक्षों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें।
उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ रही बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, अडाणी मामलों को लेकर कांग्रेस पूरे देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चला रही है। इसके तहत पूर्व में सभी जिला मुख्यालय में जय भारत सत्याग्रह, प्रखंड एवं पंचायतों में नुक्कड़ सभा आयोजित कर केंद्र सरकार के अलोकतांत्रिक चरित्र का विरोध किया जा रहा है।

# ग्राम सभा से पहले हो महिला सभा : सुधीर पाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्राम सभा से पहले हो महिला सभा, पंचायत में महिला सुरक्षा कोर ग्रुप झारखंड द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य था पंचायती राज अधिनियम में संशोधन करके महिला सभा को अधिनियम का हिस्सा बनाया है। 7 राज्यों ने सर्कुलर जारी कर के ग्राम सभा से पहले महिला सभा के आयोजन को अनिवार्य बनाया है, तो फिर झारखंड पीछे क्यों है?
इसी विषय को लेकर चर्चा की गई । मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में समाजसेवी सुधीर पाल , जया वेलणकर जागोरा संस्था, प्रणाली चक्रवर्ती युवा, पूर्वी पाल श्रमजीवी महिला समिति सहित कई लोग शामिल थे। सुधीर पाल ने कहा कि कमजोर वर्ग के लिए संवैधानिक प्रक्रिया के तहत ताकत और अधिकार देने का काम 24 अप्रैल को ही किया गया था और झारखंड में पहली बार 2010 में पंचायत चुनाव संपन्न हुआ था । 50 प्रतिशत पंचायत में महिलाओं को आरक्षण दिया गया बावजूद इसके महिलाओं के अधिकार पर बात नहीं हो रही है । झारखंड के 12 जिले ऐसे हैं जहां ग्राम सभा में तीन तिहाई महिलाओं का हिस्सा होगा तभी प्रस्ताव पारित होगी।
गांव में आज भी महिलाएं ग्राम सभा की बैठकों में शामिल होने से खुद को असहज महसूस करती हैं। इसके पीछे कारण है रिश्तेदारी। साथ ही जो महिलाओं और बच्चियों की जो समस्याएं हैं उसको लेकर वह बातें नहीं रख पाती हैं , जिस कारण से जो है राज्य सरकार या केंद्र सरकार तक जो बजट और जो योजनाएं बनती है उसमें महिलाओं की जो आंतरिक समस्याएं हैं वह शामिल नहीं हो पाती है।
तो जरूरी है कि महिलाओं को जो आरक्षण दिया गया है किसके साथ उनके अधिकार और उनके प्रति जागरूक करने की दिशा में काम हो। महिलाओं की जो समस्याएं हैं वह खुलकर सामने आएं, योजना बनकर शामिल हो।
वहीं जया ने कहा की महिलाएं अपनी बातों के लिए के खुद को किस तरह से बातें रखनी चाहिए वह नहीं कर पाती है । जिस कारण से वह पिछड़ी हुई और कमजोर नजर आती हैं।
पंचायती राज अधिनियम के 73वें संशोधन के बाद आज भी ग्राम सभा की बैठकों में महिलाओं की भागीदारी सहज नहीं हो पाई है। महिलाओं की जिंदगी को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों पर स्वभाविक चर्चा का माहौल नहीं है। गांव के विकास के लिए बनाई जा रही योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है । इन सब चीजों को देखने की जरूरत है।
वहीं पूर्वी पाल ने कहा कि महिला सभा महिलाओं की ग्राम स्तर की बैठक होती, जिसमें संबंधित ग्राम पंचायत की किसी भी वर्ग आयोग जाति ,धर्म ,की महिलाएं भागीदारी कर सकती है।
वैसे तो छोटे छोटे स्तर पर महिला समूह की बैठकें होती हैं, लेकिन महिला सभा इन बैठकों को नहीं कहा जा सकता है। पंचायती राज व्यवस्था महिला सभा अपना एक राजनीतिक महत्व है इसको समझने की जरूरत है।



छाया : नसीम

# जमीन से जुड़े मामले को लेकर पीड़ित पहुंचा ईडी कार्यालय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जिस तरह से प्रवर्तन निदेशालय ईडी छापेमारी कर रही है। अवैध जमीन संबंधित मामला, उत्खनन का मामला, आय से अधिक संपत्ति का मामला हो ईडी लगातार अपनी करवाई कर रही है। इन सब मामलों को देखते हुए अब जमीन संबंधित मामलों से जुड़े पीड़ित व्यक्ति हैं वह भी अब ईडी पर विश्वास करने लगे हैं । पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन से इनका भरोसा उठता हुआ नजर आने लगा है। क्योंकि इन्हें त्वरित न्याय नहीं मिल पा रहा। एक ऐसा ही मामला ईडी प्रवर्तन निदेशालय के मुख्य गेट तक जा पहुंचा है।
**क्या है माजरा:** कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित होचर में करीब 14 डिसमिल जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर और फर्जी केस में फंसाने का मामला है। समाजसेवी पीड़ित रविन्द्र कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने ईडी कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि पंकज सिंह अपराधी चरित्र का है। फर्जी तरीके से सीओ और डीसीएलआर की मदद से जमीन का कागजात बनाकर पंकज सिंह ने 14 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया है। कांके थाना में केस किया गया है। इस पर अब तक कुछ नहीं हुआ। पीड़ित रविन्द्र कुमार सिंह ने रांची के ग्रामीण एसपी की भूमिका को भी संदिग्ध बताया है।

# प्रेस सलाहकार की मां के निधन पर सीएम ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद की माता विमला देवी का सोमवार को निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री अपने प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद के अपर शिवपुरी स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# मिड डे मील घोटाले मामले में आरोपित संजय की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मिड डे मील के एक सौ करोड़ रुपये के घोटाले मामले में आरोपित संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन को सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आदेश सुनाया।
कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले में 20 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी, एसबीआई हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपितों को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर दी गई है। अब 25 अप्रैल को उसके खिलाफ आरोप गठन होना है। वर्ष 2021 में ईडी ने दर्ज कर केस टेकओवर किया है। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में भी आरोपित हैं।




# अधिकारियों सहित उनके परिजनों की संपति की भी जांच हो : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक पूर्व सांसद भुन्नेश्वर प्रसाद मेहता एवम अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि राज्य मे आला अधिकारियों के द्वारा भयंकर लूट मचाई गई है । पूजा सिंघल, वीरेंद्र राम, छवि रंजन सहित कई अधिकारियों ने अरबों खरबों की संपत्ति अवैध रूप से जमा किया है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य में किस तरह से खान खनिज और जमीन की लूट और टेंडर घोटाले हो रहे हैं। टेंडर मैनेज करने का काम बहुत पहले से चल रहा है, केवल वीरेंद्र राम के हटा देने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता । वीरेंद्र राम की पूरी टीम को उस जगह से हटा करके और सभी की जांच कराई जाए। पाठक ने कहा कि राज्य में लगातार हजारीबाग, रांची रामगढ़ ,पलामू ,संथाल परगना सहित पूरे राज्य में आला अधिकारियों के द्वारा लूट खसोट की जा रही है। अवैध कारोबार चरम पर है। राज्य में कोयला, लोहा ,गिट्टी ,बालू से लेकर तमाम खनिज संपदा ओं का दोहन अधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है।




# रेंजर का पुराना चालक ही था मास्टरमाइंड 24 लाख सहित 10 गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के रहने वाले सेवा सेवानिवृत्त रेंजर रुद्र नारायण प्रसाद के घर 6 अप्रैल 2023 को अपराधियों ने घर में घुसकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में रेंजर ने टाटीसिलवे थाना में एक मामला दर्ज कराया था । जिसमें बताया था कि नगद करीब 20 लाख रुपए एवं सोना चांदी जेवरात को लूट लिया गया , 8 से 10 के संख्या में अपराधी घर में घुसे थे और घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में एसएसपी किशोर कौशल ने पत्रकारों को बताया कि एफ आई आर . में 15लाख रुपए नगद और बेटी की शादी के लिए रखे गए ड्रावर में अतिरिक्त पैसे सहित गहने की लूट की बात दर्ज करायी है। इस घटना को उद्भेदन के लिए एएसपी मूमल राजपुरोहित और टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टेक्निकल सेल की मदद से ही इस घटना का उद्भेदन किया गया है । जिसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस पूरे मामले के उद्भेदन में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के पास से पुलिस ने 24 लाख 57 हजार 524 रुपए एवं एक मोबाइल, 4 चैन, गोल्ड ज्वेलरी,अल्काइजर गाड़ी सहित तीन देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल ,पांच कारतूस बरामद किया है।



# साहित्य कर्मी नाट्य कर्मी लेखक उमेश नजीर की दूसरी पुण्यतिथि आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के सक्रिय रंगकर्मी, लेखक, साहित्यकार चिंतक और कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता रहे कामरेड उमेश नजीर की दूसरी पुण्यतिथि आज मनाई जाएगी। बता दें कि 25 अप्रैल 2021 को कोविड-19 दौरान उनका निधन रिम्स में इलाज के दौरान हो गया था । अपने पीछे भाई, पत्नी और बच्चे सहित पूरा भरा परिवार छोड़ गए। उमेश नजीर पत्रकारिता , साहित्य, रंगकर्म, गायन का क्षेत्र हो सभी क्षेत्रों में उनकी अपनी महारत हासिल थी। पूंजीवाद और शोषण के खिलाफ उनके लेख और नाटकों में देखने और पढ़ने को मिलता था। उनके निधन से नाटक के क्षेत्र में काफी क्षति हुई है।जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। इनके याद में रांची और पलामू में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । उमेश नजीर अपने संस्कृतिकर्म के दौरान इप्टा के आंदोलन में भी सक्रिय भागीदारी निभाई ।
उनके द्वारा लिखे गीत आज भी झारखंड इप्टा के कलाकार अपने कार्यक्रमों में गाते हैं । उनके लिखे चर्चित गीतों में बोल रे भाई झारखंडी, बोलो झारखंड।और कल की सुबह अनोखी होगी।कल की शान निराली रे, खेत खेत में गूंजे बिरहा कजरी गाए कुदाली रे शामिल है।इसी के साथ उनके द्वारा लिखे गए गजल का भी एक शेर बार-बार याद आता है। नवाजिश पर नवाजिश हो रही है।
उधर कोई संगीन साजिश हो रही है,
इधर शीशे का घर तामीर हो रहा है,उधर से पत्थर की बारिश हो रही है। नजीर बिरसा संगठन से जुड़कर खान खनिज और अधिकार के लिए भी काम कर रहे थे। प्रगतिशील लेखक संघ और भारतीय जन नाट्य संघ के राज्य परिषद के सदस्य भी रह चुके थे।उन्होंने कई नाटक भी लिखे थे। जिनमें उलगुलान और अब हद हो गई सहित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के लिए भी उन्होंने स्क्रिप्ट लिखा है।

**उनके द्वारा लिखे गीत आज भी झारखंड इप्टा के कलाकार अपने कार्यक्रमों में गाते हैं ।**

# कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण के दौरान जर्जर सड़क मरम्मती का कार्य शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण के दौरान जर्जर सड़क, उबड़ खाबड़ जमीन के कारण लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए प्रभात मंत्र ने 2 दिन पूर्व विशेष रिपोर्ट प्रकाशित किया था, जिसका असर दिखने लगा है। कांटा टोली चौक से कोकर की ओर जाने वाली मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य हो रहा है ,ज्ञजिसके दोनों तरफ जर्जर सड़क है । एक तरफ बांते ओर जर्जर सड़क का निर्माण बिटुमिन कालीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि कांटा टोली चौक से बहू बाजार जाने वाली मार्ग में अभी कालीकरण सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि एक सप्ताह के अंदर कांटाटोली चौक से बहु बाजार की ओर सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और सड़क मरम्मती के बाद वाहनों का आवागमन सुगम हो जाएगी और दुर्घटनाएं नहीं होगी ऐसी बातें कही गई है।

## पंचायत स्तरीय व्यवस्था लोकतंत्र का मजबूत आधार : मुख्यमंत्री



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि देश में पंचायत स्तरीय व्यवस्था लोकतंत्र का मजबूत आधार है। सशक्त गांव एवं पंचायत से ही समृद्ध राज्य और देश की परिकल्पना साकार हो सकती है।

# रांची : सेटेलाइट कॉलोनी में बाबा अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा का हुआ अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेटेलाइट कॉलोनी में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा का अनावरण डॉक्टर (प्रो) किरीट प्रेमभाईजी सोलंकी सांसद लोकसभा एवं, अध्यक्ष अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी संसदीय समिति भारत सरकार के कर कमलों में अनावरण किया गया। इस सभा में सेल रांची के कार्यपालक निदेशक जगदीश अरोरा, निर्विक बनर्जी, संजीव कुमार एवं आशीष चक्रवर्ती के गरिमामय उपस्थिति थी7 इसके अतिरिक्त माननीय अतिथि थे राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (उड़ान) के महासचिव अरुण कुमार साधू एवं सेल एससी एसटी इम्पलाईज फेडरेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार रामटेके 7 अनावरण के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज हमलोग जो भी हैं भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के देन है7 अनावरण के पश्चात सुनील कुमार रामटेके ने सेल के सभी यूनिट के एससी एसटी के समस्याओं से अवगत कराया जिसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों को सेल प्रबंधन के द्वारा उनका न्यायोचित हक चाहे वोह प्रोंनात्ति हो या विदेश दौरा बिना किसी भेद-भाव के अवश्य मिलना चाहिए7 मूर्ति का अनावरण जय प्रकाश कुमार, संयुक्त महासचिव केंद्रीय कमेटी के नेतृत्व में किया गया माननीय सांसद महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का जो सोच है जन जन तक सरकार की योजना को पहुंचाना है इसके लिए उड़ान कार्यक्रम के माध्यम, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य गरीब लोगों के समस्याओं को सुना जाएगा जैसे गंभीर बीमारी शिक्षा स्वच्छता एवं अन्य समस्याओं को जिला प्रशासन एवं सरकार को पत्र लिखा जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सीएम उमाकांत, रांची के पंकज नायक, संजय सुमन प्रभात होरो, बोकारो यूनिट अध्यक्ष एमके अभिमन्यु, रविंद्र महली दिनेश रविदास, शंभू प्रसाद, महेश पासवान, सुनील कुमार, दिलीप कुमार पासवान, वीरेंद्र कुमार, ताराचंद, सौरभ चांद, दिलीप कुमार आदि थे7 इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल में सभा का आयोजन था तथा सेवा कार्यालय में माननीय सांसद द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री का अश्लील वीडियो एडिट किया हुआ है : जगदीश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश साहु एवं प्रभात कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जार कर कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर जो असलिल वीडियो वायरल हुआ है वह पूर्णरूपेण एडिट किया हुआ है।
उनके राजनीतिक छवि को खराब करने के उद्देश्य से भाजपा के नेताओं के द्वारा वायरल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता ओबीसी जाति से आते है, इसलिए इनको राजनीतिक षडयंत्र के तहत बदनाम करने की साजिश की गई है, जिस तरह से डॉ निशिकांत एवं भाजपा के नेताओं द्वारा बदनाम कर इनकी छवि को धुमिल किया जा रहा है जो वीडिया दिखाया जा रहा है वह पूरी तरह से फेक एवं एडिट किया हुआ है।
इसकी साइबर पुलिस के द्वारा जांच की जाए। साथ ही साथ इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। निशिकांत दूबे सांसद हाल फिलहाल में विधायक पर अपमान जनक शब्दों का इस्तेमाल किये थे। इससे राज्य की आधी आबादी महिलाओं की है। इस पर भी उचित कारवाई होनी चाहिए। जिससे भाजपा का असली चरित्र का पता लग सके।
क्योंकि जिस दिन से भाजपा को सत्ता से बेदखल किया है उस दिन से भाजपा नेताओं ने सरकार को गिराने के षडयंत्र में लगे रहते है और भाजपा नेताओं सरकार का और सरकार के मंत्रियों को बदनाम करने एवं इनकी छवि को धूमिल करन पर पड़े रहते हैं, इससे जनता समय आने पर उचित जवाब देने के लिए हर समय तत्पर है।



# प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) में एसपी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अवर सचिव संजीव कुमार की ओर से लिखे पत्र में एनसीएसटी में एसपी के पद के लिए इच्छुक और योग्य आईपीएस अधिकारियों के नामांकन मांगे गए हैं। राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त पद और विषय के लिए उनकी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए इच्छुक और पात्र आईपीएस अधिकारियों के नाम जल्द से जल्द मंत्रालय को भेजें।



## बेड़ो के मासू में हाथियों का उत्पात जारी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के मासू गांव में नहीं थम रहा हाथी का उत्पात गेहूं और सब्जी की फसलों को खाकर और रौंद कर उत्पात मचा रहा है। जहां रविवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे दो विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। जिसमें मासू गांव के बीरू उरांव, अंगनी उराईन, पंचम कच्छप, सुकरा उरांव के गेहूं, मिर्चा और कद्दू के कर दिया। ग्रामीण और किसान प्रशासन कराह रहे है। हाथियों के चलते विभाग के अधिकारी उदासीन नजर आ रहे है। इधर किसान आये दिन हाथी द्वारा खेतों में तैयार फसल को बर्बाद करने से परेशान हैं। गांव के खेतों में लगी सब्जियों और फसल बचाने की चिंता सता रही है। ग्रामीण रात जग्गा करने को विवश हैं।

## खतयानी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी से निष्कासित

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खतयानी झारखंडी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुरी पूर्वी पंचायत के छोटा मुरी निवासी फलारी महतो को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है! निष्कासित करने के बाद सूचना जारी कर दिया गया है! पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अंबुज रजक ने बताया है कि पार्टी के प्रखंड कार्यालय में पार्टी सदस्य के एक अवश्क बैठक रखी गई थी, बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप से फलारी महतो को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है! उन्होंने कहा है कि इस संबंध में सभी जगह इस संबंध में सूचना दे दी गई है!

## आरवीएम की बैठक में 31 सूत्री ज्वलन्त मांग पर चर्चा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक डकरा में आरबीएम के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के आवास में किया गया. बैठक की अध्यक्षता बिगन भोगता व संचालन रामलखन गंझु ने किया. बैठक में क्षेत्र के रैयत विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा किया गया. बैठक के दौरान चर्चा में बिगन भोगता ने कहा कि पूर्व में एन के एरिया प्रबंधन को 31 सूत्री मांग पत्र दिया गया था. उस पर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है. इसलिए अब सभी रैयतों आर पार की लड़ाई लड़नी होगी. बैठक में मुख्य रूप से प्रभाकर गंझु,कन्हाई पड़ी, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझु, धनराज भोगता, बिरेंदर यादव,हेमलाल गंझु, खीरू गंझु,नरेश यादव,कुलदीप साव, सुकरा गंझु,आनंद गंझु,कमलेश्वर गंझु आदि उपस्थित थे.

## कीर्तन मण्डली सम्मान समारोह को लेकर बैठक

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चैती दुर्गा मंडप बीजुपाड़ा में केंद्रीय कीर्तन मंडली समिति के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई।बैठक में मुख्य रूप से होने वाले आगामी कीर्तन मंडली सम्मान समारोह को भव्य और सफल बनाने पर विचार -विमर्श किया गया।बैठक में समिति के सभी गणमान्य ज्येष्ठ,श्रेष्ठ,कनिष्ठ,वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुवे। साथ ही समस्त ग्रामवासी, क्षेत्रवासी सनातन परिवार संग निमंत्रित कीर्तन मंडलियों से निवेदन पूर्वक आग्रह किया गया है कि, दिनांक,26/4/2023, दिन बुधवार समय, 9:30, बजे कार्यक्रम स्थल, ग्राम गुटुवा (चोरेया) श्री पंचमुखी गणेश मंदिर प्रांगण क्षेत्र में आप, सशरीर उपस्थित होकर इस महान पुण्य कार्य में अपनी अमूल्य योगदान देकर आयोजक समिति का उत्साहवर्धन करें।

## खूंटी जिले से सिकल सेल मुक्ति अभियान की शुरुआत

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में सुगम स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त, शशि रंजन की पहल पर अब खूंटी जिले में पहली बार सिकल सेल अनीमिया मुक्ति अभियान की शुरुआत भी की जा रही है। वर्तमान समय में जहां एक ओर स्वास्थ्य सुविधाओं से लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ी हैं वहीं दूसरी ओर जनजातीय आबादी विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के अनुसार, झारखण्ड में सिकल सेल एनीमिया की सबसे अधिक प्रसार दर है, जिसमें अनुमानित 15-20ब आबादी में ये पाया जाता है। यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग है, ये विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है। गंभीर एनीमिया, पीलिया, विकास में देरी और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। सिकल सेल अनीमिया एक गंभीर रोग है जिसके उपायों और उपचार की जानकारी सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।सिकल सेल अनीमिया मुक्ति अभियान की शुरुआत खूंटी जिले में की जा रही है। इस सार्थक पहल से क्षेत्र के लोगों में जागरूकता आयेगी और प्रभावित लोगों की काउंसलिंग और उपचार की सुविधाएं सुगम हो सकेंगी। यह आवश्यक है कि हमारे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इन विकारों के लक्षणों और शीघ्र पहचान के संबंध में जागरूक किया जाए। प्राथमिक रूप से रक्त परीक्षण के माध्यम से सिकल सेल की समय पर पहचान कर प्रभावित लोगों को उचित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा सकते हैं।

# तीन मई तक मजदूरों की समस्या का समाधन हो, नही तो उग्र आंदोलन होगा : यूसीडब्लूयु

▪प्रबंधन के उपेक्षित रवैया से मजदूरों में काफी रोष

▪आज तक नहीं हो सका सीएमपीएफ के मुद्दा समाधान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एआईटीयूसी, (यूसीडब्ल्यू)यूनियन ने एनके एरिया प्रबंधन को बिगत 10 अप्रैल को संगठित व असंगठित मजदूरों का ज्वलन्त समस्याओं को लेकर 13 सूत्री मांग पत्र सौपा गया था. मांग पत्र सौपने के बाद एनके एरिया प्रबंधन ने यूनियन के पदाधिकारियों को तो वादा कर देते है,लेकिन पूरा करना भूल जाते हैं. एनके प्रबन्धन को यूसीडब्लूयु के तरफ से 10 अप्रैल को 13 सूत्री मांग पत्र दिया गया.उसके बाद प्रबंधन ने 13 सूत्री मांग पर यूनियन को स्पष्ठ रूप से अस्वासन दिया था कि 24 अप्रैल तक पूरा समस्या का निराकरण कर दिया जायेगा. लेकिन प्रबंधन के ढुल मूल रैवये कारण 24 अप्रैल को भी संगठित असंगठित मजदूरों का समस्या का समाधान नही कर पाये,अथवा यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन को लेटर जारी कर कहा था कि 23 अप्रैल तक समस्या का समाधन नही हुआ तो 24 अप्रैल को डीएम कार्यलय के समक्ष धरना दिया जायेगा. 24 अप्रैल हो जाने के बाद एनके प्रबंधन ने यूनियन के पदाधिकारियों को एक पत्र जारी करते हुए बताया कि 3 मई तक समस्या के समक्ष में वार्ता करने की बात कही. इस पर प्रबंधन के उपेक्षित रवैया से मजदूरों में काफी रोष व्याप्त हो गया. मजदूरों का कहना था अगर प्रबंधन को वार्ता करना था या समस्या का समाधान करना था तो 24 अप्रैल से पूर्व कर लेना चाहिए लेकिन प्रबंधन को तो मजदूरों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है वाह अपने अस्तर से काम करती है जैसे असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ बोनस का मामला उनके प्रबंधन के साथ 1 वर्ष से वार्ता चला रहा है, लेकिन आज तक एक भी सीएमपीएफ का मुद्दा समाधान नहीं हो सका है. जिससे असंगठित मजदूरों का एनके प्रबंधन से विश्वास उठ गया है प्रबंधन केवल असंगठित मजदूरों के साथ में छलावा का काम कर रही है. इसी को लेकर एआईटीयूसी कार्यालय डकरा में क्षेत्रीय एवं परियोजना अस्तर के यूसीडब्ल्यू के सभी पदाधिकारी की एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता कृष्णा चौहान ने किया. बैठक में एनके एरिया प्रबंधन से आहत अथवा जूठा असवासन से त्रस्त होकर पदाधिकारियों ने एक स्वर में 3 अप्रैल तक समस्या का निदान नही तो उग्र आंदोलन किया जायेगा.मौके पर दिनेश भर,सीताराम साहेब, प्रेम कुमार, शिव प्रकाश चौहान, अशोक राम,चंदन शर्मा, अरविंद कुमार,संजय कुमार, रामू कृष्णा शर्मा, भानु प्रताप यादव,संतोष प्रजापति,लोकनाथ महतो,वीरेंद्र सिंह, आनंद तुरी, अनु महतो,राजू महतो एवं सैकड़ों की संख्या में असंगठित मजदूर उपस्थित थे.

## खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर सतत् विकास लक्ष्य के अंतर्गत थीमवार आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य रूप से आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा एवम सुशासित ग्राम पंचायत पर चर्चा किया गया. इस कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन में मुखिया उप मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य , सामाजिक कार्यकर्ता गण , विभिन्न विभाग से पंचायत स्तरीय कर्मी शिक्षक गण रोजगार सेवक पंचायत सेवक कृषक मित्र सहिया सेविका एएनएम ग्राम संगठन संघ जेएसएलपीएस विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे. कार्यक्रम में प्रभात फेरी के साथ राष्ट्रीय पंचायत दिवस का शुरुवात किया गया. जिसमे सब हाथ बढ़ते जाएं, पंचायत को आगे बढ़ाते जाएं का नारा लगाया गया. इसके बाद परिचय सत्र चलाया गया, जिसमें सभी सदस्य अपना एक दूसरे को परिचय दिए. मुखिया के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत समन्वय समिति के बारे में बताते हुए सबसे पहले ग्राम पंचायत समन्वय समिति को चिन्हित करना एवं ग्राम पंचायत द्वारा लिए संकल्प विषयों पर ग्राम समन्वय समिति को उन्मुखीकरण करना. इस कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, जिला परिसद सरस्वती देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

# इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची ने देशभर के शीर्ष चार टॉप होटल मैनेजमेंट में जगह बनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट( आईएचएम) रांची ने कंपटीशन सक्सेस रिव्यू के रैंकिंग सर्वे वर्ष 2023 हेतु संस्थान में छात्रों के नामांकन एवम प्लेसमेंट की प्रतिशत, इन्फ्रास्ट्रक्कर, शिक्षकों के शिक्षण कौशल, जनता की धारणा के आधार पर देशभर के सभी 48 सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थान में प्रथम चार में अपनी जगह बनाई है। कंपटीशन सक्सेस रिव्यू द्वारा होटल ले मेरिडियन, विंडसोर पैलेस, जनपथ, न्यू दिल्ली में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में आईएचएम राँची को टॉप होटल मैनेजमेंट संस्थानों में प्रथम चार में स्थान प्राप्त करने हेतु ÷सीएसआर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस 2023÷ से सम्मानित किया गया। संस्थान अपनी स्थापना के चार वर्षो के भीतर संस्थान लगातार उपलब्धियां हासिल कर झारखंड राज्य एवम देशभर के अतिथ्य एवं होटल उद्योग के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हुआ है। डॉ. भूपेश कुमार, प्राचार्य, आईएचएम रांची ने इस अवॉर्ड हेतु सीएसआर की अभिवादन करते हुए संस्थान के सभी कर्मठ शिक्षक एवम शिक्षकेतर कर्मियों की कड़ी मेहनत की सराहना की एवम सभी को बधाई भी दी द्य साथ ही



बताया की आईएचएम रांची अपनी प्रदर्शन से आतिथ्य एवम होटल प्रबंधन के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल किया है एवम इस क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका भी निभाता रहेगा। इस अवॉर्ड सेरेमनी में मुख्य अथिति श्री एस के सचदेवा, सीएसआर संस्थापक एवम संपादक, डॉ. भूपेश कुमार, प्राचार्य, आईएचएम रांची, श्री निसित श्रीवास्तव, आईएचएम मुंबई, अश्वनी कुमार, एचसीएचएमसीटी एवम अन्य गणमान्य उपस्थित रहें। श्री सचदेवा ने संस्थान की कर्मठता, कड़ी मेहनत, उत्कृष्टता, कभी हार ना मानने एवम कार्य के प्रति निष्ठा की काफी सराहना की तथा आईएचएम रांची को टॉप होटल मैनेजमेंट अवॉर्ड्स से सम्मानित होने पर बधाई भी दी।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के चौथे दिन उत्क्रमित मध्य विद्यालय महाबीर नगर में प्रतियोगिता समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सशक्त पंचायत सतत विकास कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय राष्ट्रीय पंचायती राज दिवसीय कार्यक्रम कार्यशाला की समाप्ति की गयी. अंतिम चौथे दिन की कार्यशाला में बुकबुका पंचायत के शिवदास राम आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा एवं सुशासित ग्राम पंचायत के अंतर्गत सब हाथ जोड़ते जाएं,पंचायत को आगे बढ़ाते जाएं के तहत ग्राम पंचायत द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वार्ड नंबर सात सह शिक्षा समिति के सदस्य ने चौथे दिन कार्यक्रम का कार्य दायित्व को विस्तार पूर्वक बताएं. तत्पश्चात 21 अप्रैल को किए गए प्रतियोगिताओं में जोकर के मुंह में गेंद में प्रथम विक्की कुमार सोनी,



द्वितीय लवली कुमारी, ग्लास बाल्टी में सिक्का डालना में प्रथम रिषिका कुमारी,द्वितीय अक्सा परवीन के साथ रस्सी वाला खेल में सावन महतो टीम ए और माहि कुमारी टीम बी के सभी विजेता खिलाड़ियों को उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा कुल 24 पुरस्कार वितरण किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य रंथु साहु, ग्राम सेवक महेश राम, वार्ड सदस्य सोनी कुमारी,सहिया खिरिस्ट नीरा गिद्ध और वार्ड सदस्य गुलरेज अंसारी का सराहनीय योगदान रहा.


### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

**शुद्धि–पत्र**

इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RE-01/RDSD/RAMGARH/07/2022-23 (2nd Call) **DMFT मद अन्तर्गत 07 (सात अदद् आँगनबाडी केन्द्र)** जिसका PR No.– 293578 Rural Work Department (2022-23)#D में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

- वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 26.04.2023
- ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 03.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
- निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 08.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक, स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकस विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ में लिया जायेगा।
- निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.05.2023 अपराह्न 02:00 बजे

**शेष सभी यथावत् है।**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 295779 Rural Work Department(23-24).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग
### भवन प्रमंडल, गुमला

**निविदा संख्या 01/2023–24 के शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2023–24 पी0आर0 295111 Building (23-24)D के क्रम संख्या 06 एवं 07 में कार्य का नाम क्रमशः Construction of Additional Class Room in Scheduled Tribes Residential School at Bishunpur, Gumla एवं Construction of Additional Class Room in Scheduled Tribes Residential School at Ghaghra, Gumla पढ़ा जाय, एवं सभी कार्यो का परिमाण विपत्र विक्री की तिथि दिनांक 28.04.2023 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 29.04.2023 पढ़ा जाय। बाकी शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल, गुमला

PR 295775 Building (23-24)_D



### Government of Jharkhand
**Urban Development & Housing Department Municipal Corporation, Hazaribag**
**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/01/2023-24**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rejuvenation/Renovation of Khajanchi Talab in Ward No. 27 under Hazaribagh Municipal Corporation, Hazaribag | 1,66,47,994/- | 3,35,000/- | 10,000/- | 09 Month (270 days) |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 28.04.2023 at 11:00 A.M. | | | |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 08.05.2023 up to 2:00 P.M. | | | |
| 4 | Hardcopy Submission date | 09.05.2023 up to 2:00 P.M. | | | |
| 5 | Bid Opening date | 09.05.2023 at 02:00 P.M. | | | |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 | | | |

NOTE :
•Only e-Tenders will be accepted.
•No Hard Copy will be accepted after 09-05-2023 up to 2.00 PM.
•Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

PR 295846 Urban Development and Housing(23-24)D

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**(तृतीय आमंत्रण)**

निविदा सूचना संख्या– DHANBAD-1/OandM/21/2022-23 (3rd call) — दिनांक – 24.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Operation and Maintenance of 13.50 MLD WTP at Kandra, Intake works at river Damodar (Chasnala), Raw water rising mains D.I. K-9 from Intake well to WTP, Clear water rising mains D.I. K-7 from WTP at Kandra to 5 Nos. ESR and distribution main of allied area under Dhanbad water supply project under JnNURM for 1year including the cost of chemical but Excluding the cost of energy charges in the district of Dhabad. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 52.20084 लाख |
| 3 | अग्रधन की राशि | रू0 1.05 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 26.04.2023, 4.00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.05.2023, 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान। | 08.05.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। |
| 8 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 08.05.2023, 05.00 बजे अपराह्न |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 0326–2311259 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–1280345 |

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट नं0– http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद

PR 295820 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



### हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰ 02/2023–24**

1.कार्य का विवरण :–

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation/Beautification Of Back Side Of Open Theatre Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 4,50,000.00 | 10,000/- | 1,000/- | 01 month (30 days) |
| 2. | Construction of P.C.C Road with GSB in back side of Gandhi Smarak in Jheel No.04 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 3,03,800.00 | 7,000/- | 1,000/- | 01 month (30 days) |
| 3. | Construction of P.C.C Road from H/o Md. Taslim to road Near Urdu School in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 3,00,800.00 | 7,000/- | 1,000/- | 01 month (30 days) |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 02.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 03.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 03.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक
4. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

**नोट :–** निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 295843 Urban Development and Housing(23-24).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/01/2023-24 e-tender**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिलान्तर्गत काँके रोड स्थित कृषि निदेशालय के उत्तरी छोर पर पलाष मार्ट का निर्माण। | 499.27 | 9,98,600.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 04.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.05.2023 से दिनांक 15.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 18.05.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.05.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची।
10. ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9523491111 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाश नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR295805 (Rural Development)23-24*D



### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
### सर्वसाधारण के लिए सूचना।

उपरोक्त लोअर बाजार थाना काण्ड सं0–63/15, दिनांक–18.02.15, धारा–419/420, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1. अनिल उराँव, पे0–गन्दुरा उराँव, सा0–रेंगोला, पोस्ट–बिरकेरा, थाना–सुरसाँग, जिला–गुमला, के विरूद्व माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, जे0एम0 XI व्यवहार न्यायालय राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गयाहै।

**Court of Sri KAMLESH BEHRA**
**J.M-XI, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSEDLOWER BAZAR-**63/2015**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
**ANIL OROAN S/O- GANDURA OROAN, R/O- RENGOLA, PO- BIRKERA, PS- SURSANG, DIST-GUMLA,**
शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)
3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफतारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) — जब
4. मोकाम।
**U/S-419/420** IPC — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — 27.05.2023 — अ–हजुर(6) — ब–तारीख — माह — नालिश–मजकुर करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो आज तारीख — माह — सन
13-04-2023

**s/d- Sri KAMLESH BEHRA**
**J.M-XI, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, अनिल उराँव, कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/**Court of Sri KAMLESHBEHRA J.M-XI, RANCHI** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
पुलिस उपाधीक्षक,नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार, राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 295822 Police(23-24)D

## रोमांचक गेमिंग अनुभव के लिए घर लाइए ब्राविया एक्स75एल टेलीविजन




**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनी इंडिया ने आज 4के अल्ट्रा एचडी एलईडी डिस्प्ले के साथ नई ब्राविया एक्स75एल टेलीविजन सीरीज की घोषणा की। ये अत्याधुनिक टेलीविजन व्यक्तिगत और जीवंत दृश्यता अनुभव प्रदान करने के लिए परिभाषित किए गए हैं। एक्स75एल के साथ, सच्चे मनोरंजन की दुनिया में प्रवेश करें और रोमांचकारी खेलों, सुंदर रंगों में फिल्मों और स्पष्ट और स्वाभाविक आवाज के साथ अविश्वसनीय 4के स्पष्टता का अनुभव करें। एक्स1 4के प्रोसेसर और लाइव कलर तकनीक के साथ सुंदर रंग, कंट्रास्ट और फाइन डिटेल्स का अनुभव करें। एक्स-रियलिटी प्रो और मोशनफ्लो एक्सआर के साथ शानदार 4के पिक्चर क्वालिटी का अनुभव करें ताकि देखने के अनुभव को अधिक स्पष्ट और सहज बनाया जा सके। डॉल्बी ऑडियो और स्पष्ट चरण प्रौद्योगिकी के साथ प्रभावशाली बास, शक्तिशाली और प्राकृतिक ध्वनि के साथ एक व्यापक अनुभव का आनंद ले। एक्स75एल सीरीज़ गूगल टीवी के साथ स्मार्ट उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करती है जो 700,000. मूवी और टीवी सीरीज़ के साथ-साथ 10,000. ऐप्स और गेम्स के माध्यम से अंतहीन मनोरंजन प्रदान करती है। यह एप्पल एयरप्ले2 और होमकिट के साथ भी निर्बाध रूप से काम करता हैं।


## बाबु वीर कुंवर सिंह की परपोती रेणु सिंह वीरांगना फाउंडेशन की है शान : रजनी सिंह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाबु वीर कुंवर सिंह के विजय उत्सव के अवसर पर अंतराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउन्डेशन के लिए बडी गर्व की बात है बाबु वीर कुंवर सिंह के परिवार की धरोहर हमारे साथ है, जो संस्था के हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। वह कोई और नहीं ब्लकि मानगो में रहनेवाली वीर कुंवर सिंह की परपोताति रेणु सिंह हैं। उक्त बाते अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फ़ाउंडेशन की रजनि सिंह ने कही है। रजनी सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फ़ाउंडेशन की अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के नेतृत्व में वीरांगना फाउन्डेशन बहुत ही तेजी से विकास कर रहा है।

## चिल्गू विद्यालय के पूर्व शिक्षक का निधन, शिक्षकों व छात्रों में शोक की लहर

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिल्गू



कल्याणपुर के पूर्व शिक्षक पवन सिंह का निधन ब्रेन हेमरेज से हो गया है। वे बीते रविवार की शाम को गालूडीह महीसडूबा अपने घर के चापानल में बाल्टी में पानी भरने के दौरान दर्द उठने के कारण जमीन में गिर गए थे। उसके बाद आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर चिल्गू स्कूल के सभी शिक्षकों व छात्र शोक में डूब गए। सोमवार को उत्क्रमित उच्च विद्यायल चिल्गू कल्याणपुर के छात्रों एवं शिक्षकों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए पांच मिनट का मौन रखा।

## भाजपा नेता का हाल जानने उनके घर पहुंची विधायक सविता महतो



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के दयापुर निवासी भाजपा नेता सह पूर्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग चंद्र महतो विगत दिनों से बीमार है। वेल्लोर से इलाज कराकर लौटने पर सोमवार को उनका हालचाल जानने विधायक सविता महतो उनके घर पहुंचे। इस दौरान विधायक ने उनके कुशल क्षेम जाना और जल्द स्वस्थ होने का कामना किया। साथ ही विधायक ने उनके परिजनों को इलाज के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शक्तिपद महतो, प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, नव किशोर हांसदा, कित्तीवास महतो, सपन महतो आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीआईजी करेंगे शास्त्रीनगर उपद्रव का पर्यवेक्षण, रघुवर भाजपाजनों से मिलने पहुंचे केंद्रीय कारा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह से टेलीफोन पर बातचीत की तथा उनसे कहा कि शास्त्रीनगर उपद्रव के मामले में कई निर्दोष व्यक्तियों को नामदर्ज आरोपी बनाया गया है। अतः वरीय पुलिस पदाधिकारी से इस मामले की जांच कराकर निर्दोष लोगों का नाम हटाया जाये। श्री दास के आग्रह को मानते हुए डीजीपी ने कोल्हान के डीआईजी से मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व श्री दास ने शास्त्रीनगर उपद्रव के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में भेजे गये भाजपाजनों से केंद्रीय कारा, घाघीडीह में मुलाकात की। श्री दास के साथ केंद्रीय कारा पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मेनका सरदार, महानगर भाजपा अध्यक्ष गुंजन यादव, महामंत्री राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, भुपेन्दर सिंह, विभीषण सरदार, चंचल चक्रवर्ती, संदीप शर्मा बौबी व अन्य शामिल थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

# सरायकेला जिले में 2239 शिक्षक पद सृजन, जल्द होगी बहाली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में कक्षा 1 से 5 वर्ग के लिए 865 तथा कक्षा 6 से 8 वर्ग के लिए 1374 शिक्षक पद सृजन पर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। बैठक के सम्बंध उपायुक्त ने पत्रकारों से वार्ता के क्रम



कहा कि प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने तथा जिला के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक की कमी को देखते हुए सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में आज कक्षा एक से आठवीं वर्ग के लिए कुल 2239 नए पद सृजन के लिए समिति सदस्यों के सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है। पूर्व में कक्षा 1 से 8 वर्ग के लिए 1452 शिक्षक कार्यरत थे। कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी हो रही थी। नव सृजित पद के बाद जिले में कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के लिए 3691 शिक्षक होंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम, सभी विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि एवं शिक्षक संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां की बैठक में निबंधन कराने का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां की सोमवार को सरायकेला कार्यालय में एक आपात बैठक की गयी. बैठक में सहमति बनी की सबसे पहले प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां का निबंधन कराया जायेगा. इसके बाद पत्रकार हित में बारी-बारी से



कार्य किये जायेंगे. बैठक में मुख्य रूप से प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के अध्यक्ष भरत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बसंत साहू, महासचिव विपिन कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष गोलक बिहारी, उपाध्यक्ष विजय साव, गणेश सरकार, पारसनाथ ठाकुर, सचिव राजकिशोर सिंह, जितेंद्र कुमार शर्मा, प्रेम सिंह, संगठन सचिव एलबी शास्त्री और बिल्लू शर्मा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में कार्तिक परीक्षा, अजीत कुमार अज्जू, दिलीप लाभ, सोनू सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

## टाटा स्टील ब्लास्ट फर्नेस में शुरु हुआ रिकॉर्ड उच्च हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन के लिए परीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने अपने जमशेदपुर वर्क्स में ई ब्लास्ट फर्नेस में 40 प्रतिशत इंजेक्शन सिस्टम का उपयोग करके हाइड्रोजन गैस के इंजेक्शन का परीक्षण शुरू कर दिया है। दुनिया में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी ब्लास्ट फर्नेस में इतनी बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन गैस लगातार डाली जा रही है। यह परीक्षण 23 अप्रैल, 2023 को शुरू हुआ और लगातार 4-5 दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। जो हरित ईंधन इंजेक्टेंट के साथ ब्लास्ट फर्नेस के संचालन में बहुमूल्य जानकारियां प्रदान करेगा, जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करेगा और ब्लास्ट फर्नेस से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करेगा। यह प्रयास कंपनी के 2045 तक नेट जीरो बनने के विजन के अनुरूप है। इस परीक्षण में कोक की दर को 10 प्रतिशत तक कम करने

**दुनिया का पहला ब्लास्ट फर्नेस में इतनी बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन गैस को लगातार इंजेक्ट किया**

की क्षमता है, जो प्रति टन क्रूड स्टील के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 7-10 प्रतिशत की कमी करता है। इस अवसर पर उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील ने कहा कि जमशेदपुर वर्क्स में एक ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन का परीक्षण शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉ. देवाशीष भट्टाचार्जी, वाइस प्रेसिडेंट (टेक्नोलॉजी एंड आरएंडडी) टाटा स्टील ने कहा कि, डिकार्बोनाइजेशन की दिशा में हमारे प्रयास एक सस्टेनेबल कल बनाने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं।

## पृथ्वी दिवस पर इंगलिश स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया अयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर इंगलिश स्कूल मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय ने पौधारोपण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार पर्यावरण में प्रदूषण फैल रहा है और पेयजल की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इस मौके पर विद्यालय व आसपास के क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन नीलू झा ने किया। इस मौके पर




विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन रिंकू राय, सचिव शिप्रा पाल, प्रशासक रीमा बनर्जी आदि भी मौजूद थी। कार्यक्रम के आयोजन में चन्दना सिंह, शीला महतो, सरिता मोहंती, सरिता मिश्रा, रमिता साहू ,रूपम सिंह, निशा गुप्ता, मुकेश पाठक, श्वेता कुमारी, सुमिता, पोमा साव, अमीता सिंह, रुपाली महतो, ईदैता कुमारी, अमित महतो, नंदा तरफदार, सुनीता महतो, सुमन कुमारी, नीधि पाण्डेय, रोमिका, पंकज कुमार, कमलजीत कौर, आलोका महतो, वीणा, आरती महतो, पूनम कुमारी, आदि थे।

## के एस कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति व इसके क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** काशी साहू महाविद्यालय सरायकेला में आईक्यूएसी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं इसके क्रियान्वयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सह एनईपी के को-ऑर्डिनेटर डॉ प्रभात कुमार पाणी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षेकेत्तर कर्मचारी सहित सिंहभूम



महाविद्यालय चांडिल के प्रभारी प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैबर्त्ता, डिग्री महाविद्यालय बुरुडीह खरसावां के प्रभारी प्राचार्य डॉ मुस्ताक अहमद, महिला महाविद्यालय सरायकेला व मॉडल कॉलेज खरसावां के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की छात्राओं ने परम्परागत तरीके से किया। स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी एन प्रसाद ने दिया। मंच संचालन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने किया।

## बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक में नए सत्र की पाठ्यक्रम की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा स्थित बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक (झारखण्ड सरकार द्वारा स्थापित एवं एल.एन.जे.पी. द्वारा संचालित, झारखण्ड प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त) नए सत्र एवं नए पाठ्यकर्मो के आगाज के लिए पूरी तरह तैयार है। विगत कुछ ही वर्षो मे कॉलेज ने पूरे प्रदेश में अपने पठन-पाठन, प्रशिक्षित एवं अनुभवी फैक्लटीज, आधारभूत शिक्षण एवं प्रैक्टीकल ट्रेनिंग की आधुनिकतम




सुविधा के बल पर आज यह कॉलेज अपने छात्रों को 95 प्रतिशत कैंपस प्लसमेंट देने में सफलता हासिल की है। उक्त जानकारी बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक के वाईस प्रिंसपल अनुराग कुमार झा ने दी. इस वर्ष अब तक 85 प्रतिशत छात्रों को जॉब का ऑफर प्राप्त हो चूका है। ज्ञात हो की बहरागोरा पॉलिटेक्निक प्रोधोगिकी के क्षेत्र में अब तक तीन संकाय (मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं सिविल इंजीनियरिंग में पाठ्यकर्म एवं नामांकन कराता रहा है। कॉलेज ने तीन नए सत्र कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, बीबीए एवं बीसीए को इस वर्ष (2023 - 24 ) में जोड़ा गया है। उक्त अवसर पर अनुराग कुमार झा के अतिरिक्त इलेक्ट्रीकल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार, मैकेनिकल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रयाग प्रजापति, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के मुख्य ए. नारायण महतो भी उपस्थित थे।

## अभय की अध्यक्षता में हुई आरकेएफ कामगार संघ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ के कार्यकारिणी कमेटी की बैठक अध्यक्ष अभय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी एक मई को मजदूर दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया कि इस मौके पर सर्वप्रथम प्रातः आठ बजे औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित कंपनी गेट से बाइक रैली निकाली जाएगी जो गम्हरिया बाजार, उषा मोड़ होते हुए पुनः गेट पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। तत्पश्चात, गेट के समक्ष यूनियन का झंडोत्तोलन कर सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा के बाद कंपनी व आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष दिनेश राम, महासचिव तारकेश्वर यादव, सह सचिव विपुल गोलदार, संगठन सचिव जीपी दास, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, नवल झा, शैलेन्द्र सिंह समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## तुलसी भवन में काव्य कलश का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक काव्य कलश सह 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू कुंवर सिंह एवं साहित्यकार द्वय माखनलाल चतुर्वेदी तथा राहुल सांकृत्यायन की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी तथा संचालन, समिति के कार्यकारिणी सदस्य ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र ने किया । इस अवसर पर स्वागत भाषण तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी



एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव डॉ अजय कुमार ओझा द्वारा किया गया । सुस्मिता मिश्रा के सरस्वती वंदना के बाद विनय कुमार श्रीवास्तव फूलन ने बाबू कुंवर सिंह पर काव्यात्मक परिचय प्रस्तुत किया। वसंत जमशेदपुरी ने माखनलाल चतुर्वेदी तथा अजय प्रजापति ने राहुल सांकृत्यायन का साहित्यिक जीवन परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में उपस्थित शहर के 40 नामचीन कवियों ने स्वरचित काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में पिछले दिनों कश्मीर के पुंछ में हुये आतंकी हमले में शहीद हुए पाँच भारतीय सैनिकों के प्रति दो मिनट मौन प्रार्थना की गई ।

## एसेम्बली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस के अध्यक्ष बने रवींद्र कुमार शर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** एसेम्बली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस की गम्हरिया में आयोजित बैठक में संगठन के सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी का गठन किया गया। उक्त कमेटी में सर्वसम्मति से रवींद्र कुमार शर्मा को अध्यक्ष, संजय बैठा को उपाध्यक्ष, नीरज कुमार सिंह को महासचिव, अरविंद कुमार को संयुक्त सचिव और सुमन्त कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था



के चेयरमैन भीष्म सिंह ने संगठन की कार्यप्रणाली से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को अवगत कराते हुए निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। बैठक को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशांत सिंह सोलंकी, मुख्य सलाहकार ऋतुराज घोष, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष मंजय कुमार सिंह, पूर्वी सिंहभूम यूथ विंग जिलाध्यक्ष डॉ रविंदर पाल सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर कई अन्य विन्दुओं पर भी चर्चा की गई।

## हत्या के बाद टुकड़ों में फेंकी गई लाश को ओड़िसा पुलिस ने पटमदा से किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**परमदा :** ओड़िसा के रायरंगपुर टाउन मॉडल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 निवासी एक युवक डमरूधर महांती उर्फ विक्की की हत्या पिछले एक माह पूर्व जमशेदपुर के सोनारी स्थित एक फ्लैट में कर दी गई थी। इसके बाद उसकी लाश के चार टुकड़े करते हुए कपड़े का बैग व ट्रॉली बैग में भरकर चार अलग-अलग जगहों पर छिपाने का आरोप सोनारी निवासी एक दंपति पर लगा है। इसी शिलशिले में रायरंगपुर टाउन मॉडल थाना की इंस्पेक्टर स्वर्णलता मिंज के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने पटमदा थाना प्रभारी रणजीत



फाइल फोटोः डमरूधर महांती (मृतक)

कुमार सिंह व कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार की मदद से रविवार को ही दोनों जगह पर लाश को देख लिया था। सोमवार को ओड़िसा से आई एफएसएल की टीम ने रायरंगपुर व स्थानीय पुलिस



अधिकारी की मौजूदगी में लाश को बैग से निकाल कर जब्त किया गया। ठनठनी घाटी में जो हिस्सा बरामद हुआ वह एक लाल रंग का ट्रॉली बैग में मिला। जबकि जामबनी वाला एक कपड़े का बैग में था। इस संबंध में जांच टीम का नेतृत्व कर रही इंस्पेक्टर स्वर्णलता मिंज ने बताया कि मृतक डमरूधर उर्फ विक्की पेशे से चालक था जो कार एवं ऑटो चलाता था। उसका आरोपी महिला खुशबू के साथ प्रेम संबंध था और आपसी विवाद में ही घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपी दंपति ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वह 20 मार्च को अपने घर से लापता होने के बाद परिजनों ने 13 अप्रैल को रायरंगपुर टाउन मॉडल थाना में उसकी गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा इसके बाद छानबीन के क्रम में तकनीकी सेल की मदद में मोबाइल लोकेशन के आधार पर खुशबू सागर व उसका पति कमल कांत सागर पकड़ा गया और उसके बाद घटना का खुलासा हुआ। अभी तक लाश के दो हिस्से जो चांडिल थाना क्षेत्र के दो जगहों पर फेंके जाने की जानकारी दी गई है उसे बरामद नहीं किया जा सका। हो सकता है कि कुत्तों के द्वारा उसे नोच लिया गया हो या अन्य कोई कारण से गायब हो गया होगा। पुलिस के समक्ष आरोपियों ने जो जानकारी दी उसमें बताया गया कि वह (विक्की) करीब 15 दिनों पूर्व जेल से निकलने के बाद खुशबू को ब्लैकमेल कर रहा था इसलिए पति-पत्नी ने मिलकर खत्म करने का प्लान बनाया। जबकि मृतक के भाई का आरोप है कि विक्की की हत्या किसी ने सुपारी देकर करवाई है जिसकी गहराई से जांच करने पर ही खुलासा हो सकता है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# उपायुक्त की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर कि समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी 5 क्षेत्रों के विभिन्न सूचकांको की समीक्षा की। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधी घनश्याम शर्मा ने मासिक रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिले की स्थिति क्षेत्रानुसार बताई साथ ही बेसलाइन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। जिला का फरवरी महीने में डेल्टा रैंक जहां 90 है, वहीं शिक्षा में 15, स्वास्थ्य में 95, कृषि और जल संसाधन में 92, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में 81 रैंक रहा। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकरी सहित सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए आपस में समन्वय स्थापित कर ससमय डाटा उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इस तरह के डेल्टा रैंकिंग संतोषजनक नहीं है इसमें और बेहतर सुधार करने की आवश्यकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कृषि विभाग के सहायक कार्यपालक अभियंता राहुल गुप्ता, पीरामल फाउन्डेशन के प्रतिनिधी घनश्याम शर्मा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में सभी पंचायतों ने लिया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सभी पंचायत भवन में सोमवार 24 अप्रैल को सभी मुखिया उप मुखिया अपने-अपने पंचायतों में सभा का आयोजन कर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर पंचायत को अधिक से अधिक विकास करने का संकल्प लिया।जिसमें उपनिदेशक पंचायती राज झारखंड सरकार रांची के ज्ञापन 1 स्थाएंवि 33/022-968 दिनांक 19अप्रेल के आलोक में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया गया। और पंचायत के अलग अलग गांव में पेड़ लगाकर हरा भरा पंचायत एवं पर्यावरण युक्त बनाने का भी संकल्प किया है। एवं घरों के आस-पास स्वच्छ व साफ सफाई कभी विशेष ध्यान रखने को लेकर शपथ लिया। पंचायत एवं गांव के उत्थान से ही राष्ट्र उत्थान संभव है। इस मौके पर उपस्थित सभी पंचायत के मुखिया, मुखिया पति एवं वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रस्तावित भारत-माला एक्सप्रेस वे का चतरा के ग्रामीणों ने किया विरोध



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रस्तावित भारत माला एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। चतरा के डाढ़ा गांव के ग्रामीणों ने जनसंघर्ष मोर्चा और सबरी समिति के तत्वाधान मे हजारो की संख्या मे चतरा के डाढ़ा गांव के ग्रामीणों ने रैली निकालकर केन्द्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए एक्सप्रेस वे का जमकर विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणो ने कहा कि हम मजदूर किसान वर्ग के लोगो के वर्षो के कमाई की जमीन को सरकार छिनने के लिए उताऊ है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार जिस एक्सप्रेस वे को कल्याणी बता रही हैं वह हम ग्रामीणों के विनाशकारी है। ग्रामीणों ने कहा कि चाहे जिस हद से भी हमें गुजरना पड़े लेकिन हम एक इंच जमीन नहीं देंगे।

## बड़गांव से मिला एक अज्ञात शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव पंचायत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है जिसको लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बडगाव के जंगल में मिला एक अधेड का शव, कि जा रही है हत्या की आशंका। घटना की जानकारी मिलते ही टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने पूरे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद किया। एवम् अंत्य परीक्षण के लिए चतरा भेजा गया खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# नल-जल योजना से ग्रामीणों को नहीं पहुंचा कोई लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड में करोड़ों खर्च कर प्रत्येक घर तक पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से चल रही नल जल योजना का ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम सोहर में कुल 13 सोलर जलापूर्ति मीनारें बनाई गई है जिससे गांव में घर-घर तक जल पहुंचाने का कार्य किया जाना था। लेकिन संवेदक के द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करते हुए सिर्फ खानापूर्ति करते हुए मीनारें लगा दी गई, पाइप बिछाकर नल भी लगा दिया गया है। लेकिन गांव में कुल 13 सोलर जलापूर्ति मीनारों में से मात्र 2 से 3 जल मीनार ही जलापूर्ति कर पा रही है इसके अलावा अन्य जल मीनारों में लगी टंकियां ग्रामीणों का मुंह चिढ़ाने का कार्य कर रही है। इस संबंध में सोहर के ग्रामीण चेहरू कवर, सोहना कवर समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि जब से सोलर जल मीनार का निर्माण हुआ है अभी तक पानी का सप्लाई नहीं दिया गया है। क्योंकि चापाकल से मीनार में लगी टंकी तक जल चढ़ नहीं पा रहा है और इस गर्मी में भी इसे देखने वाला कोई नहीं है ग्रामीणों का कहना है की जल मीनार के पास खुदाई किए हुए चापाकल की गहराई मनमाने तरीके से की गई है सही से जल स्रोत तक इसकी खुदाई नहीं की है जिसके कारण पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसकी जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने उपायुक्त लातेहार से निवेदन किया है कि वे इसकी जांच करते हुए पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त कराएं।

# उपायुक्त ने की खनन टास्क फोर्स की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर दिन सोमवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।बैठक में जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, प्रतिनिधियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परियोजनावार महाप्रबंधकों व प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, साइकिल व अन्य माध्यमों से हो रहे अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी जुड़े थे।

## 20 सूत्री समन्वय की हुई बैठक अधिकारी नहीं पहुंचने पर बैठक को किया गया स्थगित अध्यक्ष ने मांगा अस्पष्टीकृत



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर सभागार में 20 सूत्री समन्वय की बैठक अध्यक्ष विनोद पासवान ने अधिकारियों के साथ रखा था। जोकि बैठक में अधिकारी नहीं पहुंचने के वजह से बैठक को स्थगित कर दी गई। एवं 20 सुत्री अध्यक्ष ने अधिकारियों से 2 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण मांगी है। अन्यथा उच्च पदाधिकारियों तक इसकी सूचना दी जाएगी। आदि प्रखंड के अधिकारी स्पष्टीकरण नहीं देते हैं। तो इनकी शिकायत सरकार तक की जाएगी। मौके पर उपस्थित 20सुत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं 20सुत्री सदस्य मौजूद थे।

## भामाशाह जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय तैलीक साहू समाज के बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष आदित्य नारायण साहू की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय भामाशाह जयंती मनाने को लेकर बालूमाथ भामाशाह नगर के देवी मंडप में एक बैठक हुई। जिसमें भामाशाह जन्म जयंती सर्वसम्मति से धूमधाम से आगामी 29 अप्रैल शनिवार को मनाने का निर्णय लिया गया ।कार्यक्रम में भामाशाह जन्म जयंती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही शिरोमणि मां कर्मा बाई जी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। जिसके लिए कार्यक्रम स्थल टमटम टोला का चयन किया गया। उक्त कार्यक्रम शाम 4:00 बजे से रात 9:00 बजे तक होगा। कार्यक्रम में तैलिक साहू समाज के बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज प्रखंड के सैकड़ो लोग शामिल होंगे ।मौके पर कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश्वर साव, प्रमंडलीय सचिव राजेंद्र प्रसाद, लातेहार जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, सचिव सूरज साह, लातेहार युवा जिला अध्यक्ष विजय प्रसाद, प्रखंड युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष उपेंद्र रंगीला, सचिव राजेश कुमार साहू, युवा प्रखंड महामंत्री दीपक कुमार (विजय), श्री राम कुमार गुप्ता, सकेंद्र साव, रूप देव साव, दिनेश कुमार, जितेंद्र कुमार, मनोज साव, जगरनाथ साव, संजय कुमार, महेंद्र साव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री त्रिवेणी साहू, प्रयाग साव, हरि साव आदि उपस्थित थे।

## गिद्धौर मुखिया पति पर मनमानी करने का लगा आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के मुखिया निर्मला देवी के पति उपेंद्र दांगी पर गिद्धौर पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मनमानी करने का आरोप लगाया है साथ ही साथ वार्ड सदस्य ने बताया है। कि पिछले माह का कार्यकारणी रजिस्टर में धमकाते हुए।कुआं, आवास देने का प्रलोभन देते हुए सिग्नेचर करवाया है। जिसे लेकर उप मुखिया संघ कुछ वार्ड सदस्यों ने पिछले दिन उच्च पदाधिकारियों को लिखित आवेदन दिया है। उसे जांच उपरांत तत्कालीन कार्यकारिणी बैठक को स्थगित करने के लिए पुनः प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं पंचायत सचिव महेश मिस्त्री को पत्र लिखकर आदेश आने तक कोई भी 15 वीं बीत के कार्यकारणी एवं मुखिया संघ बैठक के लिए मनाही किया है। आवेदन देते हुए उप मुखिया मंजू देवी, वार्ड सदस्य मुसाफिर दांगी, सुषमा देवी, सुनीता देवी, रंजू देवी, इंदरजीत दांगी, रामदेव यादव, पूर्व उप मुखिया सुरेश प्रसाद राणा सम्मिलित हैं।

# डीलर महेश की मनमानी से जनता त्रस्त : उषा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तेंदूई के मुखिया उषा देवी ने कहा कि डीलर महेश राम के द्वारा कार्डधारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। अंगूठा लगवाकर राशन बाद में मिलेगा बोलकर रख लिया जाता है एवं राशन का वितरण समय से नहीं किया जाता है। जब कार्डधारी अपने राशन संबंधित डीलर से पूछताछ करता है तो उनके द्वारा कठोर शब्दों में जवाब देते हुए कहा जाता है कि जाओ जहां जाना है कोई कुछ नहीं बिगाड़ लेगा, इनके रिश्तेदार अनुमंडल कार्यालय में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है। उनके द्वारा इन्हें लगातार सहयोग होते रहता है। मैंने इस साल लगभग दर्जनों बार इन्हें समझाने की कोशिश की है। लेकिन इनके रवैया में कोई बदलाव नहीं आया एवं उल्टा मुझे ही रिश्वत देने की फिराक में रहते हैं कि मैं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को अनदेखा करूं। हमारे पास लगातार जनता का शिकायत आते रहता है मैं आपूर्ति पदाधिकारी पिपरा अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर जिला आपूर्ति पदाधिकारी पलामू उपायुक्त पलामू का ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह करती हूं कि डीलर महेश राम के कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। वही पंचायत क्षेत्र के अन्य डीलरों को भी मुखिया उषा देवी ने कहा है कि वह अपने कार्डधारियों का ख्याल रखें अकाल पड़ जाने के कारण गरीबों की हालत ठीक नहीं है ससमय राशन का वितरण करें, नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## केरसई प्रखंड में लीड्स संस्था ने किया मॉडल आंगनबाड़ी, मॉडल स्कूल और मॉडल समेकित पशुधन विकास केंद्र का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लीड्स एवं अंधेरी हाफ बॉन के सहयोग से सोमवार को केरसई प्रखंड के बाघडेगा पंचायत अंतर्गत कोनसकेली ग्राम के महकुरटोली आंगनवाड़ी केंद्र, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनस्केली एवं समेकित पशुधन विकास केंद्र कोनसकेली का उद्घाटन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में लीड्स संस्था के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक महेंद्र कुमार, जिला परिषद, प्रमुख, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, केरसई प्रखण्ड के पशु विभाग से पशु चिकित्सक, शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बाघडेगा एवं कोनजोबा पंचायत के मुखिया, कोनसकेली ग्राम के ग्राम प्रधान, और वार्ड सदस्य उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ ने महकुरटोली आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन कर किया, वहीं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनसकेली का उदघाटन शिक्षा विभाग के बीपीओ मैडम के द्वारा एवं समेकित पशुधन विकास केंद्र का उद्घाटन पशु चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अतिथियों के द्वारा सही मार्गदर्शन दिया गया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे परियोजना समन्वयक रंजीत भेंगरा, अजीविका विशेषज्ञ मोहमद इब्राहिम, पशु विशेषज्ञ संदीप कुमार, समुदाय कार्यकर्ता बिनीता लकड़ा, सुमीरा, विवेक, प्रदीप, अमीषा कुमारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डॉ.पंकज भाटिया ने एनीमिया से बचाव के लिऐ दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केंद्र में संचालित आरोग्यफाउंडेशन ऑफ इंडिया एनीमिया से बचाव हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन डॉ पंकज भाटिया के द्वारा किया गया। इस योजना के अंतर्गत लोहरदगा जिला के भंडारा गांव को रोग मुक्त करने हेतु आरोग्य फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया है जहाँ 27 सेविका संयोजिका द्वारा डोर टू डोर जाकर एनीमिया एवं अन्य बीमारियों से बचने हेतु काम किया जा रहा है इसी क्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि गांव में मडुवा की खेती होती है उसके आटा के सेवन करने से हिमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है तथा एनीमिया से बचाव भी किया जा सकता है हरी सब्जी प्रोटीन युक्त भोजन स्वस्थ वातावरण के लिए लाभदायक बताया गया। वहीं गुटका तंबाकू के सेवन से हिमोग्लोबिन की मात्रा कम होने की जानकारी दिया गया। स्वागत भाषण अंचल अध्यक्ष सतीश जायसवाल द्वारा किया गया। मौके पर प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, कृपा शंकर देवनंदन सिंह, नवल अग्रवाल, अमित गुप्ता,दीपक अग्रवाल, संतोष कुमार जयसवाल, नरेश गुप्ता, सतीश जायसवाल, बृज मनी पाठक, अनिल गुप्ता, नंदा प्रसाद, राजेश्वर उरांव, बिरया चंद्रशेखर मुंडा आदि उपस्थित थे।

# लापरवाही के कारण विकास कार्य लंबित है उनपर नियमानुसार होगी कार्रवाई : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त, कार्यालय कक्ष में उपायुक्त, अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत संचालित सभी कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह से एएनएम के रिक्त सीटों को भरने के दिशा में किये जा रहे कार्य की जानकारी लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे रिक्त सीटो को जल्द से जल्द भरा जा सके। वहीं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता मोहन चंद्र गुप्ता से जिला खनीज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे तालाब निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए सफलता की कहानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वैसे कार्य जो संवेदक के लापरवाही के कारण लंबित है वैसे संवेदक पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला योजना विभाग अंतर्गत सभी संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा की जो कार्य पूर्ण कर लिए गये है। उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र सौंपे जिससे उपयोगिता प्रमाण पत्र संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा सके। उन्होंने कहा की किसी भी परिस्थिति में विकास कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आगामी मानसून को देखते हुए उपायुक्त ने सभी कार्य कर रहे एजेंसी को निर्देशित किया की विकास कार्यो से संबंधित तैयारी पूर्ण कर लें ताकि कार्यवाधित ना हो। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, सभी कार्य कर रहे एजेंसी के कार्यपालक अभियंता, कृषि विभाग के सहायक कार्यपालक अभियंता राहुल गुप्ता, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# जलमीनार खराब होने से पानी के लिए ग्रामीण परेशान, आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गर्मी के दस्तक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है।चुंगरु पंचायत के नावाडीह गांव के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। गांव में घनी आबादी है। ग्रामीणों को पानी की सुविधा के लिए पंचायत स्तर से लाखों रुपये की लागत से दो हजार लीटर क्षमता वाली दर्जनों जल मीनार लगवाया गया है। परंतु सही स्थिति में कोई नहीं है गांव में जलमीनार लगने व नल द्वारा पानी मिलने से लोगों में काफी खुशी हुई।लेकिन लगने के कुछ महीने बाद ही जलमीनार खराब हो गया।वहीं ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार मशीन खराब हो जाने के बाद चापाकल से पानी नहीं निकलता है चूंकि जलमीनार का सोलर मशीन लगाने के समय पाईप निकाल लिया गया था। जिसके वजह से चापाकल नहीं चल सकती और दूसरा हमलोगों? के कोई सुविधा भी नहीं है। और प्रतिनिधि एवं अधिकारी को खबर करने के बाद भी कोई नहीं पहुंचता है। पानी कि भारी संकट हो गई है। अगर पानी की व्यवस्था जल्द नहीं किया गया तो जल के बिना कितने की जान चली जाएगी।

## ट्रेन से कटकर बच्ची की मौत, मां की हालत नाजुक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पास हिंडाल्को साइडिंग के पास पुल के नजदीक चोपन रांची ट्रेन की चपेट में आने से एक आठ साल की बच्ची की मौत हो गई वहीं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई है लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पास हिंडाल्को साइडिंग के पास पुल के नजदीक दोपहर लगभग ढाई बजे चोपन रांची ट्रेन से ये दुर्घटना हुई,इस घटना के बाद रेलवे पुलिस ने महिला को सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया है, रेलवे पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएम मेमोरियल स्कूल में चिकित्सा प्रभारी ने कृमि रोग के बारे में बच्चों को दी जानकारी



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृमि मुक्ति दिवस पखवाड़ा सप्ताह के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कृमि निरोधक दवा अल्बेंडाजोल खिलाया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को बड़कागांव अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा व संचालन शिक्षक उमेश कुमार ने किया। सभा के मुख्य अतिथि बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद उपस्थित हुए। मौके पर डॉ बीएन प्रसाद ने स्कूल में बच्चों को कृमि रोग कैसे होता है और उससे बचाव के बारे में बच्चों को जानकारी दिया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी श्री प्रसाद ने विद्यालय के छात्र- छात्राओं को कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर कई तरह का लोगों को दवा खिलाने का अभियान चलाती है। इस बार 1 से 19 वर्ष के लोगों के बीच कृमि निरोधक दवा अल्बेंडाजोल खिलाया जा रहा है। बच्चों से अपील करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि सभी लोगों को यह दवा खाना अनिवार्य है। आप स्वयं खाएं और अपने आसपास के दोस्तों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। बड़कागांव प्रखंड के सरकारी एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में तो पूरे दिलचस्पी के साथ बच्चों को दवा खिलाया जा रहा है लेकिन प्रखंड के निजी विद्यालय इस अभियान में शिथिलता बरत रहे। इसलिए आज से हमने निजी विद्यालयों में भी अभियान चलाकर कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। निजी विद्यालय भी आगे आए और बच्चे को कृमि निरोधक दवा खिलाए और अपने बच्चों को रोग मुक्त बनाएं। अस्पताल परिवार दवा देने के साथ साथ सभी प्रकार का सेवा के लिए हमेशा लिए तैयार है। मौके पर मुख्य रूप से स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी नवीन कुमार, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, अमीन अंसारी, आनंद राज, एरिका टोपा, महेंद्र कुमार, विनोद रजक, आशीष कुमार, संदीप शर्मा, दिलेश्वर दास, मुकेश दास, सोनू कुमार, सरिता बा, देवंती देवी, जेमा तिग्गा, मनीषा कुमारी, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा के दिन होगा हीलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** योग विद्या प्रणिक हीलिंग फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वधान में 4 मई गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हीलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शहर के ए के इंटरनेशनल मे सुबह 05 बजे से 07 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों में आ रहे तनाव को दूर किया जाएगा। बताया जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन मांगी गई मुरादे पूर्ण होती है। टीम के द्वारा इसीलिए 4 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।टीम की सदस्यों के द्वारा पिछले 6 महीनों से हीलिंग का कोर्स कराया जा रहा है। जिसमें स्थानीय शिक्षक के साथ रांची के शिक्षक के द्वारा जानकारी दी जाती है।



**क्या है हीलिंग :** हीलिंग एक पद्धति है जैसे की आयुर्वेद है, होमियोपैथी है, एलॉपथी है, यूनानी है और बहुत सारी पद्धतियाँ है. सबके अपने अपने तरीके है काम करने के. लेकिन हीलिंग बिलकुल ही अलग है, हीलिंग स्थूल शरीर की बजाये प्राण शरीर पर काम करती है जितनी भी अन्य पद्धतियाँ है वो स्थूल शरीर पर काम करती है. लेकिन हीलिंग स्थूल शरीर की बजाये प्राण शरीर पर काम करती है. इस स्थूल शरीर के पीछे प्राण शरीर ही है जो स्थूल शरीर को एनिमेट कर रहा है. प्राण विद्या का इस्तेमाल करते हुए हीलिंग न केवल स्थूल शरीर को सही करती है बल्कि हीलिंग मानसिक रोगों में भी बखूबी काम करती है। कार्यक्रम को लेकर टीम के सदस्यों के द्वारा गुलमोहर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल विद्या बक्शी को आमंत्रित करते हुए कहा गया है कि आप अपने साथ स्कूल के बच्चे तथा शिक्षक को कार्यक्रम में लेकर अवश्य आएं। वहां दिए जा रहे हीलिंग की जानकारी से बच्चों में काफी ऊर्जा संचालित होगी। वही मौके पर लता जैन ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित हैं यह कार्यक्रम के जरिए लोग अपने तनाव को दूर कर सकेंगे। कार्यक्रम में बतौर शिक्षक रांची से पधारेंगे कार्यक्रम में प्रवेश शुल्क निशुल्क रखा गया है। वही साथ ही बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कई संगठन का मिल रहा है।

# रजरप्पा मंदिर परिसर में यात्री शेड का उपायुक्त ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने माँ छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर, रजरप्पा परिसर में माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा यात्री शेड शेड के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि ना केवल इससे श्रद्धालुओं को गर्मी के दौरान लाइन में खड़े रहने में सुविधा होगी बल्कि मंदिर के विकास में भी इसका अहम योगदान होगा। मौके पर उपायुक्त ने सभी श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में साफ सफाई बनाए रखने, यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने एवं मंदिर में दर्शन के दौरान नियमों का पालन करने की अपील की। उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने माँ छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर परिसर रजरप्पा में आयोजित भंडारे का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं के बीच भोग का भी वितरण किया वहीं उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति के सदस्यों सहित अन्य को मंदिर का सुचारू रूप से संचालन करने एवं श्रद्धालुओं को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर उदय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संतोष कुमार, अंचल अधिकारी चितरपुर तृप्ति विजय कुजुर, माँ छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति के सदस्यों, श्रद्धालुओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### मांडू चट्टी पंचायत में पंचायत दिवस मनाया गया

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत में पंचायत दिवस मनाया गया । इस मौके पर मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी मुख्य रूप से मौजूद रही। साथ में ही मांडू चट्टी पंचायत के ग्रामीण भी मौजूद रहे। इस मौके पर मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने सभी को पंचायत दिवस पर बहुत-बहुत बधाई दी एवं पंचायत के हर एक समस्या को जड़ से खत्म करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी रोजगार सेवक अनिल कुमार महतो योगेश्वर महतो बालेश्वर भुईयां रामकृष्ण महतो पिंटू गुप्ता भोला गंजू आदि मौजूद रहे।

## गोला प्रखंड के रकुवा गांव में मंडप पर्व का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के रकुवा गांव में मंडप पर्व का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा पूर्व विधायक ममता देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शंकर करमाली साथ ही ग्रामीणों ने सर्वप्रथम ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया उसके बाद विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही पुर्व विधायक ने कहा कि पुजा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े, नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर सिर के बल झूलते नजर आते हैं. उनका उद्देश्य भगवान भोले शंकर से मन्नत मांगना होता है. इस दौरान सभी क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आए । मौके पर राजेंद्र सिंह रविंद्र महतो संदीप महतो पिंटू महतो अनिता देवी हिंतू करमाली भानु करमाली अरबिंद करमाली अनिल भागी दसरथ रबिता देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सामाजिक न्याय मार्च कर जनता की आवाज बुलंद करेगी आजसू पार्टी : रोशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आजसू पार्टी प्रखंड कमिटी की बैठक पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में हुई द्ब जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने किया द्ब इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव विजय साहू एवं एजेकेएसएस महामंत्री सतीश सिन्हा शामिल हुए द्ब बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की सफलता को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो की आगामी 30 अप्रैल को राज्यधनी रांची में सामाजिक न्याय मार्च का आयोजन किया जाना है। जिसमें पतरातू प्रखंड के कार्यकर्ताओं की वृहत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं मौके पर उपस्थित मुख्य अथिति रोशनलाल चौधरी ने कहा राज्य में अराजकता का माहौल है। जिससे आमजनता त्रस्त हैं। युवा रोजगार की प्रतीक्षा में हैं। महिलाएं असुरक्षित हैं। दिन प्रतिदिन अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण राज्य की जनता अब इस सरकार और सरकार में शामिल दलों से त्रस्त हो चुकी है। पर इस मामले में आजसू चुप नहीं बैठेगी। आजसू पार्टी ने आम जनता के हित के लिए आंदोलन हेतु कमर कस लिया है। आगामी 30 अप्रैल को आजसू पार्टी राज्यधानी रांची में सामाजिक न्याय मार्च कर आम जनता की आवाज बुलंद करेगी। बैठक में हरिरतम साहू,अखिलेश महतो,राजू कुमार,भन्नु सिंह,नित्यानंद कुमार,प्रदीप मांझी,ब्यास पांडेय, कौलेश्वर महतो,द्वारिका महतो, अशोक पाठक,बिन्देश बेदिया, लक्ष्मीकांत महतो,सरिता देवी,अजय कुमार रवि,झलकू महतो,हरेश राय, जितेंदे पटेल,अवधेश ठाकुर,प्रदीप शर्मा,द्वारिका महतो,झलकी,बेदिया फिरोज जकुरुला इत्यादि शामिल थे।



## नगर परिषद क्षेत्र के बरकाकाना में बनने वाले मार्केट का हुआ शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 23 बरकाकाना में प्राक्कलित राशि 41 लाख 18 हज़ार से बनने वाले मार्केट का शिलान्यास संयुक्त रूप से बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद,नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए मनोज़ कुमार महतो ने बताया कि कहा कि लोगों की मांग के अनुरूप बरकाकाना में मार्केट बनने जा रहा है। जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नही होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से जो वादा किया गया था उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास कर रहे है। मौके पर वार्ड पार्षद विनोद तिवारी,आजसू जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा हरीरत्नम साहू,आजसू नगर परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, प्रदीप ठाकुर,अकील अख्तर, नसरुद्दीन अंसारी, संजय लाला, बंधन महतो, संजय महतो,िगरीशंकर महतो, मनोज़ यादव, मोबिन खान, मो0 लतीफ, मो0तासिम, सौरभ, जितेंद्र कुमार, निजाम खां, अमीर आदि यनय लोग उपस्थित थे।



## पशु पालन विभाग ने किया शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा विशेष प्रजनन शक्ति शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड पशु चिकित्सक डॉक्टर लाइम गोसाई सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी एवं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में लगभग 200 पशुपालकों ने भाग लिया। पशुपालकों के बीच दवा का वितरण किया गया। जिसमें ग्रोवेड विटामिन, मिनिरल मिक्सचर , हिमेक्स मलहम, एडमक्स विटामिन , बीकेलीव टॉनिक एवं कृमि नाशक दवा का वितरण किया गया। शिविर में पशु पालकों को बताया गया कि जोक की दवा बड़ी गाय को अधिकतम दो गोली तथा बकरी को एक गोली दिया जा सकता है। वही गाय में प्रजनन शक्ति को बढ़ाने के लिए 50 एमएल प्रतिदिन कैल्शियम की दवा देना है। वही डायरिया की दवा बड़ा जानवर को 2- 2 टेबलेट सुबह शाम एवं छोटे जानवर को एक-एक टेबलेट देना जरूरी है। शिविर में कृत्रिम गर्भाधान पर विशेष चर्चा की गई एवं निर्धारित समय पर गाय को गर्भाधान कराने पर विशेष जोर दिया गया।



# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर धनवार पंचायत अंतर्गत उपमुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्यों समेत प्रखण्ड के पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं संचालन ब्रह्मदेव यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदावर शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर के मैनेजर अविनाश आनंद, पूर्व प्रमुख रामसहाय महतो, पूर्व शिक्षक जागेश्वर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत सेवक समीर रंजन, रोजगार सेवक रामेश्वर जी, राजस्व कर्मचारी त्रिलोकी दास, जनसेवक उपेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती हैं। भारत की आत्मा गांवों में बसी है। गांव का विकास होगा, तभी देश का विकास होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप पंचायतीराज व्यवस्था बनायी गई है, इस व्यवस्था को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ पदाधिकारियों का समन्वय काफी जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने घोषणा किया कि दो माह के अंदर पंचायत भवन का निर्माण कर लिया जाएगा, जिसके बाद सभी बैठक पंचायत भवन में ही किया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापिका मीणा कुमारी, वार्ड सदस्य रूपमणि देवी, रवीना खातून, मेहरून खातून, मो मंजूर, लक्ष्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, मानती कुमारी, गुड़िया देवी, मो हसमत, बसंती देवी, आईपीआरपी संजू कुमारी, सीसी सुषमा कुमारी, सक्रिय सदस्य आशा देवी, कविता देवी, मोनिका कुमारी, रोकैया खातून, ग्राम संगठन के संगीता देवी, फरहाद जहां, वीओए ममता कुमारी, किरण कुमारी, विक्की रानी, रंजना देवी, रंजना कुमारी, संध्या देवी, डीलर मो रफीक, मो कयूम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



### मनरेगा कार्य मे दुलमी प्रखंड में बरती जा रही है अनियमितता और लापरवाही : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोसो के उकरीद में मनरेगा कुप निर्माण कार्य का दुलमी बीससूत्री अध्यक्ष ने किया जांच, कहां तीन वर्ष पूर्व ही लाभुक ने खोद दिया है कुप मनरेगा कर्मी के लापरवाही के कारण अबतक नही हो सका है भुगतान । दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत के उकरीद सिदवारडीह निवासी छटू महतो को 2019-20 मनरेगा से कुआं का निर्माण कार्य का स्वकृति हुई थी जिसका खुदाई कार्य पुर्ण हो चुका है लेकिन 3 साल बीत जाने के बाद भी मैटेरियल का पैसा नहीं मिलने के कारण कुआं अधूरा पड़ा हुआ है। लाभूक छटू महतो ने बताया कि मास्टर रुल के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख पेमेंट हुआं है। उसके बाद सरकारी कर्मचारियों को लापरवाही के करण अधुरा पड़ा हुआ है। लाभूक शिकायत के बाद दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कुआं का निरीक्षण करने पहुंचे। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार आम लोगो को सिंचाई हेतु लाभ दिलाने के योजनाएं लाती है लेकिन सरकार पंचायत के कर्मियों के दौरान लापरवाही बरतने के कारण आम लोगो को लाभ नहीं मिल पाता है। जिसका उदाहरण सामने है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि कुआं का खुदाई कार्य तीन साल पहले पुर्ण हो चुका है लेकिन अभी तक अधूरा है। प्रखंड क्षेत्र ओर ऐसे कई कुआं है जो अर्धनिर्मित पड़ा हुआ है। साथ ही की पिछ्ले दिनों भी पोटमदगा पंचायत में कुआं निर्माण में गड़बड़ी पाई गई थीं। इन मामलों को लेकर जल्द ही रामगढ़ उपायुक्त से मिलकर शिकायत करेंगे।

### हाई स्कूल को अपग्रेड किया जाए : प्रो शाहनवाज खान

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के बहुत सारे हाई स्कूलों को यहां तक रामगढ़ जिले के कई स्कूलों को अपग्रेड कर प्लस टू में परिवर्तित किया गया है लेकिन बरकाकाना एरिया के हाई स्कूलों को अपग्रेड नहीं किया गया है।प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि सबसे ज्यादा बरकाकाना एरिया के ग्रामीण बच्चे उच्च शिक्षा से वांचित हो रहे हैं। ग्रामीण गरीब परिवार के अधिकतर बच्चे ग्यारहवीं बारहवीं में इसलिए एडमिशन नहीं लेते हैं कि उन्हें कक्षाएं करने के लिए रामगढ़ या भुरकुंडा जाने आने का किराया देने की आर्थिक क्षमता नहीं है, कुछ लोग तो हिम्मत करके एडमिशन करवा लेते हैं और एग्जाम भी देते हैं, लेकिन कक्षाएं नहीं करने की वजह से उनके पास नाम मात्र की सिर्फ डिग्री होती है शिक्षा नहीं। एरिया में पच्चीस से तीस गांव और कालोनियां हैं लगभग सभी में प्राथमिक व मध्य विद्यालय हैं चार पांच सरकारी व निजी हाई स्कूल हैं जहां दसवीं तक पढ़ाई होती है लेकिन प्लस टू की सुविधा नहीं है। प्रो शाहनवाज खान ने रामगढ़ उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, के साथ हजारीबाग के सांसद और बड़कागांव व रामगढ़ के विधायक से मांग की है कि सीसीएल उच्च विद्यालय और श्री नारायण उच्च विद्यालय को अपग्रेड कर उसे प्लस टू हाई स्कूल बनाया जाए।

# सांसद ने बच्चों के बीच किया राशन वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र में कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके बच्चों को सहायता मुहैया करवाई जा रही है। फीडिंग इंडिया व जोमाटो इसमें सीएसआर मद से सहयोग दे रहे हैं।इन बच्चों को एजुकेशन किट दी गयी है, जिसमें ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने हेतु लगभग ?20 हज़ार की टैबलेट है। साथ ही अनएकैडमी के एक साल के निशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ स्टेशनरी भी दी गयी है। इसमें 12 नोटबुक, 10 पेन, 10 पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स इत्यादि हैं। साथ-साथ इन बच्चों को पूरे एक वर्ष तक निशुल्क राशन उपलब्ध करवाया जायेगा। उन्हें बेहतर पोषण मिले इसके लिए मोटा अनाज समेत बाजरे व रागी के लड्डू भी दिए जायेंगे। इस राशन किट में 10 किलो आटा, 20 किलो चावल, 4 किलो चना दाल, 2 किलो सोयाबीन, 1 किलो नमक, 1 किलो रिफाइंड तेल समेत हल्दी इत्यादि है। हज़ारीबाग स्थित अपने आवास पर लगभग 50 बच्चों को राशन की तीसरी क़िस्त वितरित की। इससे पहले भी सैकड़ों बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया जा चुका है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र में ऐसे बच्चे जो कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके हैं, वे तत्काल सांसद कार्यालय अटल सेवा केंद्र से 9471136164/65/66 पर संपर्क करें। हम उनकी शिक्षा समेत एक साल तक निशुल्क राशन की व्यवस्था करवाएंगे। हमारे बच्चों को हर सुविधा मिले इसके लिए प्रतिबद्ध हूँ।

# पुरातन छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , मालवीय मार्ग ,हजारीबाग के वंदना सभा में बतौर मुख्य अतिथि नीतीश कुमार आर्य , भारतीय सेना के इंटेलिजेंस विंग में कार्यरत उपस्थित थेद्य कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया द्य अतिथि परिचय एवं मंच संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने किया । मुख्य अतिथि को श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया द्य इस अवसर परअपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि नीतीश कुमार आर्य ने कहा कि इस विद्यालय में अध्ययन करने के पश्चात यहां से प्राप्त संस्कार एवं देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर भारतीय सेना में जाने का निश्चय किया और वर्तमान समय में जम्मू कश्मीर में सेना के इंटेलिजेंस विंग में कार्यरत हूं । उन्होंने अपने अनुभव की चर्चा करते हुए उपस्थित भैया बहनों मैं देशभक्ति की भावना का संचार करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया की विद्यालय में अध्ययनरत भैया/बहन भविष्य में देश सेवा के निमित्त अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तैयार रहेंगे द्य उन्होंने कहा की कड़ी मेहनत एवं निष्ठा पूर्वक अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि देश सेवा से बढ़कर और कोई काम नहीं है द्य उन्होंने मुख्य अतिथि नीतीश कुमार आर्य को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा की आपने विद्यालय में प्राप्त संस्कार एवं देश प्रेम की भावना को बरकरार रखते हुए वर्तमान समय में देश सेवा के लिए सीमा के अग्रिम पंक्ति पर तैनात है इससे संपूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है द्य गौरतलब है कि नीतीश कुमार आर्य इस विद्यालय से सन 2015 मैं मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण किया द्य पुरातन छात्र भैया नितेश कुमार आर्य की सफलता पर संपूर्ण विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाइयां एवं अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## अमेजन फ्रेश ने की सीजन के मनपसंद मैंगो फिएस्टा की घोषणा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मियों के मौसम का मतलब होता है फलों के राजा आम का मौसम। ऐसे में इस स्वादिष्ट फल का आनंद लेने के लिए अमेजन फ्रेश के मैंगो फिएस्टा से बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। फिएस्टा देश के विभिन्न क्षेत्रों के बेहतरीन क्वालिटी वाले ताजा आमों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लेकर आया है। यहां पर आपको इन आमों का बेहतरीन स्वाद शानदार कीमतों के साथ मिलता है। चाहें आप मीठे और रसीले रत्नागिरी अल्फांसो की बात करें, चटपटे और स्वाद से भरपूर बंगनापल्ली, या फिर सदाबहार एवं फाइबर रहित तोतापुरी की, रसदार बादामी आम की, विटामिन से भरपूर सफेदा/बंगानापल्ली आम की, या फिर आप मीठे सिंधुरा (लालबाग) आम के प्रशंसक हों; अमेजन फ्रेश के मैंगो फिएस्टा पर आपको हर तरह के आम का स्वाद मिलेगा। लोकप्रिय किस्मों के अलावा, अमेजन फ्रेश पर ग्राहकों की स्थानीय पसंद का भी ख्याल रखा गया है। यहां पर बेंगलुरू में ग्राहकों को पेड़ा रसम, कलापद और चेरुकुरसम और मुंबई में ग्राहकों के लिए थोथापुरी और सिंधुरा की पेशकश की जा रही है। अमेजन फ्रेश के मैंगो फिएस्टा के साथ, आप आम का स्वाद उसके सभी गुणों के साथ ले सकते हैं। यह आम कार्बाइड मुक्त हैं, सुरक्षित रूप से पके हैं और 4 स्तर के क्वालिटी टेस्ट प्रोसेस से गुजरते हैं और सीधे आपके दरवाजे पर डिलीवर किए जाते हैं। तो, अपने पसंदीदा आम खरीदें और पूरी गर्मियों में उनके स्वाद का आनंद लें।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम के तहत पंचायत जयनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया हीरा देवी ने किया। वहीं पंचायत की मुखिया हीरा देवी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को पंचायती राज सप्ताह के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा लाभुकों की सूची तैयार की गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 21से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई। मौके पर सेविका सहायिका जल सहिया दीदी सहित राज कुमार पांडेय,हरिनारायण प्रसाद,आसिया खातून,कान्ति देवी, बबीता देवी,पूनम देवी,नुसरत जंहा, सायरा बानो,कंचन देवी,लखीमनी देवी और शकुन्तला देवी,रेणु देवी और बालेश्वरी देवी आदि शामिल रहे।इधर ग्राम सांकुल पंचायत के पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सबकी योजना सबका विकास ग्राम सभा का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता पंचायत मुखिया सुमन भारती एवं संचालन पंचायत सेवक किस्टो महतो एवं परमानंद राजीव ने किया। मौके पर मुखिया सुमन भारती ने उपस्थित ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायती राज और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही पंचायत को आगे बढ़ाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई । मौके पर पंचायत समिति सदस्य अंजु कुमारी,सहिया दीदी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका वार्ड सदस्य आकाश कुमार रवि,रेखा देवी एवं रवीन्द्र कुमार,सुनीता देवी,विद्यया देवी,नीलम देवी,शोभा देवी,रीना देवी,सरस्वती देवी,देवंती देवी,सुगिया देवी,बीरेन्द्र कुमार,गुलाब हसन,मो. हुसैन मंजू देवी,यशोदा देवी,प्रियंका और आशा देवी आदि उपस्थित थे।

## बरही में तीर्थ यात्रियों से भरी बस अनियत्रित होकर पलटा, दर्जनों यात्री जख्मी, 5 रेफर

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत करियातपुर स्थित एनएच-2 पर सोमवार की सुबह तीर्थ यात्रियों से भरा सिद्धेश्वरी ट्रैवल्स नामक बस (संख्या - डब्ल्यूबी 41 एच 6566) अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दर्जनों यात्री जख्मी हो गए। बताया जाता है कि उक्त यात्री बस कोलकाता से रविवार संध्या करीब 6 बजे उत्तर भारत के विभिन्न तीर्थ स्थलों का भ्रमण करने के लिए 16 दिनों के लिए निकली थी। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज गति से गुजर रही थी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे के कारण पलट गई। घटना के बाद चालक और खलासी भाग निकले। घायलों को स्थानीय मुखिया मनोज कुमार रविदास, गणेश साव एवं आसपास के ग्रामीणों की मदद से किसी तरह सभी यात्रियों को बस से निकाला गया। वहीं घायल यात्रियों को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बताया जाता है कि बस में सवार 56 यात्रियों में कमावेश करीब 26 यात्री जख्मी हुए हैं। गंभीर रूप से घायल हुए 62 वर्षीय विष्णुपाल गांगुली, 53 वर्षीय मनोज गांगुली, 50 वर्षीय इला विश्वास, 57 वर्षीय गोरखनाथ व 35 वर्षीय विष्णु हलधर सहित 5 लोगों को प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं 56 वर्षीय सेवी दत्ता, 58 वर्षीय तपन सरकार, 50 वर्षीय झरनो सरकार,व 49 वर्षीय मनोज गांगुली, 55 वर्षीय ममता गांगुली, 50 वर्षीय निरमा गोयल, 60 वर्षीय विमल गोयल, 70 वर्षीय शांति राय का इलाज बरही अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इनके अलावा करीब एक दर्जन लोगों को आंशिक रूप से चोटें आई है। सभी घायल पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के बताए गए हैं। हालांकि सभी घायल खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने उक्त बस को जब्त करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है।

## तिलैया रोड स्थित साहू धर्मशाला में ग्रामीणों ने किया बैठक, लिए कई अहम निर्णय

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**बरही :** सोमवार को तिलैया रोड स्थित साहू धर्मशाला में एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया दिनेश कुमार उर्फ पप्पू और संचालन समाजसेवी भगवान केशरी ने किया। बैठक में मुख्य चार बिंदु पर निर्णय लिया गया। जिसमें तिलैया पटना रोड से 33 हजार बिजली पोल का स्थानांतरण करने, तिलैया पटना रोड स्थित बजरंगबली मंदिर को यथावत रखने, पटना रोड एनएच 31 का ब्लूप्रिंट उपलब्ध कराने, पटना रोड रैयत का मुआवजा का भुगतान अति शीघ्र कराए जाने आदि शामिल है। बैठक में जिप प्रतिनिधि गुरुदेव कुमार गुप्ता, देवलाल साव समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने किया रामगढ़ शहर का दौरा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग के लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा लगातार रामगढ़ शहर के दौरे पर दिखाई दे रहे हैं। सोमवार के दिन रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर रामगढ़ स्थित ऑफिसर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला में पहुंचे जहां उन्होंने धर्मशाला के निर्माण कार्य को गति देने के लिए अपनी ओर से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है। धर्मशाला से निकलने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक एवं एकल अभियान ग्राम संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक ज्ञान ब्रह्म पाठक की बेटी की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे। इसके बाद सांसद जयंत सिन्हा ने छावनी परिषद के वार्ड नंबर 6 स्थित कचरा यार्ड का निरीक्षण भी किया। यहां वार्ड नंबर 6 के कई लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने पूरे कचरा यार्ड की स्थिति को देखते हुए चिंता जताई। उन्होंने कहा कि छावनी परिषद को दूरदर्शी सोच के साथ हर काम करने की आवश्यकता है। इस कचरे के प्रबंधन के लिए काफी पहले ही समाधान निकाला जाना चाहिए था लेकिन कहीं ना कहीं लापरवाही हुई है जिसके कारण अब तक व्यवस्था नहीं हो पाई। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि डीएमएफटी फंड से इस जगह पर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था कराने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही वह इस विषय पर सभी अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। यहां मौजूद लोगों ने सांसद जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया कहा कि यहां के लोग काफी वर्षो से जहरीले धुंए के साए में रहने को मजबूर हैं । इतने वर्षो के बाद भी अब तक कोई नेता यहां नहीं पहुंचा था। अब उम्मीद है कि जल्द से जल्द लोगों को राहत मिल सकेगी।इसके बाद जयंत सिन्हा कंडर पंचायत भवन पहुंचे जहां लोगों ने उनका स्वागत किया। यहां पर भी जयंत सिन्हा ने सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है ।इस दौरान उनके साथ लोकसभा प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण भौमिक, राजू चतुर्वेदी सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

## जिले में चल रहे विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियो के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम क़िस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम क़िस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्ण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने जिले के प्रत्येक गांव में ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उनमें मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी जे0ई0 को एम0बी0 एंट्री का कार्य यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शीघ्र कार्य प्रारंभ करने एवं उन्हें पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, आधार सीडिंग, वीर शाहिद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, कूप निर्माण, डोभा निर्माण को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद के जनता दरबार में लोगों ने रखी समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में सोमवार को जनता की समस्याओं से रूबरू हुई विधायक अंबा प्रसाद। विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं को विधायक ने बारी-बारी से सुनी एवं तत्परता के साथ सभी कार्यो का निष्पादन किया। जो कार्य तत्काल होने लाइक थी,उसका तत्काल निष्पादन करने का काम किया गया। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का निष्पादन करना मेरी पहली प्राथमिकता है। जनता समस्याओं को लेकर भटके नहीं जिसके कारण जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। ताकि क्षेत्र के लोग पीटीपीएस स्थित विधायक आवास कार्यालय में पहुंचकर अपने कार्यो का निष्पादन करने का काम करें। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह अमित साहू,योगेंद्र सिंह खरवार, डॉ जीआर भगत,जयंत तूरी, संजय सिंह, बलदेव राम, सलीम अंसारी, अंजन प्रसाद, असगर अली, मुस्तफा अंसारी, सुनील महतो, रमेश बेदिया, प्रदीप साहू, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार एवं क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की हुई घटना स्थल पर मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** हजारीबाग-रांची मुख्य मार्ग के बीच चरही घाटी के समीप सोमवार को रामगढ़ की ओर से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो(जेएच 01बीजेड- 5517 और बाइक (जेएच 01सी-7300) की सीधी टक्कर में बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चुरचू पंचायत के बाली गांव निवासी मिहीलाल मांझी के पुत्र बंसी मांझी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बंसी मांझी बाइक से चरही साप्ताहिक बाजार से घर बाली की ओर जा रहा था। तभी चरही घाटी के समीप पीछे से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई। इस हादसे से बाइक चालक बंसी मांझी का मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही चरही थाना एएसआई बैजनाथ मेहता दल बाल के साथ घटना स्थल पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो व बाइक को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

## जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन समय रहते करे करवाई : पुरुषोत्तम पाण्डेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** सोमवार को गिद्दी थाना क्षेत्र और भुरकुंडा क्षेत्र के सामाजिक लोगो ने गिद्दी दामोदर पुल पर धरना दिया और जाम कर दिया, यह धरणा प्रदर्शन और बंदी का मुख्य कारण गिद्दी दामोदर पुल की जर्जर स्तिथि बड़ी दुर्घटना की आहट है इसलिए समय रहते आवश्यक करवाई की जाए ताकि वर्तमान पुल को भी कुछ दिन बचाया जा सके और जल्द से जल्द नए पुल का निर्माण कराया जाए।उपस्थित पुरुषोत्तम पाण्डेय, अरुण सिंह, जन्मजय सिंह, सुमन देवी, हीरालाल गंजू, संत सिन्हा, महादेव महली, अजीत प्रजापति, पिंकू झा ने संयुक्त रूप से कहा की ये पुल का निर्माण 1980/1982 में आवागमन के लिए किया गया था और इसकी क्षमता भी कम है जबकि आज भारी वाहनों की जबरदस्त आवागमन है जिस कारण पुल जर्जर भी हो चुका है और हिलता भी है और यदि प्रशासन और प्रबंधन समय रहते करवाई नही किया तो बहुत बड़ी अनहोनी होने की संभावना है इसलिए दोनो प्रशासन एवम प्रबंधन समय रहते वर्तमान पुल को बचाने के लिए जरूरी कदम उठाए ओर इस बीच नए पुल निर्माण के लिए काम करे। सभी मननिंद लोगो ने कहा की आज ये सांकेतिक धरना प्रदर्शन और बंदी सिर्फ आग्रह करने और नींद से जगाने का माध्यम था यदि जल्द समुचित कार्यवाही नहीं की गई तो हम सभी बड़े आंदोलन का रूप रेखा तैयार करेंगे साथ ही यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी पूरी जिम्मेवारी प्रशासन और प्रबंधन की होगी। बाद में थाना प्रभारी गिद्दी ने आकर ज्ञापन लिया और बंदी खत्म कर दिया गया और उन्होंने आस्वस्त किया की आपका ज्ञापन और आपकी भावना को जिला प्रशासन को भेज दिया जाएगा। ज्ञापन उपायुक्त हजारीबाग, रामगढ़, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, मुख्य मंत्री झारखंड सरकार, सांसद हजारीबाग, विधायक मांडू और विधायक बड़कागांव को प्रेषित है। इस प्रदर्शन और बंदी के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम पाण्डेय, अरुण सिंह, जन्मजाय सिंह, अजीत प्रजापति, सुमन देवी, हीरालाल गंजू, संत सिन्हा, महादेव महली, रविंद्र सिंह, राजेश सिंह, दीपक झा, विकाश सिंह, चंदन सिंह, राजबल्लभ सिंह, बृजकिशोर पाठक, कुश महतो, पिंकू झा, सुनील दुबे, शंभू सिंह, गिरिजा सिंह, पिंटू सिंह, दीपक सिंह,विजय प्रसाद, अवतार सिंह, छोटी प्रजापति, कृष्ण केशरी, मनोज पुलकित, श्याम सुंदर पाण्डेय, संजय पासवान, संतोष सिंह, मुन्ना त्रिपाठी इत्यादि सकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।


### कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा**

**कार्यालय आदेश सं०– 02/जि०प० दिनांक......................**

विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) के जिला कार्यकारी समिति दिनांक 08.04.2023 के बैठक की कार्यवाही 248/जि०यो० दिनांक 08.04.2023 के आलोक में कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत किसान पाठशाला, कर्रा में 02 BIOFLOC FISH FARMING की स्थापना किया जाना है। उक्त के आलोक में निम्न सामग्रियों/उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु मानक स्तर के कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता से विभिन्न शर्त्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता दिनांक 02.05.2023 के अपराह्न 02:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 02.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे क्रय समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा।

निविदा की शर्त्तें, उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.295773 District(23-24):D

### OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE, LOHARDAGA

**Notice Inviting Tender (NIT): Supply & establishment of gym**

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Establishment of Indoor GYM at Police Line |
| 2 | Period of Work | 15 days |
| 3 | Date of Publication of Bid | 25-04-2023 |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.25,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of Superintendent of Police, Lohardaga |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | 02-05-2023 till 01:00pm |
| 6 | Date and time of opening of Bid | 02-05-2023 at 01:30pm |
| 7 | Bid submission Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 8 | Bid Opening Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 9 | Tentative cost of Bid | Related information can be inquired from office |

Previous Advt. ID- 279850 Dt. 18.03.2023 has been rejected. Due to some technical issues.

Superintendent of Police,
Lohardaga

PR 295825 (Lohardaga)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 814 दिनांक 19.04.2023 द्वारा ई0–टेंडरिंग निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GUMLA/49/2022-23 जिसका पी०आर०(PR)सं०–295494 Rural Development (2023-24)_D है, में भूलवश ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/GUMLA/49/2022-23 अंकित हो गया था, जिसके स्थान पर निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **RDD/SD/GUMLA/01/2023-24** पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 295804 Rural Development(23-24)D

### JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

TOWNSHIP ADMINISTRATION BUILDING, HEC COMPLEX, DHURWA, RANCHI 834004
Telephone: 0651-2400850 (Fax)/
2400851/2400852/2401847/2400979/2400139

An advertisement was published in newspapers for "Notice for Hiring of personnels for special purpose on contractual basis in Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB)" on 30.06.2022 The PR No. of which is 272791.

The candidates having any objection to the above may file their objection in the Board within two (02) days of publishing of this notice in newspapers through email on ranchijspcb@gmail.com.

The process of interview is scheduled on 29th April, 2023 from 9:00 A.M onwards at Palash Meeting Hall, Near Forest Officers' Colony, Doranda, Ranchi for the shortlisted candidates for the post of Environmental Expert & Assistant. The call letters and emails will be sent to the shortlisted candidates for interview separately.

Please keep checking the Board's website for further updates.

PR 295782 Jharkhand State Pollution Control Board(23-24)#D

(Yatindra Kumar Das)
Member Secretary

### समाहरणालय, खूँटी (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2023–24 में दो सेट पोशाक, स्कुल बैग, जूता–मोजा, नाईट ड्रेस, ब्लेजर, स्पोर्ट्स ड्रेस, स्लीपर, अंतःवस्त्र, टाई एवं बेल्ट आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक **06.05.2023** के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक **06.05.2023** के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 295832 (District)23-24*D

### समाहरणालय, खूँटी (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2023–24 में पठन–पाठन सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 06.05.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 06.05.2023 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। निविदा हेतु सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR.NO.295836 District(23-24):D

### ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/13/Dhanbad/2023-24 दिनांक–24-04-2023

| Sl. No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall and Concertina Wire at Shaeed Nirmal Mahto Medical College Dhanbad for the year 2023-24 | Rs.1,82,91,921.00 | 06 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02-05-2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 15-05-2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9905899979 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 295838 Building(23-24)#D

## सीसीएल के पीओ और डीएवी स्कूल के प्राचार्य से मिला कोलयरी मजदूर कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

**स्कूल में री-एडमिशन फीस नहीं लेने सम्बन्धी वार्ता, सौंपा इस आशय की जारी पत्र की प्रति**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह कोलियरी मजदूर कांग्रेस की गिरिडीह जिला इकाई का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को सीसीएल के प्रोजेक्ट आफिसर एस के सिंह एवं सीसीएल डीएवी स्कूल के प्राचार्य भैया अभिनव कुमार के साथ बैठक किया। इस दौरान सीएमसी के पदाधिकारियों स्कूलों में फीस बढोत्तरी नहीं करने और री-एडमिशन फीस नहीं लेने सम्बन्धी सम्बन्धी सीसीएल के कल्याण विभाग द्वारा जारी पत्र की प्रति भी सौंपा।बता दें कि कोलियरी मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री रामेश्वर सिंह फौजी के पहल पर सीसीएल के कल्याण विभाग दरभंगा हाउस ने बीते 14 अप्रैल को इस आशय से सम्बंधित पत्र जारी कर सभी एरिया के जीएम और स्कूल के प्रिंसिपल को निर्देशित किया है। वार्ता के दौरान सीएमसी के प्रतिनिधियों ने उक्त आदेश की प्रति भी प्रोजेक्ट ऑफिसर और स्कूल के प्रिंसिपल को सौंपी। मौके पर प्रोजेक्ट ऑफिसर और स्कूल के प्रिंसिपल ने उक्त निर्देश का अक्षरशः पालन किये जाने का सीएमसी के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में सीएमसी के केंद्रीय संगठन सचिव आत्मानन्द कुमार, जिलाध्यक्ष उदय सिन्हा, सचिव सुनीता कुमारी, सह-सचिव अनिल कुमार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, अनन्त कुमार सिन्हा आदि शामिल थे।

## गिरिडीह-डुमरी पथ पर हुआ सड़क हादसा , दो लोगो की मौत पांच घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग में बंदरकुप्पी के पास शादी समारोह में जा रहा मालवाहक ऑटो पलट गया है। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि एक बच्चा सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतकों में अटका निवासी 52 वर्षीय बाबू खान और 36 वर्षीय खलील अंसारी शामिल हैं। जबकि गंभीर रूप से घायल हुए बच्चे का नाम सरफराज खान हैं। सरफराज को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है।बताया गया कि सोमवार की सुबह गांडेय के महेशमुंडा में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए अटका से सात लोग एक मालवाहक ऑटो विवाह में देने वाला सामान लेकर जा रहे थे। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के काला पहाड़ के पास जैसे ही वो मालवाहक पहुंचा तो एक बाइक ने ऑटो के ड्राइवर को चकमा दे दिया जिसके बाद ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और मालवाहक ऑटो पलट गई।

## अन्न पूर्णेश्वरी महा दुर्गा यज्ञ के लिए कलश यात्रा संपन्न

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत 20/21 पिट्स के शिव मंदिर में 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलने वाली अन्न पूर्णेशवरी महा दुर्गा यज्ञ कि शुरुआत के लिए कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा की शुरुआत दामोदर नदी से हुआ , क्षेत्र के हजारों संख्या में महिला दामोदर नदी पहुंची और सभी के कलश का पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद सभी ने कलश में जल डाल कर गाजे बाजे के साथ धार्मिक नारो के साथ मंदिर के लिए प्रस्थान किया। रास्ते में जगह जगह भक्तो के लिए पानी शरबत की व्यवस्था किया गया वही भाटडीह ओपी प्रभारी बीरेंद्र कुमार की अगुवाई में पानी और शरबत की व्यवस्था किया गया। सात दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में मेला का आयोजन और कथा प्रवचन भी किया जाएगा। बताया जाता हैं की कभी दिनों से यज्ञ नही होने से लोग मायूस थे यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र के लोगो में खुशी का माहोल है।

## गिरिडीह में पति-पत्नी का शव मिलने से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को गिरिडीह ज़िले के गांडेय थाना क्षेत्र के झरगट्टा गांव में दंपत्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान भादू हेंब्रम और बहामुनि कुमारी के रूप में हुई है। बहामुनि कुमारी के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। इसी वजह से उसकी मौत हुई है।वहीं भादू हेंब्रम का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित पुल के नीचे से बरामद किया गया है। दंपत्ति का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, गांडेय थाना प्रभारी हसनैन अंसारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और टीम जांच में जुट गयी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से आरपीएफ जवान की मौत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बरमसिया रेलवे फाटक के समीप सोमवार की सुबह एक आरपीएफ जवान ट्रेन की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गया जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भी दिया गया।बताया जाता है कि धनबाद - हावड़ा रेलखंड के पूर्वी केबिन बरमसिया ओवरब्रिज के समीप आरपीएफ जवान रंजीत कुमार ट्रेन की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। वहां से स्थानीय लोगों ने आनन - फानन में घायल जवान को इलाज के लिए मंडल रेल अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।मालूम हो कि घायल आरपीएफ जवान रंजीत कुमार की पोस्टिंग गया बिहार में है। जहां से वह ट्रेन के माध्यम से आज सुबह धनबाद पहुंचे। लेकिन आशंका व्यक्त की जा रही है कि ट्रेन में उसे नींद आ गई और धनबाद स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद वह चलती गाड़ी से आउटर सिग्नल पर उतरने का प्रयास किया। जिससे वह दुर्घटना का शिकार हो गया।

## मलेरिया को रोकना सामाजिक जिम्मेदारी : सिविल सर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करके मलेरिया जैसी बीमारी को रोका जा सकता है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, किरासन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें।उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने आज विश्व मलेरिया दिवस को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। भारत में संक्रमण के 65त्न प्लाजमोडियम वाइवैक्स तथा 35 प्रतिशत प्लाजमोडियम फैल्सीपैरम के कारण होता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है।उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना हितकारक है।कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों (सहिया, एम.पी.डब्लू., ए.एन.एम.) के पास निःशुल्क उपलब्ध है।

## पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा के देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत घसकरीडीह पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मुखिया शांति किस्कू ने कही उपायुक्त जिला दंडाधिकारी कार्यालय गिरिडीह के पत्रांक 300 दिनांक 20 -04-2023 आदेशानुसार आज पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सभी लोगों ने पंचायत कि विकास को लेकर बारी बारी से अपना विचार प्रकट किया। वही मुखिया शांति किस्कू ने कही कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है। इसी दिन 73वां संविधान संशोधन लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि यह पंचायतों के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है।

## राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर आयोजित की गई कार्यशाला

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत समेत विभिन्न पंचायतों में पंचायती राज दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम किया गया। इस बीच बंगराकला पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंगरा कला में उप निदेशक पंचायती राज झारखंड के निर्देशानुसार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया एवं स्वच्छ स्वास्थ्य महिला एवं बाल मैत्री ग्राम पंचायत के सतत विकास हेतु कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा ग्राम नावाडीह में एक ग्रामसभा का आयोजन किया गया मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि श्री वर्मा ने कहा कि पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना है।

## टुंडी के पुरनाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मुखिया ने पंचायती राज दिवस मनाया

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पुरनाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आज सोमवार को पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी के नेतृत्व में 14 वां राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों की उपस्थिति में विभिन्न प्रकार के नारों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। प्राप्त समाचार के अनुसार पुरनाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आज मुखिया के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चों द्वारा महात्मा गांधी का था सपना स्वच्छ भारत बने अपना, अपने विद्यालय को स्वच्छ रखेंगे, महात्मा गांधी के सपनों को साकार करेंगे आदि नारों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। बताया जाता है कि पंचायत के अधीन गांव की? ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तर पर ब्लाक स्तर पर जिला परिषद आता है इनके सदस्यों का चुनावी जमीनी स्तर पर जनता के द्वारा किया जाता है और स्थानीय शासन बागडोर संभालते हैं।

## विधायक पूर्णिमा ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की झरिया शाखा के पूर्व अध्यक्ष गणेश अग्रवाल की माता संतोष अग्रवाल का रविवार की रात निधन हो गया। इसकी सूचना मिलने पर झरिया की विधायक स्वजनों के साथ श्री अग्रवाल के टीना गोदाम कोयरीबांध स्थित आवास पर पहुंची और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर पूर्णिमा सिंह की सास सरोजिनी सिंह, बबीता सिंह, जीतेंद्र सिंह, आदर्श सिंह, मोहित अग्रवाल, बिट्टू सिंह, सुशांत सिंह, सुमित खेतान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बंगाली झारखंड एसोसिएशन का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगाली एसोसिएशन झारखंड की धनबाद के विभिन्न शाखाओ ने सम्मलित रूप से लिंडसे क्लब में 1430 बंगाली नववर्ष के सन्दर्भ मे एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जाने माने लेखक कवि एवं नाट्यकार तपन राय द्वारा रचित नववर्ष नाटक का मंचन किया गया जिसके अन्तर्गत संगीत और नृत्य भी शामिल था। तपन राय ने कवि मिलि दास को मेमोण्टो देकर सम्मानित किया। साथ ही काकुलि सेनगुप्ता ने धनबाद के दर्शको के साथ लमिली दास का परिचय कराते हुए अनकी कुछ प्रमुख पुस्तक के बारे मे बताया। दुर दुर से आये हुए बंगाली समुदाय के दर्शको ने बंगाला नाटक नववर्ष की सराहना की।

## झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति ने अग्नि प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल ने अग्नि प्रभावित लिलोरीपथरा क्षेत्र का सघन दौरा किया। उस क्षेत्र के पीड़ित परिवारों से मिल कर उनके दर्द को समझा। पीड़ितों ने बताया कि बस्ती के मध्य से हालपैक/हाईवा तथा अन्य बडे वाहन के गुजरने से ना सिर्फ पर्यावरण प्रदुषण से होने वाली बीमारियों से ग्रसित होंगे बल्कि बड़े वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ेगा और यहां के लोगों का जीना दुभर हो जाएगा। प्रभावितों ने ने मांग किया कि इन वाहन को बस्ती के रास्ते नही चलाया जाए बल्कि वैकल्पिक मार्ग तलाशा जाय। अन्यथा हम सब विरोध करने को बाध्य होंगे। प्रभावितों ने इस पर एक झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति से एक संगोष्ठी कराने का आग्रह किया। झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि इस विषय पर माननीय उपायुक्त से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र के दौरे में मुख्य रूप से उपेन्द्र गुप्ता, अमित कुमार साहु, नविन केशरी, शिव चरण शर्मा, श्रीकान्त अमबषट आदि उपस्थित थे।

## पाइप फटने से लाखों गैलन पानी बर्बाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** प्रचंड गर्मी मे जहां एक एक बूंद पानी के लिये लोग तरस रहें हैं वहीं पीएचईडी की लापरवाही से लाखों गैलन पानी पिछ्ले तीन दिनों से बर्बाद हो रहा है। कुछ दिनों पूर्व चंद लोग आनन्द वाटिका प्रोपराइटर के अगुआई में देबियाना गेट के निकट मैथन धनबाद जाने वाले राइजिंग पाइप से दो दो इंच का दो पाइप का कनेक्शन लिया जा रहा था तभी पाइप फट गया और पानी बर्बाद होने लगा। यह काम अवैध रूप से रात के अंधेरे में किया जा रहा था जिसकी सूचना पर करवाई करते हुये पीएचईडी विभाग ने कनेक्शन हटाया और पाइप को जप्त कर लिया। एक हफ्ता बाद उसी स्थान पर पाइप के फट जाने से पानी निकल रहा है। अब तक लाखों गैलन पानी बर्बाद हो चुका है। एसडीओ श्री मंडल ने बताया कि पानी बर्बाद होने की जानकारी उन्हें मिली है और उसे ठीक कराने में 3 से 4 दिन का समय लगेगा।

## मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष बने सुनील व शक्ति शाखा की अध्यक्ष बनी ममता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शाखा एव शक्ति शाखा ने सत्र 2023 -24 के लिए नये नेतृत्व का चयन किया गया। जिसमें सुनील सोनी को अध्यक्ष, राहुल अग्रवाल सचिव,अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष, शक्ति शाखा अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव मेघा शर्मा नितिन अग्रवाल, रोहित सरावगी उपाध्यक्ष, विवेक मनकाशिया सहसचिव नियुक्त किये गए। इस हेतु पदाधिकारियों को मारवाड़ी युवा मंच के संविधान के अनुसार शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में पिछले 2 वर्षों के कार्यक्रम की रूप रेखा बताई गई और उसके अनुरुप सभी सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में धनबाद शाखा की पूरी कार्यकारिणी, समाज बंधु, संस्थापक अध्यक्ष गोविन्द राम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, चेतन गोयनका,अरविन्द आदि उपस्थित रहे।

## कुछ स्टेशनों पर ठहराव समय में संषोधन

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 17.05.2023 से राजेन्द्रनगर और सहरसा के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 13228 राजेन्द्रनगर-सहरसा इंटरसिटी का न्यू बरौनी जं. और सहरसा के बीच तथा कटिहार और पटना के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 15713 कटिहार-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस का मोकामा एवं बख्तियारपुर स्टेषनों के बीच ठहराव समय में संषोधन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 13228 राजेन्द्रनगर-सहरसा इंटरसिटी - दिनांक 17.05.23 से यह इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने नियत समय 07.15 बजे राजन्द्रेनगर से खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए न्यू बरौनी जं. 10.25 के बजाए 10.05 बजे पहुंचेगी और 10.28 बजे बेगुसराय, 10.53 बजे साहिबपुर कमाल, 11.20 बजे खगड़िया एवं 12.01 बजे मानसी रूकते हुए 13.35 बजे के बजाए 13.25 बजे ही सहरसा पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 15713 कटिहार-पटना इंटरसिटी - दिनांक 17.05.23 से यह इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने नियत समय 06.15 बजे कटिहार से खुलकर विभिन्न स्टेषनों पर रूकते हुए मोकामा 10.58 के बजाए 11.03 बजे पहुंचेगी और 11.20 बजे बाढ़ एवं 11.37 बजे बख्तियारपुर रूकते हुए अपने नियत समय 13.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । उपरोक्त दोनों इंटरसिटी एक्सप्रेस का अन्य स्टेशनों पर ठहराव समय पूर्ववत रहेगी ।

## जल संकट को लेकर आम सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोविंदपुर :** इतनी भीषण गर्मी मे जहां त्राहि त्राहि मची हुई है वहीं गोविन्दपुर के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। एक ओर जहां ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे है वहीं दुसरी ओर पीएचडी विभाग बिल्कुल मौन है। पीएचडी विभाग पानी की समस्या को देखकर भी अनदेखा करने करने का काम कर रही है जिसे लेकर ग्रामिण काफी नाराज़ दिखे। उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एक आम सभा आयोजित किया और इस समस्या के समाधान हेतु चिंतन व मंथन की। मौके पर जिला परिषद, गोविंदपुर बीडीओ सन्तोष कुमार मोजूद थे। सभा में लोगो ने पानी से जुड़ी हुई कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। विवेकानंद पाण्डेय ने कहा की जहा जहा पानी के लिए टावर बनाया गया है उसे चालू किया जाए ताकि पानी से तरस रहे लोगो को गर्मी में राहत मिल सके।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने मनाई वीर कुंवर सिंह की जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैथन :** मैथन वेलफेयर सेंटर, काली पहाड़ी में अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह विजयोत्सव दिवस के रूप में बहुत उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झरिया के विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह, विशिष्ट अतिथि बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के दिलीप सिंह, संजय सिंह, सुदेश सिंह, सुभाष सिंह, मनोज सिंह समेत समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। समिति द्वारा सभी अतिथियों को तलवार एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने तलवार हाथ में उठाकर विजयोत्सव मनाया।

## टाटा मैजिक वाहन दुर्घटनाग्रस्त दो की मौत, दर्जनों घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मुफस्सिल थाना इलाके के जोड़ापहाड़ी के समीप ट्रैक्टर को चकमा देने के कारण एक टाटा मैजिक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मैजिक वाहन में सवार दो लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोगों को चोटें लगी। जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है की बगोदर के अटका निवासी मोहम्मद सफरुद्दीन खान उर्फ बाबू खान अपने पूरे परिवार के साथ बगोदर से महेशमुंडा अपनी भगनी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए सामान लेकर महेशमुण्डा जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही इन लोगों की टाटा मैजिक वाहन जोड़ापहाड़ी के समीप पहुंची ट्रैक्टर ने टाटा मैजिक वाहन को चकमा दे दिया। जिसके बाद मैजिक वाहन सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में वाहन चला रहे मोहम्मद खलील और सफ़रुद्दीन की मौत हो गई जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ट्रैफिक व पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर मंडल के बामड़ा और धारूआडीही स्टेषनों के मध्य 03 लेवल क्रासिंग पर स्भ्ै के लॉचिंग हेतु दिनांक 26.04.2023 को 10.00 बजे से 18.00 बजे तक ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जायेगा । इस कारण ब्लॉक के दिन ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है -

पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -


1. दिनांक 26.04.23 को सम्बलपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18311 सम्बलपुर-बनारस एक्सप्रेस सम्बलपुर से 02.45 घंटे पुनर्निधारित समय से खुलेगी ।

आंषिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1. दिनांक 25.04.23 को राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का आंषिक समापन राउरकेला में किया जायेगा तथा यहीं से यह राउरकेला और राजेन्द्रनगर के बीच पैसेंजर स्पेषल के रूप में परिचालित की जायेगी ।

2. दिनांक 26.04.23 को दुर्ग से खुलने वाली गाड़ी सं. 13287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस का आंषिक समापन बिलासपुर में किया जायेगा तथा यहीं से यह बिलासपुर और दुर्ग के बीच पैसेंजर स्पेषल के रूप में परिचालित की जायेगी ।

# जितेंद्र कुमार देव ने सभी योजनाओं की गुणवत्ता जांच एवं भौतिक सत्यापन करने का दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन-2023 के दल संख्या-10 के तीन पदाधिकारियों-जितेंद्र कुमार देव, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, मुकेश कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग और कुमार सौरभ, मीडिया-सह-प्रशिक्षण पदाधिकारी, मनरेगा द्वारा आज सोमवार को जिला परिषद सभागार में लोहरदगा जिला में कार्यान्वित योजनाओं समीक्षात्मक एवं परिचयात्मक बैठक की गई। बैठक में अनुसमर्थन दल के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार देव द्वारा अनुसमर्थन दल का जिला में आगमन का प्रयोजन बताया और सभी योजनाओं की गुणवत्ता जांच एवं भौतिक सत्यापन करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान योजनाओं में पायी जाने वाली त्रुटियों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए आवास योजना की प्रथम एवं तीसरी किस्त के अंतर को कम किये जाने और प्रखण्डवार अपूर्ण आवासों को पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रखण्डों में संचालित योजनाओं की प्रखण्डवार समीक्षा की जाएगी। साथ ही निदेश दिया गया कि प्रखण्डों/पंचायतों में जो भी समस्याएं हैं उनसे पदाधिकारी अवश्य अवगत कराएंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस0 द्वारा अनुसमर्थन दल को जिला का पूर्ण सहयोग करने की बात कही। ज्ञातव्य हो कि उक्त दल लोहरदगा जिला में दिनांक 27.04.2023 तक भ्रमण पर रहेगा। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, एसएजीवाई के नोडल पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला एवं प्रखण्ड समन्वयक, पीएमएवाई के प्रशिक्षण समन्वयक, डब्ल्यूसीडीसी के तकनीकी विशेषज्ञ, जिला समन्वयक एनआरएम/ सीएफपी, जीआईएस कोर्डिनेटर एनआरएम सीएफपी, सभी बीपीओ मनरेगा, सभी बीपीएम और प्रखण्ड समन्वयक जेएसएलपीएस और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंजुमन इस्लामिया के 100 वें वर्षगांठ पर आयोजित ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** होटल गैलेक्सी में अंजुमन इस्लामिया के 100 वें वर्षगांठ पर आयोजित ईद मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस कप्तान आर रामकुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक यादव, एडवोकेट मनोज प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो के अलावे समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। सर्वप्रथम अंजुमन इस्लामिया अध्यक्ष अफसर कुरेशी ने सभी अतिथियों को स्वागत किया गया। मौके पर उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अंजुमन इस्लामिया के 100 दिन पूरा होने पर पदाधिकारियों को दी बधाई। उन्होंने कहा कि समाज का नेतृत्व समाज के उत्थान एवं सभी धर्मों को साथ में लेकर चलना पदाधिकारियों का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। जो एक दूसरे का काम आए वही सबसे बड़ा धर्म है। गंगा जमुना तहजीब लोहरदगा का इतिहास रहा है। मौके पर अंजुमन इस्लामिया अध्यक्ष अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, अब्दुल जब्बार उर्फ जबारूल अंसारी के अलावे अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी गण एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पत्नी के लापता होने की सूचना पति ने सेन्हा थाना में देते कराया सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तोड़ार ग्राम से पत्नी के लापता की सूचना पति ने सेन्हा थाना में देते हुए थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने का अपील कर प्रशासनिक मदद का लगया गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार निवासी पंकज खेरवार ने पत्नी के लापता की अर्जी सेन्हा थाना में देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान से मदत का गुहार लगाते हुए कहा कि 15 अप्रैल को मेरी 22 वर्षीय पत्नी नेहा देवी समय लगभग 2 बजे किसी को बिना बताये घर से निकली थी। जो देर शाम तक लौट कर वापस घर नही आई और आज तक कोई सुराग भी नही मिला रहा है। आगे बताते हुए कहा कि पत्नी के लापता के उपरांत आसपास एवं सगे संबंधि में छानबीन किया परंतु कही पता नही चला। सभी पहलू पर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी से प्रशासनिक मदद का गुहार लगया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा महिला के लापता की आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर टेक्निकल सेल के माध्यम से जांच पड़ताल आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही पति के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर लापता महिला का रंग-गोरा ऊंचाई 4 फिट 6 इंच पहनावा भूरा रंग का साड़ी पैर में हवाई चप्पल है। महिला का हुलिया बताते हुए कहा जिस किसी सज्जन व्यक्ति को इस महिला के बारे पता चले या कही भी दिखे तो स्थानीय थाना को सूचना देते हुए प्रशासन को सहयोग करने का अपील किया गया है।

## उप विकास आयुक्त समीरा एस ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन को लेकर बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त समीरा एस0 की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की समीक्षा हुई। समीक्षा में सभी संबंधित बैंकों के बैंक प्रबंधक व समन्वयक शामिल हुए। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकवार पीएमईजीपी के निष्पादित व लंबित आवदनों की समीक्षा की गई और लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निदेश बैंक प्रबंधकों को दिया गया। नये वित्तीय वर्ष में आवेदन सृजन से संबंधित निदेश दिये गये। अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों का आधार मिलान करते हुए आधार सीडिंग संबंधी आवश्यक निदेश दिये गये। आज की बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक सीताराम पासवान,जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद समेत सभी बैंकों के प्रबंधक व समन्वयक उपस्थित थे।

## जीईएल चर्च बाघचट्टा मंडली की गिरजा संस्कार दिवस की आठवां समारोह धूमधाम से संपन्न

➲परमेश्वर को पाने के लिए त्याग बलिदान और समर्पित रहने की आवश्यकता : संदेश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जीईएल चर्च बाघचट्टा मंडली की गिरजा संस्कार दिवस की आठवां वार्षिक समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से खूंटी टोली मध्य डायसिस चर्च के विशप मुरेल बिलुंग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से गीत गाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया जिसके बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। इस दौरान उपस्थित फादर के द्वारा सभी प्रकार के धर्म विधि एवं अनुष्ठान संपन्न कराए ।इस मौके पर मुख्य अतिथि संदेश एक्का ने कहा कि गिरजाघर ईश्वर का घर है। यहां लोग एकत्रित हो कर ईश्वर की अराधना करते हैं। जिससे अलग प्रकार की अनुभूति और संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होने कहा कि गिरजाघर में ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रभू येशु मसीह स्वयं यहां विराजमान है। हमें परम पिता परमेश्वर यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलना होगा तब जाकर हम अपने समाज एवं अपने धर्म के प्रति निष्ठावान बने रह सकेंगे। हम गिरजा घर आकर परमेश्वर की प्रार्थना करते हैं परंतु परमेश्वर को पाने के लिए त्याग बलिदान एवं समर्पित होने की आवश्यकता है तब जाकर हमें परमेश्वर की प्राप्ति होगी। 8 वर्ष पूर्व यहां पर गिरजाघर बनाया गया था जिसका उद्देश्य से इस क्षेत्र के सभी लोगों को सामूहिक रूप से प्रार्थना करने का अवसर मिले और इसी सोच को लगातार 8 वर्षों तक बरकरार रखा गया रहने वाले पीढ़ियों तक इसे बरकरार रखा जाए। उन्होंने मसीह समुदाय के युवाओं को नशा पान समाज में फैली कुरीतियों एवं गलत कार्यों को छोड़ते हुए पढ़ाई लिखाई में ध्यान देते हुए उच्च पदों पर बैठकर देश सेवा करने का आवाहन किया साथ ही साथ उन्होंने सामाजिक गतिविधियों में युवाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही जिससे कि समाज का उत्थान हो सके।

## बीडीओ ने विकास को लेकर पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय सेन्हा में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर जानकारी देते हुए बताया गया। कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का जिला में राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल जाँच कमिटी का आगमन है। जिस निमित जेएसएलपीएस मनरेगा तथा पीएमएवाई द्वारा संचालित विकास कार्यो का निरीक्षण होना है। जिसके लिये बीडीओ श्री चोपड़ा ने सहायक अभियंता, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि सेवन्थ रजिस्टर, योजना अभिलेख पंजी, जॉब कार्ड व कार्य स्थल का पूर्व में अद्यतन जाँच करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वितीय वर्ष 2023-2024 का मनरेगा योजना के द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत आम बागवानी का कार्य को दो दिनों के अन्दर सभी पंचायतो में कार्य प्रारम्भ करने का निदेश देते हुए कहा गया कि मनरेगा योजना कार्य मे अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया गया। मौके पर बजपीओ मनरेगा निलेन्द्र कुमार, अभियन्ता संजीत कुमार पंचायत सचिव भैया भगत, सुजीत उराँव, आनन्द सिंह, अधीश खाखा, महिपाल उराँव, ओमप्रकाश साहु, रोजगार सेवक कृष्णा राम, देवेन्द्र कुमार, रेखा कुमारी, अंजू तिर्की, प्रवीण कुमार, योगेन्द्र ठाकुर सहित सभी प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयंती का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा हमें राष्ट्र के हित के लिए जीना चाहिए और मरना चाहिए। तेरा वैभव अमर रहे मां,हम दिन चार रहे ना रहे। देश की आजादी के नियमित बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों से कट्टर मुकाबला किया। अंग्रेजों से लड़ते लड़ते उन्होंने अपने जीवन को बलिदान दिया है। हमें ऐसे वीर सपूतों पर बहुत गर्व है। राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए हमें आगे आने की आवश्यकता है हमें इनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है । देश का प्रत्येक बच्चा बच्चा को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर राष्ट्र धर्म की रक्षा का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर श्री नंद किशोर साहू ने कहा देश के महान सपूतों में बाबू वीर कुंवर सिंह अग्रणीय एवं पूजनीय है। इनके रग-रग में खून के एक बूंद में भारत माता के प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। 1857 के ऐसे वीर सेनानी पर हमें गर्व है। हम बालकों को भी भारत माता की रक्षा का व्रत लेना है। श्री गणेश साहू आचार्य जी ने वीर कुंवर सिंह की विरता एवं लोहरदगा के वीर सिपाही एवं पूर्वजों द्वारा अंग्रेजों से टक्कर लिए थे। इनकी वीरता का बखान किये। इस अवसर पर श्री अशोक सिंह आचार्य जी द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर विविध प्रश्न पूछे गए। आज के इस कार्यक्रम में सरिता जयसवाल द्वारा प्रेरणा प्रद बातें बताई गई। इस अवसर पर दीपिका, लक्ष्मी, जगदीश पांडे, अशोक प्रसाद, सुश्री सुनीता कुमारी, त्रिलोचन साहू, मीनाक्षी दिव्या समेत समस्त भैया बहन उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख की सहायता से ख़राब चापाकल की हुई मरम्मती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर पंचायत अंतर्गत गेट टोली के ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को आवेदन देकर चापाकल मरम्मत करवाने का आग्रह किया था, चापाकल का दो से तीन पाइप जंग खाकर फटा हुआ था, क्योंकि 3 महीने से यह चापाकल खराब था, जिससे ग्रामीणों को बहुत दूर से पीने अथवा और भी घरेलू कार्य के लिए पानी बहुत दूर से लाना पड़ता था, कई बार पीएचडी विभाग से आग्रह किया गया पर कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि पाइप उपलब्ध कराने के लिए टेंडर अभी तक नहीं हुआ है, जिसके एवज में प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने भी कइ बार पीएचडी विभाग के जेई से संपर्क कर पाइप के लिए आग्रह किया था परंतु संबंधित विभाग के द्वारा हर बार बताया गया कि अभी भी टेंडर नहीं हो पाया है, जिसके कारण पाइप उपलब्ध कराने में असमर्थ है, तब जाकर ग्रामीणों की समस्या एवं बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने दो पाइप एवं दो रड व्यवस्था कर उस चपाकल को चलने योग्य मिस्त्रीयों के सहयोग से बनवाया, जिससे ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली एवं प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को धन्यवाद दिया।

## जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर ने की प्याऊ की व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के किस्को प्रखण्ड अंतर्गत अति उग्रवादी प्रभावित क्षेत्र जोबांग थाना के समीप थाना प्रभारी शशि शेखर की ओर से गर्मी को देखते हुए प्याऊ की व्यवस्था की गई जिसका शुभारंभ थाना प्रभारी द्वारा किया गया। इस दरमियान सभी राहगीरों को देशी फ्रिज का ठंडा पानी पिलाया गया। मौके पर थाना प्रभारी शशि शेखर ने कहा कि इन दिनों चिलचिलाती धूप उमस लू के चलते राहगीरों व बाजार आने जाने वाले लोगों को पानी के लिए काफी समस्या हो रही है दोपहर में तेज गर्मी हवा चलने से प्यास के मारे लोग इधर उधर पानी की तलाश में भटकते रहते हैं कहीं पानी नहीं मिल पा रहा था जिसे लोगों ने प्याऊ की व्यवस्था कराए जाने की मांग की थी इसे देखते हुए राहगीरों के लिए घड़े का ठंडा पानी की व्यवस्था कराई गई है। इसके लिए सुबह शाम घडो में पानी भरने के लिए कर्मचारी की ड्यूटी भी लगा दी गई है,। साथ में उन्होंने कहा कि जरूरत के मुताबिक अन्य जगह पर भी घड़े रखवा कर पानी पीने की व्यवस्था कराई जाएगी।

## पूनम देवी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर चलाया अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी व डाँडू ग्राम में संगठन से समृद्ध अभियान के तहत एक दिवसीय प्रिशक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में एकागुड़ी में संचालित जय झंडा महिला समूह व डाँडू में प्रकाश महिला समूह के दीदियों को संगठन से समृद्ध अभियान के माध्यम से महिला समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के बारे में प्रखंड समन्वयक पूनम देवी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला समूह से जुड़कर बकरी पालन, शूकर पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन कर रोजगार प्रारम्भ कर आत्मनिर्भर बनने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही बताया गया कि गाँव मे छूटे हुए ग्रामीण परिवार के सभी लोगो को 30 जून तक महिला समूह से जोड़ना है। जिसे लोग स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बन सके और अच्छी तरह से परिवार का भरण पोषण कर सके। मौके पर रमिका उराँव, कुसमारीन टोप्पो, अमृता उराँव, राजमुनी उराँव, विनीता टोप्पो, जोगन देवी, अंजू उराँव, सोनम उराँव सहित महिला समूह की सैकड़ो दीदी उपस्थित थीं।

## जिला अधिवक्ता संघ के तत्वधान में ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया ढ्ढ समारोह में उपस्थित संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव ने कहा कि ईद आपसी भाइचारे तथा प्रेम का त्योहार है यह त्योहार हमे आपस में एक साथ मिलकर प्रेम से रहना सिखाता है ढ्ढ सभा को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि हिन्दुस्तान में सभी धर्मो के अनुयायी रहते हैं और हमारे देश की खासियत है कि हम सभी धर्मो का आदर करते हैं तथा आपसी सद्भाव के साथ मिलकर प्रेम पूर्वक सभी त्योहार को मानते हैं,और त्योहार में जो संदेश ईश्वर के द्वारा हमे दी गयी है उसका अनुपालन हमे करना चाहिए ढ्ढ हमारे संविधान में भी सभी धर्मो का आदर करना बताया गया है ढ्ढ सभा को संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी ने भी संबोधित किया वे अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर ने हमें अनेक त्योहार से नवाजा है सभी त्योहार, धर्म से हमे अछि सीख मिलती है जिसे अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। उक्त समारोह में एसडीएम राज कल्याण सब जज अर्चना कुमारी, पूजा कुमारी लाल, शुचिता निधि तिग्गा के अलावे अधिवक्ता गन मनोज प्रसाद, देवाशीष कर, जमील अहमद, निकिता अतखर, सुमन भगत, प्रमोद अग्रवाल, पवन कुमार, प्रणय शेखर, अरुण साहू, शर्मा जी, नसीम अंसारी के अलावे काफी संख्या में अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## अवैध बालू से लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के ऐडादोन दक्षिणी कोयल नदी घाट से शनिवार को दो अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया।कैरो थाना प्रभारी हरिऔध करमाली, एएसआई बरमा उरांव ने गस्ती के दौरान पाया कि ऐडादोन मोड़ पर दो ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू ले जारहे थे उसी कर्म में पुलिस इन दो ट्रैक्टरों को जब्त कर कैरो थाना लाई है। दोनों गाड़ियों का नम्बर भी नहीं है। हरिऔध करमाली ने बताया कि इनपर विधिपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। एक सप्ताह पहले भी कैरो थाना द्वारा अवैध रूप से बालू ले जा रहे चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

## मनरेगा अभियंताओं की मनमानी भाजपा नहीं करेगी बर्दाश्त : लक्ष्मण बड़ाईक

# ग्राम प्रधान व पंचायत समिति सदस्य के ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज करने एवं दुर्व्यवहार के खिलाफ भाजपा का प्रतिनिधि मंडल मिला पुलिस अधीक्षक से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार से मिलकर बांजजोर प्रखंड के मनरेगा के कनीय अभियंता अनुज कुमार द्वारा ग्राम प्रधान विशाल नायक एवं पंचायत समिति सदस्य तरगा को झूठे मुकदमे में फंसाने एवं जातिसूचक गाली देना एवं दुर्व्यवहार करने के मामले में न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार को आवेदन सौपते हुए पंचायत समिति सदस्य निशा बड़ाईक ने कहा की पिछले दिनों तरगा में शौचालय निर्माण योजना की जांच की थी और काफी अनियमितता पाया गया था इसके अलावा पंचायत समिति की बैठक में अभियंता अनुज कुमार द्वारा जबरजस्ती पुरानी योजना को ही अनुशंसा करने का दबाव दिया जा रहा था नहीं मानने पर अभियंता अनुज कुमार द्वारा उनसे दुर्व्यवहार किया गया जाति सूचक शब्द निकाल कर गाली भी दिया एवं मुझसे धक्का-मुक्की भी किया ग्राम प्रधान विशाल नायक द्वारा बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी धक्का-मुक्की की गयी दुर्व्यवहार किया गया एवं गाली गलौज दी गई झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कड़ी कार्यवाही की जाए और 8 साल से एक जगह ही जमे हुए अभियंता अनुज कुमार को यहां से हटाया जाए। पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की पूरे जिले में हर विभाग में भ्रष्टाचार हावी है पर हर प्रखंड में प्रखंड प्रसाशन के सह पर मनरेगा अभियंताओं की काफी शिकायतें आ रही है अगर यह अभियंता नहीं सुधरे चीन के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा और किसी कीमत पर इनकी मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद पूर्व मंत्री विमला प्रधान जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से कहा की प्रखंडों में भ्रष्टाचार हावी हो गया है खासकर मनरेगा में काफी शिकायतें आ रही है प्रखंड प्रशासन एवं कनीय अभियंता अपने व्यवहार में सुधार नहीं करते हैं एवं इसी तरह भ्रष्टाचार का खेल जारी रहेगा तो भारतीय जनता पार्टी इसका जोरदार रूप से प्रतिकार करेगी एवं सारी जानकारी केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा को भी दी जाएगी। ग्राम प्रधान विशाल नायक ने बताया कि पूर्व में भी अभियंता अनुज कुमार द्वारा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि बरथोलोमी तिर्की के साथ भी गाली गलौज एवं दुर्व्यवहार किया गया था । भाजपा प्रतिनिधिमंडल की मांग पर पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने आश्वस्त किया की कि मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और निर्दोष को फंसने नही देंगे।मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर महामंत्री दीपक पुरी कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद श्रद्धानन्द बेसरा सुजान मुंडा प्रणव कुमार रवि गुप्ता रामविलास बड़ाईक संजय शर्मा अशोक इंदवार रोहित साहू बलबीर जायसवाल नवीन सिंह घनश्याम सिंह देवकी नंदन साय मनिंदर बिंझिया रामचन्द्र सिंह रनधीर कुमार बीरेंद्र पंडा कैलास मेहर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## चलते चलते एक नजर

### विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरणविद कौशल ने वृक्षों पर किया रक्षाबंधन

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर व पार्क परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण धर्म के तहत दो दिवसीय गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल् किशोर जायसवाल ने पलामू में बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब पलामू प्रमंडल के लोग खुद पलामू छोड़कर भागने पर विवश हो जाएंगे। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि एक तो पलामू से होकर कर्क रेखा गुजरने के कारण इसे पहले से ही ब्लैक शैडो जोन में रखा गया है। दूसरी तरफ वनों के बेतहाशा कटने से पत्थर पहाड़ नंगे होने के कारण प्रचंड गर्मी अचानक बड़ी है। जिससे पलामू की धरती और आकाश में गर्मी का सुनामी आया है। यही कारण है कि पलामू देश का नंबर वन तापमान वाले जिला की सूची में शामिल हो गया है। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि प्रचंड गर्मी से जान बचाने के लिए लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाकर पौधा लगाना होगा। मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार उई डाली बाजार में उनके पूजनीय पिताजी के द्वारा पार्क लगाए गए है उसी तरह सरकार प्रत्येक गांव में पार्क विकसित करे। इससे गर्मी भी घटेगा और वर्षापात भी बढ़ेगा। बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए कहा जंगल में पानी के अभाव के कारण जंगली जानवर गांव में आ रहे हैं। यह काफी चिंताजनक बात है। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में मंडल डैम के इंजीनियर धर्मेंद्र सिन्हा, मिट्ठू सिंह, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, पिंकी देवी सिंह, हेमा सिन्हा, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल सहित भारी संख्या में पर्यावरण प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

### एयर इंडिया ने आधुनिकीकरण पर 20 करोड़ डॉलर का निवेश किया

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपनी डिजिटल प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का शुरुआती निवेश किया है। एयर इंडिया के आधुनिकीकरण के तहत चैटजीपीटी संचालित चैटबॉट और कई अन्य पहल को अमलीजामा पहनाया जाएगा।कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि सिस्टम आधुनिकीकरण में एयर इंडिया ने 20 करोड़ डॉलर का शुरुआती निवेश किया है। इसके साथ ही एयरलाइन ने 'विहान डॉट एआई' नाम से एक रूपांतरण कार्यक्रम भी शुरू किया है। एयर इंडिया ने बताया कि उसकी डिजिटल प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वहीं, कई पहल पहले ही पूरी हो चुकी है, जबकि कई पर काम जारी है।

# कोयल रिवर फ्रंट का हुआ उद्घाटन

## उद्घाटन समारोह में शामिल सभी अतिथियों ने कहा, सराहनीय है निगम का कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन रविवार की शाम सामूहिक रूप से सांसद बीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह,आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त रवि आनंद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुड्डू सिन्हा, एनडीसी शैलेश कुमार एवं सहायक नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर से आए गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित पार्षदों द्वारा 101 नारियल फोड़कर बनारस से आए दशाश्वमेध घाट के मुख्य पुजारी एवं सहयोगि पंडितों द्वारा गंगा आरती कर प्रारंभ किया। गंगा आरती के वक्त कोयल तट पर उपस्थित लगभग 15 हजार महिला पुरुषों कि भीड़ पूर्ण रूप से भक्तिमय होकर आरती में लीन हो गई। शंख और घंटियों से वातावरण बनारस के दशाश्वमेध घाट की याद दिलाता रहा। पूरा घाट का मनोरम दृश्य,लाइटों की सजावट को देख निगम की प्रशंसा होती रही। पलामू पुलिस द्वारा चप्पे-चप्पे पर ऐतिहासिक व्यवस्था की गई।

### बधाई के पात्र हैं अरुणा शंकर : सांसद वीडी राम

बीडी राम ने उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा शहर बहुत तेजी से बदल रहा। जिसके लिए मैं महापौर अरुणा शंकर, मंगल सिंह एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं। बहुत जल्द फोरलेन बनने जा रहा है। जिससे शहर की दूरी राजधानी से कम होगी। आवागमन सुरक्षित होगा। निगम क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए भारत सरकार कई योजनाएं बना रहा है। हमारा मेदनीनगर नगर निगम भी महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में चल पड़ा है। विकास को रुकने नहीं दिया जाएगा।

### गांधी उद्यान, महिला पिंक सिटी बस व चौक चौराहे जल्द ही जनता को समर्पित करूंगी : महापौर

महापौर अरुणा शंकर ने अतिथि देवो भव के साथ उपस्थित सभी निगम वासियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि मैं अपने 3 वर्षों के कार्यो में एक कोयल रिवर फ्रंट जनता को समर्पित करती हूं। जल्द गांधी उद्यान, महिला पिंक सिटी बस व चौक चौराहे जनता को समर्पित करूंगी। मैंने अपने कार्यकाल में जहां शहरों की साफ-सफाई बढ़ाई, वही कई नए पुराने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने का भी काम किया। जहां मैंने रोड और नाली बनवाई, वही कई पार्क भी बनवाए। जहां मैंने ससम्मान अंतिम यात्रा हेतु वातानुकूलित शव वाहन मंगाया, वही राजा हरिश्चंद्र घाट एवं चैनपुर घाट का भी निर्माण कराया। जहां मैंने टैक्सी स्टैंड बनवाई वही महिलाओं की सुरक्षित यात्रा हेतु पिंक सिटी बस भी मंगवाया। पहले दिन में सफाई नहीं होती थी वहीं आज दिन के साथ-साथ रात्रि सफाई भी प्रारंभ कराया। जहां सार्वजनिक वकालत खाना में ठंडे पानी का मशीन, पेवर ब्लॉक, सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट लगवाई, वहीं निगम कार्यालय को भी नए रूप से बनाया जा रहा है। यह सब मेरे भाई मंगल सिंह, माननीय पार्षद का, बेहतरीन निगम कर्मियों एवं झारखंड सरकार नगर विकास के सहयोग से कोरोना के बाद गत 3 वर्षों मैं हो पाया है।

### एसपी डीडीसी व जेएमएम के जिलाध्यक्ष ने महापौर को दी बधाई

आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा ने इस मनोरम कोयल तट पर बने कोयल रिवर फ्रंट की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए पानी के महत्व को गहराई से बताया।

कहा कि उस पानी के पूजा के लिए इतना मनोरम घाट बनाकर निगम ने ऐतिहासिक कार्य किया है। जेएमएम जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने भी निगम के कार्यो की सराहना की और कहा महापौर अरुणा शंकर ने अच्छा कार्य किया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नगर विकास मंत्री भी है, के सहयोग के लिए बधाई देते हुए कहा कि झारखंड में चारो और चौमुखी विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री उसके लिए बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम की शुरुआत नगर आयुक्त रवि आनंद ने करते हुए इस कोयल रिवर फ्रंट हेतु फंड देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

## महापौर अरुणा शंकर के प्रयास से चमक उठा मेदिनीनगर नगर निगम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला मुख्यालय का मेदिनीनगर शहर अब चमक रहा है। दमक रहा है। खूबसूरती का अपनी छटा बिखेर रहा है। इसका सारा श्रेय महापौर अरुणा शंकर को जाता है। अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल के दौरान मेदिनीनगर नगर निगम को ऐसा रूप और स्वरूप दिया कि शहर की सुंदरता को देख कर लोग चकाचौंध हैं। निगम क्षेत्र का हर गली सुंदर दिख रहा है। हर सड़क अपनी खूबसूरती बिखेर रहा है। शहर का समाहरणालय हो या कचहरी चौक, ओवर ब्रिज हो या रेड़मा चौक, सब जगह ऐसा रंग रोगन, पेंटिंग और सुंदरता कि आप उसे निहारते ही रह जायेंगे। शहर का बड़ा तालाब तो चांद, सितारों की तरह चमक रहा है। मेदिनीनगर का गांधी मैदान गुलाब की फूल की भांति खिल रहा है।

यहां हर रोज हजारों लोग सुबह की सैर करने पहुंच रहे हैं और मेयर को दिल से आशीर्वाद देते हुए दोबारा महापौर बनने की दुआ भी दे रहे हैं। कभी गंदगी के साए में रहने वाला और अपनी बदहाली पर आठ आठ आंसू बहाने वाला कोयल का किनारा आज जगमग है। दूधिया रोशनी में कोयल का किनारा स्नान कर रहा है। शहर के लोग सुबह शाम कोयल नदी के तट पर जाकर महापौर अरुणा शंकर का गुणगान कर रहे हैं। अभी अभी कोयल रिवर फ्रंट का उदघाटन हुआ। इस दौरान मुंबई के कलाकारों ने सूफी गीत प्रस्तुत किए. इस प्रस्तुति के दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। पलामू प्रमंडल मुख्यालय में मेदिनीनगर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोयल रिवर फ्रंट को बनाया गया है। मेदिनीनगर नगर निगम ने 24 महीने में कोयल रिवर फ्रंट के निर्माण की योजना तैयार की थी, लेकिन कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 6 महीने से भी कम समय में इसे पूरा कर लिया।उद्घाटन समारोह के बाद भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती के बाद मुंबई के कलाकारों ने सूफी गीत प्रस्तुत किए. सूफी गीत पर पलामू के लोग झूम उठे. कोयल रिवर फ्रंट एक बड़ा आकर्षण का केंद्र है. कोयल नदी के तटीय क्षेत्रों को भव्य तरीके से सजाया गया है और लाइटिंग की गई है, ताकि सुबह शाम लोगों को नदी किनारे बिताने में सहूलियत हो सके।

## विश्व पुस्तक दिवस पर किया गया पुस्तक परिचर्चा का आयोजन


# जो पढ़ते हैं, वो बढ़ते हैं : पद्म श्री डॉ. बीकेएस संजय

### उपहार संदेश का, पुस्तक चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देहरादून** : संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर एवं सेवा सोसाइटी के द्वारा विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर पद्म श्री डॉ. बीकेएस संजय की प्रथम काव्य संग्रह उपहार संदेश का पुस्तक की चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. संजय ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सारस्वत अतिथि, आर्युवेद कॉलेज के छात्र, मास-मीडिया एवं संस्था के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति, बीर माधो सिंह भंडारी, उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने कहा कि वर्तमान में पुस्तकों की जगह गूगल और सोशल मीडिया ने ले ली है। वर्तमान युवा अपनी मौलिक सोच को समाप्त कर रहा है। साहित्य हमें मौलिकता से जोड़ती है। आज शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है और हर किसी व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए कि हम अपने युवाओं के लिए अच्छा समाज तैयार करें। आईएएस अतिरिक्त मुख्य सचिव उत्तराखंड श्रीमती राधा रतूडी ने डॉ. संजय उनके परिवार एवं आए हुए सभी अतिथियों को विश्व पुस्तक दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड, अनिल रतूड़ी ने कहा कि डॉ. संजय की कविताओं में वैज्ञानिक तथ्यों में भी भाव सौंदर्य दिखता है। लेखक पुस्तकें लिखते हैं और उसके पश्चात उनकी उनकी पुस्तक जीवन पर्यंत एक जीवन दर्शन का काम करती है।

काव्य संग्रह उपहार संदेश का के रचियता पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि लोगों को उपहार के तौर पर पुस्तकें देने की आदत डालनी चाहिए। क्योंकि पुस्तकें एक पीढ़ी की ही नहीं कई पीढ़ियों की सृजक होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो पढते हैं, वो बढ़ते हैं। दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार जनार्दन मिश्र ने कहा कि




डॉ. संजय की कविताएं श्रम और संघर्ष को भली-भांति दर्शाती हैं। डॉ. संजय की संवेदनशीलता और अनुभव व्यापक है जैसे फैलाव, भूख, पुस्तकें आदि कविताओं में भली-भांति दिखाया गया है। विदुषी सुश्री डॉ. सुधा रानी पांडे, पूर्व कुलपति, संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने कहा कि मुझे आशा है कि कवि डॉ. संजय ने घर कविता में गांव के घर और शहर के सुविधापूर्ण बड़े घर के सुख-दुःख का द्वंद पाठकों को निश्चित ही द्रवित करने वाला भाव है। वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार असीम शुक्ला जी ने उपहार संदेश का को पूरे विवेक एवं निर्भीकता के साथ लिखी कविता संग्रह बताया। डॉ. संजय की कविताओं की लय एवं गत्यात्मकता मनुष्य की चेतना से अछूती नहीं रहती। साहित्यकार अम्बर खरबंदा ने कहा किताबों से अच्छा ज्ञान का भंडार और कुछ नहीं हो सकता है। हमें किताबों का शौक होना चाहिए और निरंतर पुस्तकों से वार्तालाप करनी चाहिए। राज्यसभा की अनुवादक डॉ. दर्शनी प्रिय ने कहा कि डॉ. संजय की अधिकांशतः रचनाऐं कविताऐं ही नहीं एक दर्शन हैं। डॉ. नवानी ने कहा की पुस्तकों को पढ़ना चाहिए उनका सम्मान करना चाहिए और उनसे प्रेम करना चाहिए क्योंकि पुस्तकें ही हमारे जीवन को बनाती हैं। भगीरथ शर्मा ने कहा कि डॉ. संजय की कविताओं का भाव सबको प्रेरित करते हैं। संजय की कविता नमस्कार किसी परिचित अपरिचित को नम्र बनने की प्रेरणा देती है। डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा अरूण ने कहा कि पुस्तकें केवल पुस्तकें ही नहीं बल्कि हमारी माँ हैं क्योंकि पुस्तकें हमारे समाज की निर्माता हैं।डॉ. गौरव संजय ने आए हुए सभी अतिथियों एवं महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया। पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, पद्मश्री बसंती देवी, पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव, पद्मश्री बसंती बिष्ट, लेखक राम विनय सिंह, जसवीर सिंह हलदर, अरुण पाठक एवं आकाशवाणी के उद्घोषक श्री अनिल भारती ने पुस्तक पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान संजय नौटियाल, पार्षद, शिवमोहन सिंह, डॉली डबराल, तारा चंद गुप्ता, नीलू गोयल, विजेन्द्र सिंह, डॉ. एस. एन. सिंह, सचिन जैन, मधु जैन, योगेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अपनी आंख पर बंधी पट्टी को कब उतारेंगे पलामू के डीसी ?

### समाहरणालय के बगल में बन रहे पुल के कारण पूरा शहर जाम, कुंभकर्णी निद्रा में जिला प्रशासन

### सीओ और रजिस्ट्री ऑफिस की मिलीभगत से हर हर रोज हो रही है जमीन की गलत रजिस्ट्री




**मेदिनीनगर** : पलामू झुलस रहा है। यहां के लोग जाम से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, तिल-तिल कर मर रहे हैं। इतना सब होने के बावजूद पलामू के डीसी ए. डोडे अपनी आंख पर पट्टी बांध कर कुंभकर्णी निद्रा में सोए हुए हैं। पलामू में गरीबी चरम पर है। भुखमरी इस कदर है कि यहां के लोग भूखे पेट रात को सोते हैं। डीलर लोग गरीबों को अनाज नहीं देकर सारा खाद्यान हड़प ले रहे हैं। इन डीलर लोगों से प्रखंड और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिलीभगत रहता है। यही कारण है कि डीलर गरीबों को खाद्यान्न नहीं देते। यहां अपराध सर चढ़ कर बोल रहा है। हर सरकारी विभाग में रिश्वतखोरी की गंगा नहीं गंगोत्री बह रहा है। सरकारी बाबू और अधिकारियों को बिना चढ़ावा दिए कोई काम नहीं होता। जिले के सभी प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। रांची से भी ज्यादा यहां जमीन मामले में फर्जी काम हो रहा है। राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक और सीओ को पलामू डीसी का आशीर्वाद प्राप्त है। यही कारण है की गलत और फर्जी एलपीसी पर भी जमीन की रजिस्ट्री हो जा रहा है। सभी अंचल में जमीन माफिया की चांदी है। जमीन माफिया अपने मन मुताबिक सीओ को मोटी रकम देकर अपना काम करा लेते हैं। लगता है कि सभी सीओ का डीसी के साथ सांठगांठ है। अगर पलामू के जमीन मामलों में सीओ और रजिस्ट्री ऑफिस की सघन जांच की जाए तो सारा सच्चाई सामने आ जाएगा। यहां झारखंड ही नहीं देश का सबसे बड़ा भूमि घोटाला पलामू में सामने आएगा। यहां मनरेगा में सबसे जायदा घोटाला हो रहा है। कुछ काम को छोड़ कर सारा काम मशीन से हो रहा है। इस काम में बीडीओ और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की मिलीभगत है। और डीसी का संरक्षण प्राप्त है। पलामू में सबसे ज्यादा मनरेगा घोटाला है। यहां मनरेगा के तीन वर्षों के कार्यो की जांच हो तो कई कर्मचारी और अधिकारी सलाखों के अंदर होंगे। पलामू का जिला मुख्यालय मेदीनीनगर है। यहां समाहरणालय में हर रोज हजारों लोग पहुंचते है। इसके ठीक बगल में जेलहाता की ओर जाने वाले रास्ते में एक पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। इस पुल को बाधित होने से शहर में जाम की स्थिति है। जाम रहने से स्कूली बच्चे सहित हर लोग परेशान हैं। इस ओर डीसी का कोई ध्यान नहीं है। इनके आंख पर पट्टी बंधा हुआ है।

अगर जिला के मालिक का ऐसा हाल रहे तो यहां के लोग कैसे जिंदा रहेंगे, यह समझने वाली बात है।

# कोयल रिवर फ्रंट से अपनी विफलताओं को छुपा रही मेयर : दीपक तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झामुमो नेता दीपक तिवारी में मेदिनीनगर नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर पर कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन करा अपनी विफलताओं को छुपाने का आरोप लगाया है। तिवारी ने कहा है कि कोयल रिवर फ्रंट का अभी निर्माण पूरा नहीं हुआ था और उद्घाटन कर दिया गया। मेदिनीनगर शहर की सबसे बड़ी समस्या जल संकट है। इस समस्या के समाधान के लिए 5 साल में मेयर ने कुछ नहीं किया है। स्थिति जहां 5 साल पहले थी वहीं पर है। तिवारी ने कहा है कि कोयल रिवर फ्रंट के उद्घाटन के नाम पर लाखों सरकारी रुपयों की फिजूलखर्ची की गई है।कोयल रिवर फ्रंट दिखाकर मेयर अपने पांच वर्षों के निकम्मेपन और काम के नाम पर हुई भारी लूट को छिपाना चाहती हैं। तिवारी ने कहा कि निगम छेत्र में कहीं भी कोई खेल का मैदान नही है।जिससे यहां के खिलाड़ियों को



अपने प्रतिभा को निखारने के अवसर नही मिल पाता।बेलवाटिकर में गांधी मैदान के रूप में एक खेल का मैदान भी था।इस पर भी मेयर को तरस नही आया।पार्क बनाने के नाम पर गांधी मैदान भी कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया।दीपक तिवारी ने कहा कि उपायुक्त आवास,जिला न्यायालय के बाहर और अपने आवास के सामने सौंदर्यीकरण को ही मेयर अगर विकास मानती है तो निगम का काफी विकास हुआ है।दीपक ने कहा कि जिस फेवर ब्लॉक का इस्तेमाल साधारणतः सड़कों के किनारे या पार्किंग निर्माण,घर या दफ्तर के बाहरी हिस्से को सुंदर बनाने के लिये किया जाता है। उस जेवर ब्लॉक से मेयर साहिबा ने सड़कें तक बनवा डाली।दीपक ने कहा कि जेवर ब्लॉक के इस्तेमाल पर जोर देने की मेयर की मंशा से यह महशुस होता है कि जेवर ब्लॉक निर्माता कंपनी और निगम के बीच कोई गुप्त गठबंधन है,जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ लेना है।दीपक ने कहा कि पांच वर्षों में मेयर मेदिनीनगर को मुम्बई बनाने का सपना तो दिखा रही हैं,लेकिन सच्चाई यही है कि आज भी निगम की जनता को शुद्ध पेयजल नसीब नही हुआ।अब जब मेयर साहिबा का कार्यकाल कुछ दिन ही बचा है तो कोयल रिवर फ्रंट दिखाकर विकास का झूठा ढिंढोरा पिट रही हैं।कोयल रिवर फ्रंट के कार्यों में कोयल का बालू इस्तमाल कर दूसरे आपूर्तिकर्ता के नाम का चालान जमा कर बिल निकल लिया गया।दीपक तिवारी ने कहा की निगम की जनता पांच वर्षों में मेयर की सच्चाई जान चुकी है।मेयर लाख झूठ का बिन बजाती रहे।इस बार जनता सबक सिखा के रहेगी।इस बार रघुबर दास की भ्रस्ट सरकार नही है।हेमंत सोरेन की नए झारखंड निर्माण के लिये संकल्पित सोच वाली सरकार है।इस बार चुनाव पैसों और शक्ति से नही,साफ नियत और वादा पूरा करने की इच्छाशक्ति के बल पर लड़ा जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने कहा, भारत-जापान से बढ़ेगा जुड़ाव

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को रक्षा सामरिक समीक्षा के रूप में अपनी नयी रक्षा नीति जारी की है। इसमें चीन से दूरी नहीं बनाने के साथ भारत व जापान से जुड़ाव बढ़ाने की बात भी कही गयी है।ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा सामरिक समीक्षा का सार्वजनिक संस्करण जारी करते हुए विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में रक्षा सहयोग कार्यक्रम को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

# मोहम्मद शहाबुद्दीन बने बांग्लादेश के 22 वें राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**ढाका।** पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति बने हैं। बंग भवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में सोमवार को उन्हें स्पीकर ने राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के अलावा, राजनेता, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन को बांग्लादेश का नया राष्ट्रपति फरवरी में चुन लिया गया था। 74 वर्षीय शहाबुद्दीन निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। संसद में पूर्ण बहुमत रखने वाली अवामी लीग पार्टी ने शहाबुद्दीन को शीर्ष पद के लिए नामित किया था। संसद में विपक्षी पार्टी ने देश के सर्वोच्च पद के लिए किसी को नामित नहीं किया था, ऐसे में शहाबुद्दीन के निर्विरोध चयन का रास्ता साफ हो गया था।इसके बाद बांग्लादेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने फरवरी में जमा किए गए उनके नामांकन पत्र की जांच के बाद शहाबुद्दीन के निर्विरोध राष्ट्रपति चुने जाने की घोषणा की थी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने नए राष्ट्रपति की नियुक्ति को लेकर गजट भी जारी कर दिया था। निवर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद का कार्यकाल रविवार को समाप्त हो गया था। इसके बाद सोमवार को स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने मोहम्मद शहाबुद्दीन को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति पद के शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।